02 जनवरी, 2025
पौष, शुक्ल पक्ष, तृतीया
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण


www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 75




## मुख्यमंत्री ने खरसावां गोलीकांड के वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

# शहीद और शहादत स्थल हमारे मार्गदर्शक बने रहेंगे: हेमंत सोरेन

- आदिवासी समुदाय के हक-अधिकार के प्रति संघर्ष और शहादत का प्रतीक है खरसावां शहीद स्मारक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खरसावां।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज वर्ष का पहला दिन है। वर्ष के पहले दिन खरसावां गोलीकांड के अमर वीर शहीदों के सम्मान में खरसावां स्थित शहीद स्मारक में माल्यार्पण कर उन्हें अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। हर वर्ष की भांति एक बार फिर आज यहां हम सभी एकत्र हुए हैं और आगे भी एकत्रित होते रहेंगे। यह दिन खरसावां गोलीकांड के अमर वीर शहीदों के प्रति सम्मान और आदर के साथ उनके दिखाये पथ पर आगे बढ़ने के संकल्प लेने का दिन है। मुख्यमंत्री ने बुधवार को खरसावां गोलीकांड की 77वीं बरसी पर बोल रहे थे। इससे पहले उन्होंने सरायकेला-खरसावां जिला के खरसावां स्थित शहीद पार्क में शहीद स्मारक (शहीद वेदी) और वीर शहीद केरसे मुंडा चौक के शहीद स्मृति चिन्ह पर माल्यार्पण कर अमर वीर शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।



### शहादत और संघर्ष की पहचान है यह शहीद स्थल

मुख्यमंत्री ने कहा कि खरसावां का शहीद स्मारक आदिवासी समुदाय के हक-अधिकार को लेकर किये गये संघर्ष और शहादत का प्रतीक है। हमारे आदिवासियों और मूलवासियों का जीवन हमेशा से संघर्षमय रहा है। इन्हीं के संघर्ष और शहादत की वजह से ही आज हमारी पहचान है। हमारे ये शहीद स्थल सदैव हमारे मार्गदर्शक रहेंगे।

### आदिवासियों का प्रकृति से रहा है गहरा जुड़ाव

हेमंत ने कहा कि आदिवासी समुदाय का हमेशा से प्रकृति के साथ गहरा जुड़ाव रहा है। जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए वे शुरू से संघर्ष करते रहे हैं। आज अगर प्रकृति के प्रति लगाव को लेकर आदिवासी समुदाय के पद चिन्हों पर चलते हुए उसका अनुसरण कर रहे होते, तो प्राकृतिक आपदाओं तथा पर्यावरण संरक्षण की खातिर इतनी जद्दोजेहद नहीं करनी पड़ती।

**शहीद स्मारक का पूर्ण रूपेण होगा विकास :** मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार खरसावां गोलीकांड के शहीदों के सम्मान में निर्मित शहीद स्मारक के पूर्ण रूपेण विकास को लेकर प्रतिबद्ध है। मंत्री, विधायक और उपायुक्त के साथ बैठक में उन्होंने यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं के विस्तार के साथ विकास की नयी योजनाओं का विस्तृत कार्य योजना बनाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह खरसावां शहीद स्मारक को विश्व पटल पर एक अलग पहचान दिलायेंगे, ताकि आने वाली वाली पीढ़ी अपने इन वीर शहीदों से भली-भांति वाकिफ रहे और उनके बताये राह पर आगे बढ़ें।

**इस मौके पर थे मौजूद:** इस मौके पर मंत्री दीपक बिरुवा, मंत्री रामदास सोरेन, सांसद जोबा मांझी, विधायक कल्पना सोरेन, दशरथ गगराई, सुखराम उरांव, सविता महतो एवं विधायक जगत मांझी समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। सभी ने शहीद स्थल को नमन कर अमर वीर शहीदों को सुमन-अर्पित किया।

## केंद्रीय कैबिनेट ने उर्वरक पर सब्सिडी दी

# डीएपी खाद का 50 किलो का बैग 1350 रुपये में मिलता रहेगा

- फसल बीमा का बजट बढ़ाकर 69516 करोड़ किया किया
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा, नये साल में केंद्र सरकार का पहला फैसला किसानों को समर्पित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** कैबिनेट ने डीएपी खाद बनाने वाली कंपनियों को 3850 करोड़ की सब्सिडी देने का एलान किया है। केंद्र सरकार ने साल के पहले दिन किसानों के लिए बड़े फैसले किये हैं। बुधवार को हुई बैठक में कैबिनेट ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और मौसम आधारित फसल बीमा योजना को 2025-26 तक जारी रखने को मंजूरी दे दी है। इसी के साथ उर्वरक पर सब्सिडी जारी रहेगी। डीएपी खाद का 50 किलोग्राम का बैग पहले की तरह 1350 रुपये का मिलता रहेगा। कैबिनेट ने डीएपी खाद बनाने वाली कंपनियों को 3850 करोड़ की अतिरिक्त सब्सिडी देने का पैसला लिया। फसल बीमा योजना का आवंटन बढ़ाकर 69516 करोड़ रुपये कर दिया गया है। कैबिनेट की बैठक के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर इस बारे में पोस्ट किया। उन्होंने लिखा उन्होंने लिखा नये साल में सरकार का पहला फैसला किसानों को समर्पित है।



### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना 2026 तक बढ़ायी गयी

प्रधानमंत्री ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा किसानों को सस्ती दर पर डीएपी उर्वरक की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एकमुश्त विशेष पैकेज को 3,850 करोड़ रुपये तक बढ़ाने के फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि इससे किसानों को सस्ती कीमत पर डीएपी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। मंत्रिमंडल के इस फैसले से किसानों को डाय-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) की 50 किलो वजन की एक बोरी 1,350 रुपये में मिल सकेगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वर्ष 2021-22 से लेकर वर्ष 2025-26 तक कुल 69,515.71 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना को 2025-26 तक जारी रखने की मंजूरी दे दी। इस निर्णय से 2025-26 तक देश भर के किसानों को नहीं रोके जा सकने योग्य प्राकृतिक आपदाओं से फसलों के जोखिम कवरेज में मदद मिलेगी।

**प्रधानमंत्री ने फैसले पर खुशी जाहिर की :** प्रधानमंत्री ने लिखा कि केंद्र सरकार किसानों के कल्याण को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। नये वर्ष का पहला निर्णय हमारे देश के करोड़ों किसान भाई-बहनों को समर्पित है। हमने फसल बीमा के लिए आवंटन बढ़ाने को मंजूरी दी है। इससे जहां अन्नदाताओं की फसलों को और ज्यादा सुरक्षा मिलेगी, वहीं नुकसान की चिंता भी कम होगी। हमें अपने सभी किसान बहनों और भाइयों पर गर्व है जो हमारे राष्ट्र का पेट भरने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। 2025 का पहला, मंत्रिमंडल का फैसला हमारे किसानों की समृद्धि बढ़ाने के लिए समर्पित है। मुझे खुशी है कि इस संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये हैं।

## न्यूज रील्स

### महाराष्ट्र में 11 नक्सलियों ने सीएम फड़णवीस के सामने सरेंडर किया

मुंबई। महराष्ट्र के गढ़चिरौली पुलिस मुख्यालय में बुधवार को 11 नक्सलियों ने मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस के सामने सरेंडर किया। इनमें कमांडर तारक्का सिदाम भी शामिल है। फड़णवीस ने कहा कि राज्य नक्सलवाद से मुक्त होने की दिशा में बढ़ रहा है। नक्सली सरेंडर कर रहे हैं और नये लोग नक्सली नहीं बन रहे हैं।

### जैश-ए-मोहम्मद के चार सहयोगी गिरफ्तार

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के अवंतीपोरा में जैश-ए-मोहम्मद आतंकियों चार सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें त्राल पाईन के रहने वाले फिरदौस राथर, मुदस्सिर अहमद, कुचमुल्ला का रहने वाला उमर नजीर शेख और कौंसरबल त्राल का रहने वाला सलमान नजीर लोन शामिल है। ये लोग आतंकियों हथियार औ रसद पहुंचाते थे।

### महाराष्ट्र में 16 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

मुंबई। महाराष्ट्र पुलिस ने मुंबई, ठाणे और राज्य के तीन अन्य जिलों में अवैध रूप से रह रहे 16 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इन सभी ने जाली दस्तावेजों का उपयोग करके आधार कार्ड बनवाये थे।

### वैष्णो देवी मंदिर में दर्शन करने पहुंचे 94.8 लाख श्रद्धालु

बेष्णोदेवी। वैष्णो देवी में 2024 में 94.83 लाख श्रद्धालु मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे। यह जानकारी वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के सीइओ ने दी। उन्होंने कहा कि वैष्णो देवी मंदिर ने एक दशक में तीर्थयात्रियों की यह दूसरी सबसे बड़ी संख्या है। लगातार तीसरे साल मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 90 लाख को पार कर गयी है। पिछले साल यह संख्या 95 लाख पार की थी।

# मुंबई हमले का आरोपी तहव्वुर राणा भारत लाया जायेगा

- अमेरिका ने आतंकी के प्रत्यर्पण की मंजूरी दी
- हेडली के साथ मिल कर रची थी हमले की साजिश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** मुंबई हमले (26/11) के आरोपी तहव्वुर राणा को जल्द भारत लाया जा सकता है। अमेरिकी अदालत ने भारत-अमेरिका प्रत्यर्पण संधि के तहत राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक राणा को राजनयिक चैनल के जरिये भारत लाने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। तहव्वुर राणा को 2009 में एफबीआइ ने गिरफ्तार किया था। 15 अगस्त 2024 को राणा ने प्रत्यर्पण के फैसले के खिलाफ अपील की थी, जिसे डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने खारिज कर दिया था। अमेरिकी अदालत ने अपने फैसले में कहा था कि दोनों देशों के बीच प्रत्यर्पण संधि के तहत उसे भारत भेजा जा सकता है। मुंबई हमले की 405 पन्नों की चार्जशीट में राणा का नाम भी आरोपी के तौर पर दर्ज है। इसके मुताबिक राणा आइएसआइ और लश्कर-ए-तैयबा का सदस्य है। चार्जशीट के मुताबिक राणा हमले के मास्टरमाइंड मुख्य आरोपी डेविड कोलमैन हेडली की मदद कर रहा था। 26 नवंबर 2008 को मुंबई में लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकियों ने हमले किये थे। उनमें 166 लोग मारे गये और 300 घायल हुए थे। मरने वालों में कुछ अमेरिकी नागरिक भी थे। मुठभेड़ में पुलिस ने नौ आतंकियों को मार गिराया और अजमल कसाब को गिरफ्तार किया था। 2012 में उसे फांसी दे दी गयी।



# हजारीबाग में कुआं में डूबने से पांच की मौत

- एक को बचाने के क्रम में गयी अन्य की जान
- नये साल के जश्न की जगह इलाके में पसरा मातम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के चरही में दिल दहलाने वाली घटना घटी है। पांच लोगों की मौत कुआं में डूबने से हो गयी। सभी का शव पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया है। घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है।

घटना हजारीबाग के चुरचू प्रखंड के ग्राम सरबहा में हुई। पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के कारण यह घटना घटी है। बताया जाता है कि किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच में विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ गया कि पति अपनी मोटरसाइकिल लेकर कुएं में ही छलांग लगा दी। आसपास उसके दोस्त उसे बचाने के लिए कुएं में उतरे और सभी की मौत हो गयी। पीड़ित परिवार ने बताया कि पहले दो लोग कुआं में उतरे। लोगों ने जब उन दोनों को डूबते हुए देखा, तो दो अन्य व्यक्ति भी कुआं में उतर गये। उनकी भी मौत हो गयी, जिससे कुल पांच लोग डूबने से मौत हुई है। इसकी सूचना पुलिस को मिली, तो वह घटनास्थल पर पहुंची और शवों को कुएं से बाहर निकाला। बताया जाता है कि दो घंटे से अधिक समय तक मशक्कत करने के बाद कुआं से पानी निकालने के बाद ही शवों को बाहर निकाला जा सका।

पीड़ित परिवार के परिजन ने बताया कि सुंदर करमाली और रूपा करमाली के बीच में विवाद हुआ था। सुंदर करमाली ने अपनी मोटरसाइकिल के साथ कुएं में छलांग लगा दी। उसे बचाने के लिए सूरज और राहुल करमाली कुएं में उतर गये। उन्हें डूबते देख दो सहोदर भाई विनय करमाली और पंकज करमाली कुएं में उतर गये, जिससे सभी की मौत हुई।



# महाकुंभ में धमाके और एक हजार हिंदुओं को मारने की धमकी

## सोशल मीडिया पर नसर पठान के नाम से पोस्ट किया गया है

- पोस्ट करने वाले युवक की तलाश कर रही हैं सुरक्षा एजेंसियां

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**प्रयागराज।** महाकुंभ में बम धमाका करने की धमकी मिली है। सोशल मीडिया पर नसर पठान नाम की आइडी से यह धमकी दी गयी है। इसमें लिखा है कि ऑल ऑफ यू, तुम सब अपराधी हो। महाकुंभ में बम ब्लास्ट करेंगे। 1000 हिंदुओं को मारेंगे। विपिन गौर नाम के युवक ने पोस्ट को 31 दिसंबर को डायल-112 यूपी पुलिस को टैग करते हुए री-ट्वीट किया। स्क्रीन शॉट भी शेयर किया। इसके बाद पुलिस सक्रिय हुई। प्रयागराज पुलिस कमिश्नर और सुरक्षा एजेंसियों को जानकारी भेजी गयी। पुलिस अब पोस्ट करने वाले शख्स को तलाश रही है। इससे पहले, 24 दिसंबर को खालिस्तानी आतंकी पन्नू ने महाकुंभ में हमले की धमकी दी थी। गौरतलब है कि 13 जनवरी से शुरू हो रहा महाकुंभ 26 फरवरी तक चलेगा। इसमें करीब 50 करोड़ लोगों के आने की उम्मीद है।



### धमकी देने वाले ने बायो में लिखा, मुस्लिम होने पर गर्व

धमकी भरी पोस्ट जिस आइडी से की गयी, उसके बायो में लिखा है, मुझे मुस्लिम होने पर गर्व है। कट्टर मुस्लिम। पुलिस उस नंबर और ई-मेल की डिटेल ले रही है, जिससे आइडी बनायी गयी है। मामले में लखनऊ के यूपी-112 मुख्यालय के ऑपरेशन कमांडर अरविंद कुमार नैन ने पत्र जारी किया। उन्होंने लखनऊ के पुलिस महानिदेशक अभिसूचना, अपर पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था, अपर पुलिस महानिदेशक सुरक्षा, अपर पुलिस महानिदेशक एटीएस और एसएसपी कुंभ को पत्र भेजा है। मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW
सर्राफा
सोना (बिक्री) 71,700 रु./10 ग्राम
चांदी 90,000 रु./प्रति किलो


# साल 2025 में पैदा हुए बच्चे जेन बीटा कहलायेंगे

## ■ टेक्नोलॉजी सोसाइटी और कल्चर में बड़े बदलाव लायेगी ये जेनेरशन

## ■ एडवांस्ड तो होंगे लेकिन चुनौतियां भी बहुत होंगी

आजाद सिपाही विशेष

**साल 2025 का आगमन हो चूका है। इसी के साथ एक नयी पीढ़ी की शुरुआत हो चुकी है। आपने जेन जी और अल्फा जनरेशन के बारे में तो सुना ही होगा। लेकिन अब हम नये साल में एक नयी पीढ़ी देखने जा रहे हैं, जिसे जनरेशन बीटा के नाम से जाना जायेगा। यानी जो बच्चे 2025 में पैदा होंगे, वे जनरेशन बीटा कहलायेंगे। जाहिर तौर पर यह जनरेशन अब तक की सबसे स्मार्ट और एडवांस जनरेशन होगी। क्योंकि ये बच्चे ऐसे युग में पैदा होंगे, जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स और वर्चुअल रियलिटी जैसी टेक्नोलॉजी मौजूद होगी। आखिर क्या है जनरेशन बीटा और क्या है बच्चे के जन्म से इसका संबंध बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवादाता राहुल सिंह।**


राहुल सिंह

### मिलेनियल्स, जेन जी, जेन अल्फा के बाद अब जेन बीटा

मिलेनियल्स और जेन जी जैसे शब्दों के बारे में तो आपने अब तक खूब सुना होगा। ये शब्द अलग-अलग पीढ़ियों के लोगों को दशार्ते हैं। ऐसे में, अब एक नयी पीढ़ी आ रही है जिसे जेन बीटा कहा जा रहा है। ये वे लोग हैं जो 2025 से 2039 के बीच पैदा होंगे। जेन बीटा के पहले जेन अल्फा (2010-2024 में पैदा हुए) और उसके पहले जेन जेड (1997-2012 में पैदा हुए) आये थे। ये नाम देने का एक तरीका है। जैसे-जैसे समय बदलता है, नयी पीढ़ी आती है और उन्हें अलग नाम दिये जाते हैं। जेन अल्फा से शुरू करके, लोगों ने ग्रीक वर्णमाला के अक्षरों का इस्तेमाल करके इन पीढ़ियों के नाम रखने शुरू किये। तो जेन अल्फा के बाद जेन बीटा आया और आगे भी इसी तरह के नाम दिये जायेंगे।

### नये युग की शुरुआत

साल 2025 से पैदा होने वाली पीढ़ी जनरेशन बीटा कहा जा रहा है। यह नाम इसलिए रखा गया है क्योंकि इससे पहले वाली जनरेशन का नाम अल्फा था। सोशल रिर्सर्चर मार्क मैकक्रिंडल के अनुसार, यह पीढ़ियों के नामकरण का एक तरीका है। इससे यह पता चलता है कि इतिहास में एक नये युग की शुरुआत होने जा रही है।



एक्सपर्ट का कहना है कि इस दौर में पैदा होने वाले बच्चे बहुत भाग्यशाली होंगे। क्योंकि वे 22वीं शताब्दी को देख पाएंगे। ऐसा मौका हर बच्चे को नहीं मिलता। ये लोग बहुत किस्मत वाले होते हैं। मार्क मैकक्रिंडल का अनुमान है कि 2035 तक पूरी दुनिया की 16 प्रतिशत आबादी जनरेशन बीटा की ही होगी। यह पीढ़ी टेक्नोलॉजी सोसाइटी और कल्चर में कई बड़े और महत्वपूर्ण बदलाव लायेगी। अनुमान है कि इस नयी जनरेशन के बच्चे बड़े होकर ऐसा जीवन जियेंगे, जहां न केवल गाड़ियां खुद चलेंगी, बल्कि सेहत का ध्यान रखने के लिए भी टेक्नोलॉजी का ही सहारा लिया जायेगा। कुल मिलाकर इस युग के बच्चे कंप्यूटर से बनी दुनिया में घूमेंगे।

### जनरेशन बीटा के बच्चों के लिए कई चुनौतियां

एक्सपर्ट मानते हैं कि तकनीकों का युग जनरेशन बीटा के बच्चों के लिए कई चुनौतियां भी लेकर आयेगा। इनसे निपटने के लिए बच्चों को न केवल मिलनसार बल्कि होशियार भी बनना पड़ेगा। इतना ही नहीं, बच्चों को नये बदलावों के साथ खुद को ढालना भी जल्द सीखना होगा। जेन बीटा यानी 2025 में जन्मे बच्चे, एक ऐसी दुनिया में पलेंगे जहां हर चीज एक क्लिक दूर होगी। उनके पास हर तरह की टेक्नोलॉजी होगी, जैसे स्मार्टफोन, कंप्यूटर और रोबोट, लेकिन साथ ही उन्हें कई बड़ी समस्याओं का भी सामना करना पड़ेगा। जैसे कि धरती का तापमान बढ़ना, शहरों का बहुत बड़ा होना और दुनियाभर में लोगों की जनसंख्या बढ़ना। इन समस्याओं से निपटने के लिए जेन बीटा को बहुत होशियार और मिलनसार होना होगा। उन्हें इन बदलावों के साथ खुद को ढालना सीखना होगा और दूसरों की मदद करना भी सीखना होगा। यानी जेन बीटा के पास बहुत सारी सुविधाएं होंगी, लेकिन उन्हें कई चुनौतियों का भी सामना करना होगा। उन्हें इन चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार रहना होगा।

---

## आइपीएस अफसरों को मिला प्रमोशन

# साल के पहले दिन डीजीपी ने लगाया बैच

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के आइपीएस अधिकारियों को प्रमोशन मिलने के बाद साल के पहले ही दिन झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता के द्वारा बैच लगा कर उन्हें सम्मानित किया गया है। 31 दिसंबर 2024 को झारखंड पुलिस के 9 आइपीएस अधिकारियों को प्रमोशन मिला था। साल के पहले दिन झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता के द्वारा नव प्रोन्नत पुलिस महानिरीक्षक अनूप बिरथरे, पटेल मयूर कन्हैया लाल, पुलिस उप-महानिरीक्षक चंदन कुमार झा और पुलिस उप महानिरीक्षक अनुरंजन किस्पोट्टा को बैच लगाकर सम्मानित किया गया।

**मंगलवार को मिला था प्रमोशन:** आपको बता दे की मंगलवार को राज्य सरकार ने 9 आइपीएस में से तीन को आईजी रैंक जबकि छह को डीआईजी रैंक में प्रमोशन दिया था। रांची के डीआइजी अनूप बिरथरे को आइजी रैंक में प्रोन्नति के बाद झारखंड एसटीएफ में आइजी बनाया गया है। वहीं हजारीबाग के डीआइजी सुनील भास्कर को पलामू आइजी के पद पर पदस्थापित किया गया है। प्रोन्नति के बाद जैप के डीआइजी पटेल मयूर कन्हैयालाल को आइजी मानवाधिकार के पद पर पदस्थापित किया गया है।

**इन अधिकारियों का भी हुआ है तबादला :** राज्य सरकार ने पलामू आइजी नरेंद्र कुमार सिंह को आइजी रेल, विशेष शाखा के डीआइजी कार्तिक एस को डीआइजी जैप, दुमका डीआइजी संजीव कुमार को डीआइजी हजारीबाग के पद पर पदस्थापित किया है।



### रांची एसएसपी और देवघर एसपी को प्रोन्नति

वहीं, राज्य सरकार के द्वारा डीआईजी रैंक में छह अधिकारियों को प्रोन्नति दी गयी है। देवघर के एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग को डीआइजी रैंक में प्रोन्नति मिली है, लेकिन उनकी तैनाती तक देवघर एसपी के पद को डीआइजी रैंक में उत्क्रमित किया गया है। रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा भी डीआइजी रैंक में प्रोन्नत हुए हैं। उनकी प्रोन्नति के बाद रांची एसएसपी के पद को उत्क्रमित किया गया है। डीआइजी रैंक में प्रोन्नत होने वाले आइपीएस चंदन झा को डीआइजी एसआइबी, प्रियदर्शी आलोक को डीआइजी रेल, अनुरंजन किस्पोट्टा को डीआइजी स्पेशल ब्रांच, अंबर लकड़ा को डीआइजी दुमका के पद पर पदस्थापित किया गया है।

---

# कोल इंडिया रांची मैराथन 2025: तीसरे संस्करण की वेबसाइट लांच

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने कोल इंडिया रांची मैराथन के तीसरे संस्करण की आधिकारिक वेबसाइट को आमजनों के लिए प्रस्तुत किया है, जो इस प्रतिष्ठित आयोजन की तैयारियों और इसे सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। इस वेबसाइट का उद्देश्य स्वास्थ्य, तंदुरुस्ती और सामुदायिक एकजुटता को प्रोत्साहित करना है। साथ ही इस आयोजन से जुड़े हर पहलू की विस्तृत जानकारी प्रदान करना है।

इस वेबसाइट का शुभारंभ सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने बड़े उत्साह के साथ किया। इस विशेष अवसर पर उनके साथ सीसीएल के निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) हरीश दूहन, मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) पंकज कुमार एवं वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। वेबसाइट के लॉन्च के बाद,




सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने मीडिया को संबोधित करते हुए मैराथन के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सीसीएल कोयला उत्पादन में अपनी उत्कृष्टता के साथ-साथ समाज और समुदाय के कल्याण के लिए भी कई सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने इस आयोजन को स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने और समुदाय के बीच जागरूकता फैलाने के लिए एक अद्भुत मंच बताया। यह मैराथन 9 फरवरी 2025 को आयोजित की जायेगी और इसे पिछले दो संस्करणों की अपार सफलता के आधार पर और भी व्यापक और आकर्षक बनाने की योजना है।

पिछले संस्करणों ने हजारों धावकों को आकर्षित किया और स्वास्थ्य व तंदुरुस्ती को बढ़ावा देने के साथ-साथ एकता और सहयोग की भावना को भी सुदृढ़ किया। इन सफल आयोजनों ने सीसीएल को इस वर्ष इसे और भव्य तरीके से आयोजित करने के लिए प्रेरित किया है।

गौरतलब है कि इस बार की मैराथन को एथलेटिक फेडरेशन ऑफ इंडिया (AFI) के साथ पंजीकृत किया गया है और इसका रूट एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन एंड डिस्टेंस रेस (AIMS) द्वारा प्रमाणित है। यह आयोजन न केवल पेशेवर धावकों के लिए बल्कि आम नागरिकों के लिए भी एक खास अवसर है।

तीन प्रमुख श्रेणियों में आयोजित इस मैराथन में फुल मैराथन (42 किमी), हाफ मैराथन (21 किमी) और 10 किमी दौड़ शामिल हैं। हर श्रेणी के विजेताओं के लिए आकर्षक नकद पुरस्कार रखे गये हैं। फुल मैराथन के शीर्ष विजेताओं को ?3.30 लाख, हाफ मैराथन के विजेताओं को 2.20 लाख रुपये और 10 किमी दौड़ के विजेताओं को 1.10 लाख रुपये का पुरस्कार मिलेगा। कुल मिलाकर 35.10 लाख रुपये की पुरस्कार राशि शीर्ष प्रतिभागियों में वितरित की जायेगी।

वेबसाइट को नवीनतम तकनीक और उपयोगकर्ता अनुभव को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। इसमें पंजीकरण पोर्टल, मैराथन रूट की जानकारी, कार्यक्रम का विवरण और दिशा-निर्देश शामिल हैं। बता दें कि इस वेबसाइट को इन हाऊस सीसीएल के प्रणाली विभाग के अभियन्ताओं ने तैयार किया है।

यह आयोजन केवल एक दौड़ प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि यह लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के संदेश को प्रसारित करने का अवसर भी है। यह आयोजन सीसीएल की नवाचार और उत्कृष्टता की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इस अद्वितीय आयोजन का हिस्सा बनने के इच्छुक सभी लोग https://centralcoalfields.in/cil-ranchimarathon/ पर जाकर पंजीकरण कर सकते हैं।

---

# झारखंड में ठिठुरन भरा है साल का पहला दिन

■ उत्तर-पश्चिम की पहाड़ी हवा ने बढ़ाई ठंड

■ रांची का तापमान 5 डिग्री सेल्सियस गिरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में साल का पहला दिन ठिठुरन भरा है। कुहासे और सर्द हवा के साथ दिन की शुरुआत हुई है। हालांकि मौसम विभाग का पूवार्नुमान है कि दिन चढ़ने के साथ सूरज भी निकलेगा। इससे तापमान में थोड़ा बदलाव आयेगा। कुहासे के बीच आज राजधानी रांची का तापमान 9 डिग्री सेल्सियस पहुंचा हुआ है। सोमवार से बुधवार तक रांची के तापमान में 5 से 6 डिग्री तक गिरा है।

मौसम विभाग का कहना है कि राज्य में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर खत्म हो गया है। इसी बीच उत्तर-पश्चिम की ओर से आ रही पहाड़ी हवाओं ने राज्य में ठिठुरन बढ़ा दी है। हवाओं की रफ्तार भी तेज है। ऐसे में इस ठंडी हवा की वजह से न्यूनतम तापमान वर्तमान से और कम होगा।



अभी ठंड से नहीं मिलेगी राहत

पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का असर झारखंड में अभी देखने को मिलेगा। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार साल के अंतिम दिन मंगलवार को रांची सहित राज्य के कई जिलों के न्यूनतम तापमान में 5 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गयी। न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के नीचे पहुंच गया। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 24 घंटे के दौरान न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री की गिरावट आयेगी। अगले चार दिन मौसम का मिजाज ऐसा ही रहेगा। अधिकतर जिलों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहेगा। इस दौरान सुबह में कोहरा छाया रहेगा।

### पांच जनवरी से फिर छाएंगे बादल

**मौसम विभाग का पूवार्नुमान है कि चार-पांच जनवरी तक मौसम साफ रहने वाला है। सुबह में धुंध तथा कोहरा छाया रह सकता है। पांच जनवरी से मौसम में एक बार फिर बदलाव देखने को मिलेगा। राज्य के कुछ हिस्सों में बादल छाए रह सकते हैं। आंशिक बादल का असर तापमान पर दिख सकता है। बादलों की वजह से न्यूनतम तापमान में थोड़ी बढ़ोत्तरी हो सकती है। न्यूनतम तापमान बढ़ कर 10 डिग्री सेल्सियस के ऊपर जा सकता है।**

---

# अर्जुन मुंडा ने खरसावां गोलीकांड के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा बुधवार को खरसावां शहीद स्थल पहुंचे। उन्होंने गोलीकांड के शहीदों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि पवित्र शहीद स्थल आज भी शहीदों की वीर गाथाओं को बयां कर रहा है। वर्षों पूर्व जिस उद्देश्य को लेकर लोगों ने अपनी कुबार्नी यहां दी, उसकी कीमत आज के जनमानस को समझना होगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि इस शहीद स्थल पर शीश झुकाने वाले सभी लोगों का स्वागत होना चाहिए। स्थल की पवित्रता सदा बनी रहनी चाहिए, क्योंकि इस शहीद स्थल से लोगों को जीवन जीने की प्रेरणा भी मिलती है।



**राष्ट्रीय शोक का नहीं रखा ख्याल :** शहीद स्थल श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शिरकत करने के दौरान अर्जुन मुंडा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर सात दिवसीय राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया है, लेकिन सरायकेला जिला प्रशासन को इसकी चिंता नहीं है। अर्जुन मुंडा ने कहा कि शहीद स्थल के पास पार्टी के झंडे, बधाई संदेश, बैनर-पोस्टर सुसज्जित है, जो राष्ट्रीय शोक के विरुद्ध है। श्रद्धांजलि देने के दौरान अर्जुन मुंडा के साथ उनकी पत्नी मीरा मुंडा, भाजपा नेता जेबी तुबिद, जिला अध्यक्ष उदय सिंह देव, मंगल सिंह सोय, विजय महतो, संजय सरदार मौजूद रहे।

---

# बना रहेगा जन सरोकार और जनमुद्दों पर रहूंगा मुखर : डॉ लंबोदर महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव एवं पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने राज्य भर के लोगों को नये वर्ष की बधाई व शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि नये साल में हमारा जन सरोकार बना रहेगा। राज्य हित एवं जनहित में हमारी सक्रियता बनी रहेगी। लोगों के सुख-दुख का साथी बना रहूंगा। घर-घर से हमारा जुड़ाव बना रहे, इसको लेकर हमारा निरंतर प्रयास रहेगा।



गोमिया विधानसभा क्षेत्र की जनता से हमारा अपना पन बना रहेगा। क्षेत्र व क्षेत्र में रहने वाले लोगों का कल्याण हो, उन्नति, तरक्की एवं प्रगति हो, इसको लेकर भी हम निरंतर प्रयासरत रहेंगे। नये साल में क्षेत्र विकास के मामले में आगे रहे, इसमें हमारी सकारात्मक भूमिका रहेगी। राज्य व क्षेत्र से जुड़े विषयों पर भी हमारी मुखरता बनी रहेगी। नये साल में लोग विकास परक सोच के साथ आगे बढ़े, सकारात्मक एवं सार्थक जनहित के कार्यों में भागीदारी निभाये, शांति और सद्भाव का वातावरण बना रहे, यह हमारी कामना रहेगी।





**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 20.4 °c | 8.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.13 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 06.31 बजे | |


आजाद सिपाही

रांची, गुरुवार, 02 जनवरी, 2025

www.azadsipahi.in




# राज्यपाल संतोष गंगवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दी नववर्ष की शुभकामनाएं

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** साल 2025 का दुनियाभर में दिल खो लकर स्वागत किया जा रहा है। इस मौके पर झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य वासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल संतोष गंगवार ने अपने संदेश में कहा है कि 'नववर्ष आप सभी के जीवन में नयी ऊर्जा, अपार खुशियां, सफलता और समृद्धि लेकर आये, यही मेरी हार्दिक कामना है'।

मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि 'राज्य के अमर वीर शहीदों और महान क्रांतिकारियों के सपनों तथा राज्यवासियों के आकांक्षाओं को साकार करते हुए सोना झारखंड का निर्माण हमें मिल कर करना है। अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक संवेदनशीलता के साथ पहुंच कर हम उन्हें राज्य के सर्वांगीण विकास का हिस्सा बनाने का भी काम करेंगे'।

बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी सह गांडेय विधायक कल्पना सोरेन के साथ राजभवन पहुंचे और राज्यपाल संतोष गंगवार को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने भी मुख्यमंत्री और विधायक कल्पना सोरेन को शुभकामनाएं प्रेषित की। इस मौके पर सीएस हेमंत सोरेन और राज्यपाल के बीच राज्य के ताजा हालात पर भी कुछ देर चर्चा हुई। सीएम हेमंत सोरेन से पहले राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी राजभवन पहुंची और उन्होंने राज्यपाल को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता, राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव नितिन मदन कुलकर्णी और रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने राज्यपाल से भेंट कर नववर्ष की शुभकामनाएं दी।

# हेमंत सरकार के मंत्रियों को बंगला देने की तैयारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के नवनिर्वाचित विधायकों को अब तक रहने के लिए आवास आवंटित नहीं किया गया है। विधायक आवास के लिए फिलहाल सूची ही तैयार हो रही है। अधिकारियों ने बताया की कई विधायक एक ही आवास को लेने के लिए अपनी इच्छा जतायी है, जिस वजह से परेशानी हो रही है। हालांकि, पहले भी जो विधायक रहे थे, वो अभी उस विधायक आवास पर जमे हैं। वहीं कुछ हारे हुए विधायकों को भी आवास में रहने देना है या नहीं इस पर भी फिलहाल मंथन चल रहा है। भवन निर्माण विभाग ने विधायक आवास की पूरी सूची और विधायकों की लिस्ट राजय के मुख्यमंत्री के समक्ष भेजी है। वहीं, इसे अंतिम रूप दिया जायेगा। इधर, राज्य के सभी 11 कैबिनेट मंत्रियों को बंगला देने की तैयारी तेजी से चल रही है। एचइसी स्मार्ट सिटी में बंगला बनकर तैयार है, जिसे फिनिशंग टच दिया जा रहा है। 15 जनवरी तक मंत्रियों का गृह प्रवेश कराने की तैयारी चल रही है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** रोजी-रोजगार में लाभकारी वातावरण रहेगा, भागीदारों में व्याप्त मनमुटाव का निराकरण होगा।

**वृष** जॉब में स्थानातंरण- पदोन्नति होने की संभावना, नवीन कार्य की योजना सफल होगी।

**मिथुन** कहीं से शुभ फल प्राप्त होगा, आर्थिक पक्ष सुदृढ़ बनेगा, मित्रों से सहायता मिलेगी व किसी विशेष इच्छा पूरी होगी।

**कर्क** शत्रु प्रबल होकर हावी होंगे,खर्च पर नियंत्रण रखें अन्यथा कर्ज लेने की नौबत आ सकती है।

**सिंह** राजकीय कार्यो में सफलता मिलेगी, पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी, यात्रा में धन लाभ का योग बन रहा है।

**कन्या** प्रयास व उत्साह से सभी कार्य पूरे होंगे,मेहमानों का आगमन होगा व आप उनकी आवभगत में व्यस्त रहेंगे।

**तुला** सम्पति सम्बन्धी मामलों का निपटारा आपके पक्ष में होगा,कहीं से शुभ समाचार मिलेगा।

**वृश्चिक** नये-नये लोगों से सम्पर्क बनेगा,यश,कीर्ति व मान-सम्मान में बढ़ोत्तरी होगी।

**धनु** आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे,नौकर-चाकर,वाहन व भौतिक ऐश्वर्य के साधनों में वृद्धि होगी।

**मकर** अकस्मात धन लाभ होने की संभावना,आशानुसार कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कुंभ** सरकारी नौकरी करने वालों के पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी,गृह-भूमि-वाहन का सुख।

**मीन** लम्बित कार्य निपटाने में व्यस्तता रहेगी, नौकरी में पदोन्नति के अवसर भी मिल सकता है।

# रांची में नये साल की शुरुआत मंदिर में पूजा-अर्चना से की, पार्कों में उमड़ी भीड़



पहाड़ी मंदिर



मेन रोड काली मंदिर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नव वर्ष 2025 के अवसर पर बुधवार को शहर के आस्था केंद्रों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। नये साल के स्वागत में राजधानी के होटल और क्लब में जहां रात भर लोगों ने जश्न मनाया। वहीं सुबह होते ही लोग की भीड़ मंदिरों में पूजा पाठ के बाद पार्कों में उमड़ पड़ी। सुबह से ही लोगों ने मंदिरों में अपने अपने परिवार के सदस्यों के साथ पहुंच कर पूजा-अर्चना कर दिन की शुरुआत की। इसी के साथ नयी उम्मीद, नये सपने और नये संकल्प के साथ नये साल की शुरुआत हो गयी है। नये साल की शुरुआत अच्छी कर पूरे साल अच्छे गुजरने की कामना को लेकर लोग पहले दिन पूजा-पाठ किया। पहले दिन लोग अपने आसपास के मंदिरों में जाकर पूजा-अर्चना की। मंदिरों के अलावा चर्च में भी विशेष प्रार्थना का आयोजन किया गया। रांची के पहाड़ी मंदिर, चुटिया के सुरेश्वर धाम, मेन रोड के काली मंदिर, हनुमान मंदिर, दुर्गा बाड़ी, रातू रोड के दुर्गा मंदिर सहित अन्य मोहल्लों के मंदिरों में सुबह से ही लोग पहुंच कर पूजा-अर्चना करते देखे गये।

**पहाड़ी मंदिर का पट अहले सुबह चार बजे खुला :** रांची के प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर में सुबह 3:30 बजे सरकारी पूजा शुरू हो गयी। चार बजे भक्तों के लिए पट खोल दिया गया। अरघा सिस्टम से भक्तों ने जलाभिषेक किया। मंदिर के बाहर जल की विशेष व्यवस्था की गयी थी। वॉलेंटियर, जिला प्रशासन और मजिस्ट्रेट की तैनाती की गयी थी। शाम 6:30 बजे बाबा का विशेष श्रृंगार किया गया। इसके बाद आरती और प्रसाद का वितरण किया गया।

**जगन्नाथपुर मंदिर में भी विशेष तैयारी :** जगन्नाथपुर मंदिर में भी श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गयी। इसलिए यहां भी विशेष तैयारी की गयी थी। इस मौके पर भगवान को नये वस्त्र पहनाये गये। फूलों से सज्जा की गयी। मंदिर में बुधवार को सुबह छह बजे आरती की गयी। इसके बाद भक्त भगवान जगन्नाथ का दर्शन किया। दोपहर 12 बजे अन्न भोग लगाया गया। नये साल के पहले दिन को यादगार और खूबसूरत बनाने के लिए लोगों ने कई तरह से इसे सेलिब्रेट भी किया। कोई वाटरफॉल तो कोई पार्क में भी परिवार के साथ पिकनिक मनाने पहुंचा। रांची के सभी पार्कों और टिकट काउंटर में काफी भीड़ थी। कई जगहों पर तो गाड़ी और बाइक लगाने तक की जगह नहीं थी। वहीं कई लोग भीड़ देख कर ही बाहर से ही वापस लौट गये। सभी पार्क के चिल्ड्रेन और झूले एरिया में काफी भीड़ दिखी। एक भी झूला खाली नहीं दिखा। बच्चे संग हर उम्र के लोग मस्ती करते दिखे। रांची के सभी पार्क पूरी तरह से भरे हुए दिखे कहीं भी जगह खाली नहीं दिखी। पूरा पार्क बच्चों और सभी उम्र के लोगों के हंसी ठहाकों से गूंज उठा। पूरे पार्क में तरह-तरह के व्यंजनों के खुशबू फैली हुई थी। बिरसा मुंडा पार्क में सबसे अधिक भीड़ दिखी। वहीं टिकट काउंटर पर भी भारी भीड़ देख कर कई लोग बाहर से ही वापस लौट गये। सुबह से ही पार्को में लोगों की भीड़ उमड़ने लगी थी। रांची में सबसे सुंदर और बड़ा होने के कारण काफी भारी संख्या में लोग पहुंचे। वहीं, राजस्थान से आये दो कलाकारों ने रांची वालों को पांच मिनट का कठपुतली शो भी दिखाया, जिसे देखने के लिए बच्चों से लेकर बूढ़े बुजुर्ग भी काफी उत्साह था। पार्क में कई तरह के झूले भी लगाये गये है, जिनमें ट्रेन, एरोप्लेन, कार, मिक्की माउस टिक, ट्रैम्पोलिन और वाटर बोट थे। पार्क में आये खरगोश और चिड़ियों के पास बच्चों की संख्या अधिक दिखी। पार्क के झूले एरिया में सबसे अधिक भीड़ देखी गयी। फूड कोर्ट में लगे डीजे की धुन पर सभी बच्चे और युवतियां थिरकती हुई दिखीं। सभी लोग परिवार के संग पिकनिक मनाते हुए भी दिखे।

**ऑक्सीजन पार्क :** शहर के बीचों बीच स्थित ऑक्सीजन पार्क में भी काफी भारी संख्या में लोग परिवार के साथ पिकनिक मनाने पहुंचे। वहीं पूरे पार्क तरह - तरह के व्यंजनों के खुशबू से महक उठा था। वहीं लोग पार्क के चारों ओर घास पर बैठ कर परिवार के संग पिकनिक मनाते दिखे। साथ लोग ही इस ठंड में गुनगुनी धूप का आनंद लेते हुए आराम करते दिखे। कई लोग खाली ग्राउंड में बच्चों के साथ बैडमिंटन और क्रिकेट खेलते दिखे। सभी लोग परिवार के साथ बैठकर नये साल के पहले दिन को यादगार बनाते दिखे। वहीं, कई लोग पौधों से बने जानवरों के डिजाइन के साथ फोटो, सेल्फी और वीडियो बनाते दिखे। पार्क की हरियाली लोगों को खूब लुभा रहीं थी। पार्क के चिल्ड्रेन पार्क में बच्चों की सबसे अधिक भीड़ देखी गयी। सभी बच्चे झूला - झूलने के लिए कतारबद्ध खड़े दिखे। पूरा पार्क बच्चों के शोर गुल और हंसी ठहाकों से गूंज उठा।

**सिदो कान्हू पार्क :** सिदो कान्हू पार्क में भी सबसे अधिक भीड़ देखी गयी। पूरा रोड़ गाड़ी और बाइक से पूरी तरह भरा हुआ दिखा। टिकट काउंटर पर भीड़ को देखकर अंदर ही कई लोग बाहर से ही वापस लौट गये। वहीं सिदो कान्हू की खूबसूरती और चारों तरफ लगे रंग - बिरंगे फूल लोगों को अपनी ओर काफी आकर्षित कर रहे थे। पूरा पार्क पूरी तरह से लोगों से भरा हुआ दिखा। एक भी जगह खाली नहीं दिखी। वहीं, पार्क में कोई बैडमिंटन खेलते दिखा तो कहीं कोई बैठक र परिवार के संग लूडो और चेस भी खेलते दिखे। पार्क में लगे तरह-तरह के गुलाब के पास लोग फोटो और रील बनाते दिखे। ओपन जिम एरिया में बच्चे और बड़े दोनों एक्सरसाइज करते दिखे। लोगों ने खूब मस्ती और खुशी के साथ नये साल का जश्न मनाया। मोरहाबादी के चिल्ड्रेन पार्क में भी नये साल के जश्न को लेकर काफी धूम दिखी। पूरा पार्क डीजे की धुन और पार्टी चले गयी पूरी रात... के गाने से गूंज उठा।

## नव वर्ष के आगमन की खुशी में विशेष दीवान सजाया गया

# आगे सुख मेरे मीता पाछे आनंद प्रभ कीता...



आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** नव वर्ष के आगमन की खुशी में गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा बुधवार को सुबह 7:15 बजे से विशेष दीवान सजाया गया। दीवान की शुरुआत हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह द्वारा आसा दी वार कीर्तन से हुई तत्पश्चात उन्होंने आगे सुख मेरे मीता पाछे आनंद प्रभ कीता... एवं लख खुशियां पातशाहियां जे सतगुर नदर करे... शबद गायन किया।

दीवान में विशेष रूप से शिरकत करने पहुंचे ज्ञानी मान सिंह, साबका हेड ग्रंथी श्री तख्त हरमंदिर साहिब,अमृतसर ने कथा वाचन कर गुरु वाणी पर प्रकाश डाला और कहां की रोजाना वाहेगुरु का नाम जपने से जीवन में खुशियां मिलती है,साथ ही साध संगत से रोजाना वाहेगुरु का नाम जपने को कहा। सुबह 9 बजे से 10:15 बजे तक श्री दरबार साहिब साहिब अमृतसर के रागी जत्था भाई कमलजीत सिंह ने हऊ कुबार्ने जाऊ तिना के लैण जो तेरा नाउ... एवं अपने सेवक की आपे राखै आपे नाम जपावै... जैसे कई शबद गायन कर साध संगत को निहाल किया।

श्री अनंद साहिब के पाठ, अरदास, हुक्मनामा और कढ़ाह प्रशाद वितरण के साथ दीवान की समाप्ति सुबह 10.30 बजे हुई। दीवान समाधि के उपरांत सत्संग सभा द्वारा साध संगत के लिए चाय नाश्ते का लंगर चलाया गया। गुरु नानक सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने साध संगत को नव वर्ष की बधाई दी।

दीवान में मनीष मिढ़ा, हरगोबिंद सिंह, हरविंदर सिंह बेदी, नरेश पपनेजा, मोहन काठपाल, सुरेश मिढ़ा, अनूप गिरधर, विनोद सुखीजा, जीवन मिढ़ा, हरीश मिढ़ा, बसंत काठपाल, मोहित झंडई, आशु मिढ़ा, रमेश गिरधर, नीरज गखड़, मोहन लाल अरोड़ा, नवीन मिढ़ा, इदर मिढ़ा, रमेश पपनेजा, गुलशन मिढ़ा, रौनक ग्रोवर, सूरज झंडई, आशीष दुआ, भगवान थरेजा, राकेश गिरधर, राज कुमार सुखीजा, जितेश बेदी, हरीश तेहरी, भरत गाबा, कुणाल चूचरा, हरविंदर सिंह, गौरव मिढ़ा, पियूष मिढ़ा, मनीष गिरधर, अमन सचदेवा, कमल अरोड़ा, कमल धमीजा, ज्ञान मादन पोत्रा, प्रवीण मुंजाल, राकेश काठपाल, कमल मुंजाल, दुर्गी देवी मिढ़ा, रज्जो काठपाल, अंजू पपनेजा, खुशबू मिढ़ा, अंजू काठपाल, रजनी मक्कड़, बंसी मल्होत्रा, अमर मुंजाल, बिमला मिढ़ा, मीना गिरधर, मंजीत कौर, किरण अरोड़ा, ममता थरेजा, ममता सरदाना, नीतू किंगर, सुषमा गिरधर, मनोहरी काठपाल, गूंज काठपाल, ऊषा झंडई, किरण अरोड़ा, मधु सिन्हा, कंचन गुप्ता, पायल मल्होत्रा एवं रेणु किंगर समेत अन्य शामिल थे।

# नववर्ष पर बाबा बैद्यनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** नव वर्ष के पहले दिन द्वादश ज्योतिर्लिंग बाबा बैद्यनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए श्रद्धालु देर रात कतारबद्ध होने लगे थे। सुबह 4 बजे बाबा मंदिर का पट खुला। इसके बाद स्थानीय तीर्थ पुरोहित ने कांचाजल पूजा की। फिर सरकारी पूजा के बाद आम भक्तों के लिए मंदिर का कपाट खोल दिया गया। श्रद्धालुओं की कतार 2 किलोमीटर दूर तक फैली हुई थी। नव वर्ष में बाबा वैद्यनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ को लेकर उपायुक्त विशाल सागर बाबा वैद्यनाथ मंदिर पहुंचे। विधि- व्यवस्था व श्रद्धालुओं की सुविधाओं का निरीक्षण किया। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। डीसी ने कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर सभी प्रकार की गतिविधियों का जायजा लिया। बाबा मंदिर प्रांगण एवं आसपास के क्षेत्रों में सुलभ जलार्पण को लेकर की गयी व्यस्थाओं का भी जायजा लिया।

उपायुक्त ने बाबा मंदिर प्रांगण अतिक्रमण मुक्त बनाये रखने का निर्देश अधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को दिया, ताकि बाबा मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं को कोई असुविधा नहीं हो। सफाई व्यवस्था बेहतर बनाये रखने, मंदिर में पॉलिथीन एवं थर्मोकॉल की जगह दौना, पत्तल, मिट्टी, बांस की डलिया उपयोग के अलावा मंदिर के संपर्क पथों को अतिक्रमण मुक्त बनाये रखने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। नववर्ष पर बाबा वैद्यनाथ मंदिर में अप्रत्याशित श्रद्धालुओं की भीड़ का अनुमान लगाते हुए जिला प्रशासन द्वारा पहले से ही सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी थी, ताकि श्रद्धालुओं की कतार अधिक दूर तक नहीं जाए। श्रद्धालुओं को ज्यादा परेशानियों का सामना नहीं करनी पड़े। मंदिर प्रशासन और जिला प्रशासन का यह प्रयास रहा कि बाबा मंदिर आए श्रद्धालुओं को हरसंभव सुविधा महैया करायी जाय। डीसी ने कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर सभी प्रकार की गतिविधियों का जायजा लिया। इस दौरान मंदिर प्रभारी सह अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी नरेश रजक, जिला खेल पदाधिकारी संतोष कुमार, जिला साख्यांकी पदाधिकारी, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, बाबा मंदिर थाना प्रभारी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी एवं संबंधित अधिकारी और मंदिर कर्मी आदि उपस्थित थे।

# नये साल के पहले दिन छिन्नमस्तिका मंदिर में श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना

आजाद सिपाही संवाददाता




**रामगढ़।** नये साल के पहले दिन की शुरूआत पूजा-अर्चना के साथ करने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु रामगढ़ जिले के रजरप्पा स्थित देश के प्रसिद्ध सिद्ध पीठ स्थल मां छिन्नमस्तिका मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचे। साल के पहले दिन मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, रामगढ़ डीसी चंदन कुमार, पाकुड़ एसपी प्रभात कुमार, रामगढ़ एसपी अजय कुमार समेत कई वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों ने भी माता के दरबार में माथा टेका और मां का आशीर्वाद लिया।

हजारीबाग क्षेत्र के नव पदस्थापित डीआइजी संजीव कुमार ने भी माता के दरबार में मत्था टेका और मां से आशीर्वाद लिया और फिर पदभार ग्रहण करने के लिए हजारीबाग रवाना हो गये। इस दौरान उन्होंने कहा कि रामगढ़ एसपी हमारे साथ हैं, मां के आशीर्वाद से क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिए सभी मिलकर काम करेंगे। विधि व्यवस्था स्थापित करने के लिए जो व्यवस्थाएं हैं, उसके तहत काम किया जायेगा।

मंदिर के वरिष्ठ पुजारी सुबोध पंडा ने बताया कि सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालु साल के पहले दिन मां की पूजा कर अपने साल की शुरुआत कर रहे थे और मां से आशीर्वाद ले रहे थें। झारखंड व आसपास के इलाकों से श्रद्धालु यहां पहुंच कर अपनी मनोकामना मांगी और मां की पूजा की। इतना ही नहीं, भक्ति के साथ-साथ लोग यहां के मनोरम दृश्य का भी आनंद उठाया और दामोदर भैरवी नदी के संगम पर अपने परिवार के साथ मौज-मस्ती और पिकनिक मनाया।

प्रकृति की गोद में बसे मां के प्रांगण के आसपास विभिन्न पिकनिक स्पॉट हैं, जहां श्रद्धालु पिकनिक मनाते और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेते देखे गये। मां छिन्नमस्तिका मंदिर में साल के पहले दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए रामगढ़ जिले के पुलिस कप्तान सर्चिंग का मोर्चा संभाले हुए थे। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो और वे आसानी से मां का दर्शन कर सकें, इसके लिए मंदिर परिषर में जिला पुलिस पदाधिकारी और जवान बड़ी संख्या में मौजूद रहे। श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसका विशेष ख्याल मंदिर न्यास समिति द्वारा रखा गया।

# हजारीबाग और कोडरमा में लोगों ने मनाया नववर्ष



## नववर्ष पर जुलजुल पहाड़ी और गौशाला में उमड़ा सैलानियों का सैलाब

### जुलजुल पहाड़ी की प्राकृतिक सुषमा से परिपूर्ण और मनोरम वादियों में सुकून का पल लोगों ने व्यतीत किया

### नववर्ष की उत्साह और उमंग में लोग झूमते और गाते नजर आयें

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** नववर्ष पर हर कोई प्राकृतिक और मनोहारी स्थल का सैर कर सुकून का पल व्यतीत कर शानदार तरीके से नववर्ष का आगाज करते हुए दिखा। उत्साह और उमंग के साथ गौ सेवा का समाज में श्रद्धाभाव का अनोखा मिशाल पेश और संदेश देते हुए दिखा। बुधवार को हजारीबाग सदर प्रखंड अंतर्गत सखिया पंचायत स्थित जुलजुल पहाड़ी और गौशाला में अंग्रेजी नववर्ष पर सैलानियों का जनसैलाब उमड़ा। जुलजुल पहाड़ी की प्राकृतिक सुषमा से परिपूर्ण और मनोरम वादियों में सुकून का पल लोगों ने व्यतीत किया। पहाड़ी की शानदार दृश्य और नजारा में घंटों तक सैलानियों ने अपने परिवार और दोस्तों के संग बिताया। कई सैलानियों ने पहाड़ी की ऊची चोटी एवं तलहटी का सैर कर नववर्ष का आगाज शानदार तरीके से किया। नववर्ष की उत्साह और उमंग में लोग झुमते और गाते नजर आयें। जुलजुल पहाड़ी की मनोरम वादियों में सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित किया। जहां आकर्षण का केंद्र बना। जिसे दीदार कर उत्साह और उमंग में लीन रहे। इस दौरान फोटो खिंचवाने की तांता लगी रही।

कलकत्ता पिंजरापोल सोसाइटी द्वारा संचालित गौशाला में गौ भक्तों की भारी भीड़ रही। यहां गौ भक्तों ने गौमाताओं को गूड और चारा खिलाकर गौ सेवा का अनोखा मिशाल पेश किया। नववर्ष की उत्साह और उमंग में गौ सेवा के प्रति कई गौभक्ती दिखलाकर समाज में श्रद्धाभाव का संदेश दिया। गौ माताओं ने ममता, करुणा और वात्सल्य से गौ भक्तों को अपनी ओर आकर्षित किया। गौ सेवकों ने कहा कि गौ माता स्वास्थ्य और समृद्धि का आधार है। गौ सेवा से सुख-समृद्धि और खुशहाली का सौभाग्य प्राप्त होता है। गौ सेवकों ने हजारीबाग जिला वासियों से विशेष उत्साह और उमंग पर गौशाला में अवश्य गौ सेवा करने का अपील किया।

## लोगों ने चौक-चौराहे पर की अतिशबाजी



बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के लोगों ने नववर्ष हर्षोल्लास के साथ मनाया। लोगों ने मंगलवार के बारह बजे रात से ही चौक चौराहे पर अतिशी बाजी एक दुसरे को नववर्ष की बधाई दी। वही बुधवार के अहले सुबह एक दुसरे को नये साल की बधाई दी। बरकट्ठा के विभिन्न स्थानों में लोगों की भीड पिकनिक मनाने सपरिवार पहुंचे। बरकट्ठा में सुबह से ही मुर्गा, मछली, मटन की दुकानें पर खरीदारों की भीड़ लगी रही। पिकनिक स्पॉट पर युवाओं कि टोली ने डीजे की धुन पर नाच गाकर नव वर्ष का जमकर जश्न मनाया। पर्यटक स्थल सुर्यकुंड में दुर दराज इलाकों से बड़ी संख्या में लोग पिकनिक मनाने जुटे। लोगों का सुर्यकुंड और अन्य पिकनिक स्पॉट पर आना शुरू हो गया था। सुर्यकुंड के अलावे पतालसुर नदी तट, बेलवा नदी घाट, बरसोती नदी घाट, निशनलगवा पहाडी झरना समेत अन्य स्थानों में लोगों की काफी भीड देखीं गयी। नव वर्ष पर बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, पूर्व जिप उपाध्यक्ष चंदन देवी, जिप सदस्य कुमकुम देवी, प्रेरणा प्रिया, मुखिया संघ अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद, मुखिया प्रमिला देवी, पूर्व प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव, केदार साव, पुर्व प्रमुख सह पंसस प्रिती गुप्ता ने लोगों को शुभकामनाएं दी।

## टाटीझरिया में नव वर्ष का मना जश्न



टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड में 2024 की विदाई और 2025 के आगमन पर पूरे प्रखंड में जश्न मनाया गया। लोगों में काफी उत्साह दिखायी दे रहा था और नए वर्ष के आगमन में पूजा कर सुख समृद्धि की कामना किया है। प्रखंड के हर क्षेत्र में गाड़ी में बांधकर डीजे ले जाया जा रहा है डीजे की धुन पर लोग थिरकते नजर आये।

## नववर्ष के जश्न में डूबे रहे कोडरमा के लोग



कोडरमा (आजाद सिपाही)। बुधवार को नववर्ष को लेकर पिकनीक स्पॉट गुलजार रहे। सभी आम और खास ने अपने-अपने तरीके से नववर्ष का आनंद उठाया। खास तौर पर कोडरमा, तिलैया डैम, वृंदाहा वाटरफॉल, मरकच्चो के पंचखेरो, सतगांवां के पेट्रो जलप्रपात, डोमचांच के परतंगो जंगल में भारी भीड़ जुटी। इस दौरान पुलिस सतर्क रही और कमोवेश सभी पिकनिक स्पॉट में सुरक्षा को लेकर पुलिस बल के साथ-साथ दंडाधिकारी की भी प्रतिन्युक्ति की गयी थी। तिलैया डैम में डबल डेकर बोट भी आकर्षण का केंद्र है, जिसके कारण लोग वहां खीचें चले जाते है। वहीं डैम इलाके का सुंदर नजारा के साथ-साथ बोटिंग का लुफ्त लोग नववर्ष पर जमकर मनाया। डीसी ओर एसपी ने आदेश जारी कर तिलैया डैम सहित जिले के कई पिकनिक स्पॉट, होटलों, ढाबों आदि जगहों में पुलिस अधिकारियों और दर्जनों पुलिस के जवानों की तैनाती की थी। हुड़दंगी उमंग में भंग ना डाले इसके लिए पुलिस सक्रिय रही। यहां दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति के साथ-साथ वाहनों की भी जांच करने और शराब पकड़े जाने पर कार्रवाई का आदेश दिया था।

## जम कर डीजे की धुन पर थिरके युवा



विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। जब पूरा देश नव वर्ष के स्वागत में मौज-मस्ती और जश्न के रंग में डूबा हुआ है। वहीं विष्णुगढ़ में लोगों ने नव वर्ष के जश्न में लोगों ने पूजा-अर्चना कर एक दूसरे को बधाई दी। 31 दिसंबर की मध्य रात्रि से शुरू हुई आतिशबाजी एक जनवरी के शाम तक चला। बुधवार सुबह से ही लोगों ने सोशल मीडिया के जरिये एक दूसरे को शुभकामनाएं देते दिखे। यहां के बाजारटांड़ स्थित काली मंदिर में पूजा-अर्चना कर वर्ष भर खुशहाली की कामना की और बड़े बुजुर्गों का चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लेते देखे गये। पिकनिक मनाने बक्सपुरा नदी, यमुनिया डैम, कोनारडैम, चंद्रुस फाल, उरगीडैम, सतगढवा नदी, मुखर्जी पुल समेत अन्य पिकनिक स्पॉट पर वनभोज का आनंद लिया।

## उत्साह और उमंग के साथ नये साल का स्वागत



जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने उत्साह और नई उमंग के साथ नये वर्ष का स्वागत किया। जमकर पिकनिक व जश्न मनाया रात को एक बजते ही मोबाइल पर नववर्ष की शुभकामनाएं शुरू हो गयी। प्रखंड के लोहाडंडा जंगल बुटवरिया, पहरीडीह, महुआटांड सहित बराकर नदी के विभिन्न घाटों पर लोग पिकनिक मनाते नजर आये। जगह जगह पर महिलाओं व बच्चों ने पिकनिक मनाया। इसके पूर्व विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना करने वाले लोगों की भीड़ देखी गयी नये वर्ष के आगमन को लेकर जमकर बिकी अंग्रेजी और हिंदी शराब, मटन, चिकेन, मछली, हालांकि इस दौरान शाकाहारी पिकनिक मनाने वाले लोग पनीर सहित पुडी, खीर, मिठाई सहित लजीज व्यंजनों का भी जमकर आनंद उठाया.युवाओं की पिकनिक में शराब का जश्न व नाच गाना भी चला। इस दौरान थाना प्रभारी बबलू कुमार सिंह दलबल के साथ विभिन्न पिकनिक स्थलों का जायजा लेते रहे। पुलिस की सक्रियता के कारण हुडदंगियों की नहीं चली।

## नये साल का पहला दिन लोगों ने उल्लासपूर्वक मनाया



मरकच्चो (आजाद सिपाही)। अंग्रेजी नव वर्ष का पहला दिन बुधवार को लोगों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया। रात 12 बजे के बाद से ही सोशल मीडिया व एस एम एस के माध्यम से लोगों ने एक-दूसरे को नए वर्ष की शुभकामना के संदेश दिये। 12 बजे के बाद मरकच्चो समेत प्रखंड के लोगों ने आतिशबाजी कर नये वर्ष का स्वागत किया। सुबह होते ही लोगों ने मंदिरों में जाकर पूजा-अर्चना कर अपने और अपने परिवार की मंगल कामना की। बुधवार को सुबह 11 बजे तक लोगों की दिनचर्या थमी रही। इसके बाद धूप निकलते ही लोग मांस, मछली की खरीदारी को निकल पड़े। युवाओं की टोली पिकनिक स्पाट पर निकलने लगी। प्रखंड का प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मरकच्चो के बेरहवा जंगल स्थित कर्मा धाम, कानी केंद् जंगल स्थित मां चंचालनीधाम मरकच्चो प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचखेरो जलाशय में दिनभर सैलानियों की भीड़ लगी रही। नववर्ष के पहले दिन अहले सुबह पिकनिक पार्टीयों का पिकनिक स्थलों पर पहुंचना शुरू हो गया था। युवक युवतियों रमणीक स्थल कर्मा धाम मां चंचालनी धाम, उत्तर वाहिनी बराकर नदी की तलहटी, पंचखेरो जलाशय, काली पहाड़ी आदि स्थलों में पहुंचकर पिकनिक का आनंद उठाया।

## झामुमो नेता रामप्रकाश भाई पटेल की द्वितीय पुण्य तिथि



विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। झामुमो नेता स्व रामप्रकाश भाई पटेल का द्वितीय पुण्य तिथि मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष कपिलदेव चौधरी और संचालन टिपुलाल महतो ने किया। इस अवसर पर स्व पटेल की धर्मपत्नी डॉ गीता मेहता और उनके बड़े पुत्र झामुमो युवा नेता गौरव पटेल और उनके कार्यकर्ताओं ने भी स्व रामप्रकाश भाई पटेल की तस्वीर पर माल्यार्पण किया और श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि सभा में गौरव पटेल ने उपस्थित महिलाओं और ग्रामीणों के बीच अंगवस्त्र देकर लोगों को सम्मानित किया। इस अवसर पर झामुमो के नीतीश पटेल, यशोदा देवी, राणा इकबाल खान, अनुराग बर्मन महादेव मुर्मू, रोहित दास, विष्णु गुप्ता, प्रसादी यादव, शेख वसीम, चंडी बॉस, रकीब अंसारी, आफताब अली आदि उपस्थित थे।

## जुगरा से विवाहिता लापता



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव थाना क्षेत्र नापो खुर्द निवासी अजय कुमार साव की 28 वर्षीय पत्नी किरण देवी 28 दिसंबर से जुगरा से लापता है। इस संबंध में गुमशुदगी को लेकर पति अजय साव ने डाड़ी थाना में आवेदन देकर सनहा दर्ज कराया है। आवेदन में बताया गया है 28 दिसंबर को मेरी पत्नी 28 वर्षीय किरण देवी लापता हो गयी। काफी खोजबीन किया नहीं मिली। आवेदन में अजय ने यह भी बताया है कि किरण 28 दिसंबर को खाना खाने के बाद घर से बाहर निकल गयी, तब से फिर वह लौटकर घर नहीं आयी। वह सांवली रंग की है, लाल रंग की नाइटी और हरा रंग का स्टॉल पहनी हुई है। अजय साव ने बताया कि मैं 4 साल पूर्व अपने जीजा वकील साव के गांव जुगरा गांव में रहकर ईट का व्यवसाय कर घर का भरण पोषण करता हूं। लापता 28 वर्षीय किरण देवी के दो पुत्र हैं। एक 10 वर्ष और दूसरा 8 वर्ष का लड़का है। डाड़ीकला थाना प्रभारी पिंटू कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मामले की छानबीन और लोगों से पूछताछ की जा रही है।

## डीडीसी ने योजनाओं का किया निरीक्षण



कोडरमा (आजाद सिपाही)। उप विकास आयुक्त सह वरीय प्रभारी पदाधिकारी चंदवारा प्रखंड ऋतुराज ने चंदवारा प्रखंड में क्रियान्वित विभिन्न विभागों के योजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में जिला परिषद से संबंधित दो नयी योजना हेल्थ सेंटर बिल्डिंग और पब्लिक टॉयलेट का स्थल निरीक्षण किया, जिसमें संबंधित संबेदक को योजना का शिलान्यास कराते हुए जल्द काम चालू करने का निर्देश दिया गया। मनरेगा के तहत बनी कूप की योजना का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के क्रम में उपस्थित मनरेगा कर्मी को यथाशीघ्र कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। 15वें वित्त और विधायक मद से संचालित इरीगेशन से संबंधित पाइप लाइन के प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया गया, इस प्रोजेक्ट से वर्तमान में लगभग एकड़ में आस-पास के ग्रामीण द्वारा पानी का उपयोग करके कृषि कार्य करते पाये गये। उप विकास आयुक्त ने संबंधित पंचायत सचिव और मुखिया को निर्देश दिया कि इस प्रोजेक्ट को आवश्यकतानुसार और आगे लगभग 500 मीटर बढ़ाना सुनिश्चित करेंगे। तत्पश्चात उप विकास आयुक्त के द्वारा जरूरतमंदों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया।

## सैलानियों ने झरनों में नहाया, वादियों को निहारा

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** नया साल 2025 के पहली जनवरी को हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न मनोरम स्थलों पर सैलानी जुटें। स्थानीय लोग और बाहर से आये पर्यटकों ने पिकनिक मनाने पहुंचें थे। अधिकांश परिवारों ने प्राकृतिक की गोद में खाना बनाकर भोजन का आनंद लिया। बड़कागांव के बुढ़वा महादेव, डुमारो नदी, द्वारपाल गुफा, छगरी गोदरी गुफा, डूमारो गुफा, इसको गुफा, बरसों पानी, बादम के गट्टी कोचा झरना, सांढ़ के महुडरवा, राजदहा नदी, नापोखुर्द के मुरली पहाड़, जुगरा का पैलवा पहाड़, इसको गुफा, टिप टिपवा झरना समेत दर्जन रमणीक स्थलों में सैलानियों ने पिकनिक मनाया। इनमें से बुढ़वा महादेव स्थित डुमारो नदी में सबसे अधिक सैलानियों की भीड़ उमड़ी। नव वर्ष की पहला दिन के मौके पर बुढ़वा महादेव मंदिर में बाबा भोले के शिवलिंग पर शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया। पिकनिक में भोजन के बाद लोगों ने गुफाओं को निहारा। दर्जनों झरना, जलप्रपात और रमणीक स्थलों का आनंद लिया। पर्यटकों ने बरसों पानी में ताली बजाकर पानी बरसाया। राजा दलेल सिंह के किले और नाग फन आकर के चट्टानों में लोगों ने सेल्फी लिया।

**डीजे की धुन पर थिरके युवकों की टोली:** पिकनिक मनाने वाले युवकों ने कई ट्रैक्टरों में डीजे साउंड बांधकर पिकनिक स्पॉटों में ले जाकर दिन भर बजाय और नाच गा कर जश्न मनाया। नए साल के मौके पर आतिशबाजी भी की गयी।

**रात 12 बजे से ही लोगों ने सेलिब्रेट करना शुरू किया:** बड़कागांव प्रखंड और आसपास के क्षेत्र में रात 12:00 बजते ही लोगों ने सोशल मीडिया द्वारा एक दूसरे को सेलिब्रेट किया। लोगों ने एक दूसरे का हाथ और गले मिलकर एक दूसरे को बधाई दिया। विधायक रोशन लाल चौधरी, पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सह पूर्व विधायक अंबा प्रसाद, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, जिला परिषद सदस्य यासमीन निशा, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, प्रतिनिधि मो इब्राहिम, पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजीव कुमार रंजन, मनोज गुप्ता आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाह, प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा ने लोगों बधाई दी।

## भजन कीर्तन और भंडारे का आयोजन



झुमरीतिलैया(आजाद सिपाही)। झुमरीतिलैया स्थित छतरबर और इंदरवा के वन क्षेत्र में धुर्वा बाबा योग शिविर के द्वारा भजन कीर्तन और भंडारा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता बिरेन्द्र यादव ने की। धुर्वा बाबा योग शिविर में बाब बजरंगी का पूजा अर्चना किया गया। जिसमें यजमान के रूप में बालेश्वर चंद्रवंशी शामिल हुए। बाबा बजरंगी के पूजा-अर्चना के बाद प्रसाद के रूप खीर और खिचडी की व्यवस्था की गयी। जिसमें आसपास इलाके के बच्चे बूढे महिला पुरूष युवाओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम में सचिव प्रमोद यादव, कोषाध्यक्ष गिरधारी साव, राजेन्द्र पासवान, बिरू यादव, देव चंद्रवंशी, बहादुर यादव, नवरंग राम, महेश चंद्रवंशी और कुलदीप चंद्रवंशी की भूमिका अहम रही। कार्यक्रम में धीरज चंद्रवंशी, सोनु चंद्रवंशी, किशुन दास, महेन्द्र यादव, दिनेश यादव, अशोक यादव, प्रकाश यादव, दिलीप यादव, महेश दास, नागेश्वर दास, पवन चंद्रवंशी, जयदीप चंद्रवंशी, राजेश चंद्रवंशी आदि मौजूद थे।

## उपायुक्त ने बुजुर्गों के बीच बांटे कंबल



कोडरमा (आजाद सिपाही)। नये साल का पहला दिन उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने झुमरीतिलैया नगर परिषद स्थित वृद्धा आश्रम में रह रहे बुजुर्गों के बीच बिताया। उपायुक्त महोदया ने वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों से उनका हाल-चाल जाना और वृद्धों के बीच कंबल और खादय सामग्री वितरित किया। उन्होंने वृद्धों से वृद्धाश्रम में होने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी भी ली। इसके पश्चात उन्होंने कोडरमा स्टेशन स्थित काली मंदिर में पूजा-अर्चना की और वहां मौजूद सभी जरूरतमंदों के बीच कंबल और खादय सामग्री का वितरण किया। उन्होंने जिलेवासियों को नए साल की बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे में ये वृद्ध अकेलापन महसूस न करें, इसलिए वे इनके बीच पहुंचकर कंबल व खाद्द सामग्री का वितरण किया है। उन्होंने कहा कि वृद्धाश्रम में रह रहे लोगों के द्वारा एजेंसी के बारे में कई शिकायतें मिल रही थी। जिस पर संज्ञान लेते हुए समाज कल्याण विभाग को नई एजेंसी को इसकी देखभाल करने का जिम्मा देने का निर्देश दिया गया है। मौके पर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग नीतीश कुमार निशांत, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार व अन्य मौजूद रहे।

## प्रतिबंधित गौ मांस के साथ एक गिरफ्तार

कोडरमा (आजाद सिपाही)। कोडरमा थाना क्षेत्र के अंतर्गत चेचाई मे बीती रात पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के बाद कोडरमा थाना प्रभारी सुजीत कुमार ने दल बल के साथ पहुंचकर छापामारी कर प्रतिबंधित गौ मांस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान मो साहिल अहमद पिता फिरोज अहमद ग्राम चेचाई के रूप में की गयी है। जानकारी के अनुसार चेचाई में एक घर में प्रतिबंधित मांस होने की सूचना मिली जिसके बाद पुलिस की कार्यवाही की गयी जिसमें मांस के साथ एक युवक को पकड़ा गया। इधर कोडरमा थाना प्रभारी सुजीत कुमार ने बताया कि चेचाई में मो साहिल के बाउंड्री से घर नुमा जगह से लगभग 100 केजी प्रतिबंधित मांस जब्त करते हुए उक्त युवक को गिरफ्तार किया गया है। ग्रामीणों के अनुसार वहां इस तरह की घटना हमेशा होती है और मुख्य आरोपी गिरफ्त से बाहर है।

## कोडरमा में अहिबरन जयंती और मिलन समारोह का आयोजन

# सामाजिक संगठन को मजबूत करने की जरूरत: नारायण

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** नये साल पर बुधवार को बरनवाल सेवा सदन में अहिबरन जयंती सह परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम और विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि पेंशनर समाज के अध्यक्ष नारायण मोदी, रेड क्रॉस के चेयरमैन अजीत बरनवाल, बन्धन बैंक के प्रबंधक जय कुमार, कन्हैया लाल बरनवाल, निरंजन प्रसाद मौजूद थे। वहीं अतिथियों के साथ ही समाज के सतीश कुमार दीपू, शम्भू लाल, महादेव लाल और गोपाल प्रसाद ने महाराज अहिबरन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम का संचालन आरके बसंत ने किया। पेंशनर समाज के अध्यक्ष नारायण मोदी ने कहा कि इस तरह के आयोजन जरूरी हैं। समाज को आगे बढाने और संगठन को मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में यह समाज आगे बढ़ रहा है यह हर्ष का विषय है। रेड क्रॉस के चेयरमैन अजीत बरनवाल ने नए साल की शुभकामना देते हुए कहा कि इससे समाज की एकता को बल मिलता है। उन्होंने कहा कि समाज संगठित रहेगा तो आगे बढ़ेगा। बैंक प्रबंधक जय कुमार ने समाज की एकता पर बल देते हुए सकारात्मक कार्य करने की अपील की। इस दौरान आयोजित म्युजिकल चेयर में रेखा बरनवाल, सोनी बरनवाल, श्वेता आनंद, जलेबी रेस में अमाया, तानवी, आरुही, चम्मच दौड़ जूनियर में ऋषिका बरनवाल, आरव, काव्या और सीनियर में तानवी, नित्या और प्रिंस आर्या विजयी रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजीव समीर, निरंजन लाल, महादेव लाल, अक्षय बरनवाल, आशीष कुमार, संजय कुमार, विक्की बरनवाल, दिवाकर, रमेश, सुबोध, बिट्टू, राहुल, दीपक, उमेश लाल, दीपक, परमानंद, जनार्दन, कांता लाल, अशोक बरनवाल, प्रमोद, गोपाल प्रसाद, आनंद बरनवाल, सविता देवी, सीमा देवी, सुजाता बरनवाल, मधु कुमारी,, पूजा, चंचला, रीता देवी, रेखा देवी, अंजू बरनवाल, नीरा देवी, अंकिता, संध्या, ममता, आशा बरनवाल समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे। इस दौरान स्वर संगम म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। ग्रुप के सुधीर पांडेय, दीपक सिंह, आनंद मुखर्जी, विकास कुमार, प्रेम भारती, मोना कुमारी, आराधना देवी, राजा चौरसिया, पंकज कुमार ने भजन और गानों की प्रस्तुति दी।

## 20 सूत्री अध्यक्ष और बीडीओ ने शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी



इचाक (आजाद सिपाही)। प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम और बीडीओ संतोष कुमार ने नेशनल पार्क स्थित शहीद राजेश मिंज और बोधिबागी स्थित कारगिल शहिद रघुवीर प्रसाद मेहता के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। 20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम ने कहा कि देश की सुरक्षा के खातिर सीमा पर अपने प्राण को न्योछावर करने वाले इचाक के सपूतों ने न केवल इचाक प्रखंड का मान बढ़ाया है बल्कि सबों में देश के लिए लड़ने का जज्बा भी पैदा किया है। बीडीओ संतोष कुमार ने कहा कि देश के सैनिकों की बदौलत हम सभी सुरक्षित हैं, उनकी शहादत को सदैव याद रखा जायेगा। साथ की कहा कि हम सबों को उनके बलिदान से सीखने की जरूरत है। मौके पर कुरहा मुखिया पति राकेश मेहता, झामुमो नेता रामप्रवेश सिंह आदि उपस्थित थे।

## हजारीबाग-कोडरमा की खबर

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्राथमिक शिक्षा वर्ग संपन्न



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्राथमिक शिक्षा वर्ग श्री लक्ष्मी नारायण विद्यापीठ घाघडीह, जयनगर में देर रात मंगलवार को समापन हो गया।07 दिनों तक चलने वाले शिविर में स्वयंसेवकों के प्राथमिक वर्ग के साथ-साथ घोष वर्ग और तीन दिवसीय प्रारंभिक वर्ग का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया। इस प्रशिक्षण शिविर में प्राथमिक शिक्षा वर्ग में 50 स्वयंसेवक, घोष वर्ग में 18 स्वयंसेवक और प्रारंभिक वर्ग में 32 स्वयंसेवक इस तरह कुल 100 शिक्षार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्राथमिक वर्ग में विभिन्न स्थानों से शिक्षार्थी प्रशिक्षण प्राप्त किया। स्वयंसेवकों ने 7 दिनों के लिए प्रशिक्षण शिविर में भाग लियो इस शिविर में उन्होने शारीरिक, बौद्धिक, गीत, घोष-वादन, आनक, शंख और वेणु के प्रशिक्षण प्राप्त किए। इस प्राथमिक शिक्षा वर्ग में वर्ग कार्यवाह के रुप में श्रीकांत पांडेय, मुख्य शिक्षक विवेक कुमार, सर्व व्यवस्था प्रमुख सकलदेव राम, सह व्यवस्था प्रमुख सुनील कुमार यादव और सूर्यदेव यादव रहे। गण शिक्षक नकुल कुमार, संतोष , श्रवण कुमार, सिद्धि जी, विशाल जी संकेत जी, प्रभु राणा जी, विजय राणा, राजेश केसरी और बौद्धिक विभाग से सुबोध जी उपस्थित रहे। इस प्राथमिक शिक्षा वर्ग को संचालित करने के लिए विभाग संचालक सुरेंद्र प्रताप सिंह, जिला संघचालक डॉ रमन कुमार, सह विभाग कार्यवाह मनोज कुमार, नगर संघचालक डॉ रामावतार केसरी, जिला कार्यवाह मुकेश राणा, सह जिला कार्यवाह सुनील रजक, विहिप प्रचार प्रसार जिला प्रमुख बिनोद कुमार बर्णवाल ने अपनी-अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। बौद्धिक शिक्षण हेतु क्षेत्र के सेवा प्रमुख त्रिवेणी, सह प्रांत प्रचारक राजीवकांत, प्रांत मुख्य मार्ग प्रमुख नित्यानंद, विभाग कार्यवाह राजेश प्रसाद, विभाग प्रचारक आशुतोष जी, शर्मेंद्र साहू, विभाग संपर्क प्रमुख रामावतार साहू, जिला संपर्क प्रमुख दिलीप कुमार, जिला धर्म जागरण संयोजक दिवाकर पांडेय, अभिजीत उपस्थित रहे।

### रिया बीज भंडार से चोरी करते युवक धराया



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के झरपो चौरंगी मोड रिया बीज भंडार दुकान से जरगा निवासी शाहिद अंसारी पिता तोफीक अंसारी को चोरी करते हुए रंगे हाथ धराया। ग्रामीणों ने किया पुलिस के हवाले दुकान बीज भंडार मालिक अरविंद कुमार ने बताया कि समान निकालने जैसे ही दुकान के दूसरे कमरे में गया जब लौटे तो मैने देखा कि मेरे गला से एक लड़का गला का ताला खोलकर पैसा निकाल रहा था कि मैने रंगे हाथ पकड़ लिया पूछे जाने पर अपना नाम शहीद अंसारी पिता तौफीक अंसारी जरगा का रहने वाला बताया। इससे पहले भी चौक में चार पांच दुकान में चोरी की घटना घट चुकी है, इसकी सूचना टाटीझरिया थाना को दी गयी। एएसआई रामप्रवेश राय ने उक्त युवक को अपने साथ थाना ले गया।

### नाई समाज का पंचायत स्तरीय बैठक संपन्न




**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के गांगपांचो ढोढीया उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में नाई समाज की एक बैठक की गयी। बैठक अध्यक्षता समन ठाकुर और संचालन उपेंद्र कुमार शर्मा ने की। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष बालेश्वर ठाकुर, शंकर ठाकुर, महेश ठाकुर, संजय ठाकुर, विरेन्द्र ठाकुर, कारु ठाकुर, प्रकाश ठाकुर उपस्थित थे। बीते कुछ दिन पूर्व गंगपाचो पंचायत अध्यक्ष की निधन हो गया था जिनके कारण वहां पुनः अध्यक्ष का चुनाव किया गया, जहां सर्वसम्मति से गंगपाचो पंचायत नाई समाज का अध्यक्ष महेन्द्र ठाकुर को बनाया गया। पदाधिकारी ने उन्हें माला पहनाकर सम्मानित किया। वहीं महेन्द्र ठाकुर ने कहा समाज के दायित्व निष्ठा पूर्वक निर्वाहन करुंगा। वहीं बरकट्ठा प्रखंड के समाज के गार्जियन समन ठाकुर जी ने पूरे समाज को सशक्त बनने का आह्वान किया। प्रखंड अध्यक्ष बालेश्वर ठाकुर ने समाज के जननायक कपूर्री ठाकुर जी की जयंती को लेकर तैयारी के साथ-साथ जोश खरोश और ऊर्जा भरने का काम किया।

### गौशाला में पहली रोटी गाय की योजना शुरू



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** गाय को सदियों से पहली रोटी खिलाने की परंपरा चली आ रही है। शास्त्रों के अनुसार गाय में सभी देवी-देवताओं का वास होता है। गाय को पहली रोटी खिलाने से सभी देवी-देवताओं को भोग लग जाता है। वहीं गाय को पहली रोटी खिलाने के कई धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व भी है। श्री कोडरमा गौशाला समिति स्थापना के 75वें वर्ष को अमृत महोत्सव के रूप में मना रही है। इसके तहत पूरे वर्षभर गौ संरक्षण एवं गौ संवर्धन को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। नव वर्ष के पहले दिन बुधवार को समिति के पदाधिकारी और सदस्यों ने गायों को रोटी और गुड़ खिलाकर पहली रोटी गाय की योजना का शुभारंभ किया। परियोजना निदेशक संजय अग्रवाल ने बताया कि सदियों से चली आ रही परंपरा को जीवित रखने के उद्देश्य से गौशाला में पहली रोटी गाय की योजना शुरू की गयी है। इसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति गौशाला को 25 सौ रुपये का सहयोग राशि देकर 1 जनवरी से 31 दिसंबर 2025 तक गौशाला में प्रतिदिन दो रोटी गौ माता को अपने नाम से खिलाने का पुण्य प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि अभी तक 57 लोग पहली रोटी गाय की योजना का हिस्सा बन चुके हैं। इस योजना के तहत गौशाला में पलने वाली करीब 400 गायों के लिए 400 लोगों को इस योजना से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि इस योजना से जुड़ने के लिए गौशाला समिति के किसी सदस्य या गौशाला से संपर्क किया जा सकता है। समिति के उपाध्यक्ष महेश दारूका ने बताया कि 14 जनवरी मकर संक्रांति के दिन दोपहर करीब 3 बजे से जिले की धार्मिक संगठन श्याम शरण में आजा रे के द्वारा तृतीय वार्षिक श्याम महोत्सव का आयोजन गौशाला परिसर में किया जायेगा। मौके पर अरुण मोदी, अविनाश सेठ, सज्जन शर्मा, मनोज चौधरी, विनोद पोद्दार, अंजू कंदोई, कुसुम चौधरी, किशु, कान्हा, यश, आरव खाटूवाला, पायल, समृद्धि, सरिता शर्मा, प्रीति गुटगुटीया, पायल खाटूवाला समेत कई लोग मौजूद थे।

### पिकनिक स्पॉट रहा गुलजार, मंदिरों में भक्तों की कतार



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में बुधवार को पेट्रो जलप्रपात पिकनिक स्थल काफी गुलजा रहा। घोड़सीमर मंदिर, गणेश मंदिर, महेष्वरनाथ मंदिर, दुखिया महादेव, शिव मंदिर खुट्टा, शिवपुर मंदिर, भगवती मंदिर मरचोई आदि मंदिरो में भक्तों का पूजा अर्चना को लेकर भीड़ देखा गया। दूसरी ओर सैलानियों ने नाच गाकर नया साल के जश्न शांतिपूर्ण तरीके से मनाया। कई लोगों ने पर्यटक क्षेत्र पेट्रो जलप्रपात, पचफेड़वा, छोटकीझर अम्बाकोला, अश्राइन डेम, मैसरवाधाम, बिछ्वाकोला आदि स्थानों पर अपनी सुविधानुसार पिकनिक मना कर नया साल मनाया। लोगों ने एक दूसरे को बधाई भी दी तथा शांतिपूर्ण तरीके से नया साल संपन्न हुआ। पेट्रो जलप्रपात में प्रशासनिक सुरक्षा में प्रखंड विकास पदाधिकारी ओमप्रकाश बड़ाईक, पुलिस बल से थाना प्रभारी विजय गुप्ता, पु अ नि श्रवण कुमार राम, पु आ नि रौशन पासवान, स आ नि दिनेश मुर्मू, मजिस्ट्रेट के रूप में सुमन कुमार समेत पूरे दलबल के साथ मुस्तैद दिखे।

# बाइक ने बुजुर्ग को मारी टक्कर, मौत

**आक्रोशित ग्रामीणों ने किया डेढ़ घंटे मुख्यमार्ग जाम, वाहनों की लगी लंबी कतार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रांची-पटना मुख्यमार्ग गोबरदरहा भारत माता चौक के निकट मोटरसाकिल सवार ने बुजुर्ग को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे बुजुर्ग की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया। जिसके कारना सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझाने का पूरा प्रयास किया। लेकिन ग्रामीण पुलिस की एक भी दलील नहीं सुनी।

**शव सड़क पर रखकर आक्रोशित ग्रामीणों ने किया रांची पटना मुखयमार्ग जाम :** दुर्घटना के बाद पहुंचे आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर रांची पटना मुख्यमार्ग को जाम कर दिया। जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने का पूरा प्रयास किया। लेकिन ग्रामीण उचित मुआवजा की मांग को लेकर पुलिस की एक भी दलील नहीं सुनी। जिसके बाद रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार पहुंच कर ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीणों ने उनकी भी कोई बात सुनने को तैयार नहीं थे।



#### क्या है मामला

जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम करीब 4 बजे गोबरदरहा चौक पर सड़क पार कर रहे एक बुजुर्ग को तेज गति से कुजू की ओर जा रही बाइक सवार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। जिसके कारण बुजुर्ग अचेक होकर सड़क पर गिर गये। जबकि मोटरसाइकिल सवार मौके के फायदे उठाकर भाग गया। वंही बुजुर्ग की दर्दनाक मौत घटना स्थल पर हो गयी।

#### जबरन शव उठाकर सड़क जाम को हटवाया

जिसके बाद थाना प्रभारी ने पुलिस बल के सहयोग से शव को जबरन उठाकर पीसीआर वाहन तक ले गये। जिसके बाद पीसीआर से ही शव को सदर अस्पताल अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया। शव को जबरन उठाने पर ग्रामीणों ने जमकर बवाल काटा। साथ ही महिला और ग्रामीणों ने थाना प्रभारी के साथ नोकझोंक करने लगे। जिसके बाद पुलिस कड़ाई से पेस आई तब जाकर ग्रामीण शांत हुए। इधर समाचार लिखे जाने तक शव का पहचान नहीं हो पाया था।

## अक्षत मैरेज हाल में भोजपुरी नाइट का आयोजन

# थके-हारे इंसान को नयी ताजगी देता है गीत-संगीत: बीरेंद्र कुमार

**कार्यक्रम की मुख्य भोजपुरी गायिका खुशी कक्कड़ को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** चश्मा लगाके हैंडसम लागा तारा, साउथ वाला हीरो से न कम लागा तारा आदि भोजपुरी गानों पर पूरी रात जमी महफिल झूमती रही। मौका था मंगलवार की रात पुराने वर्ष 24 की विदायी और नववर्ष 25 के स्वागत का। जिसे लेकर अक्षत मैरेज हाल, फोरलेन मुरपा कुजू में भोजपुरी नाइट का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रेस क्लब रामगढ़ के अध्यक्ष बीरेंद्र कुमार बीरू उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बीरेंद्र कुमार बीरू द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। वहीं कार्यक्रम की मुख्य भोजपुरी गायिका खुशी कक्कड़ को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। अक्षत मैरेज हाल के संचालक विजय राय ने मुख्य अतिथि को शाल ओढ़ाकर सम्मान दिया। मौके पर मुख्य अतिथि बीरेंद्र कुमार बीरू ने कहा कि अर्थयुग के दौर और इस भागमभाग की जिंदगी से हर इंसान थका-हारा महसूस करता है। इस जदोजहद से निकले कुछ पल गीत-संगीत के साथ हमें शकुन देते और तरोताजा करते हुए आगे के लिए ऊर्जा प्रदान करते हैं। उन्होंने इस संगीतमयी रात का मौजूद लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से लुत्फ उठाने का आग्रह किया। इधर कार्यक्रम की मुख्य गायिका खुशी कक्कड़ सहित अप्पू सिंह, मगही गायक लालू रंगीला आदि की रंगीन प्रस्तुति मौजूद लोगों के लिए जश्न की रात बन गयी। खुशी कक्कड़ और अन्य गायकों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति ने लोगों की जमकर वाहवाही लूटी। कार्यक्रम ने पुराने वर्ष की थकान और तनाव को मिटाते हुए लोगों को नववर्ष के लिए नई ऊर्जा दी। इस अवसर पर राकेश सिन्हा, धर्मेंद्र सिंह, राहुल गुप्ता, जगदीश महतो, अमित सिंह, गौरव कुमार, संजय राय सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### कौलेश्वरी मंदिर परिसर में लगा स्वास्थ्य शिविर



**हंटरगंज/चतरा(आजाद सिपाही)।** नववर्ष के मौके पर कौलेश्वरी मंदिर परिसर में बुधवार सुबह से शाम 4 बजे तक स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मां कौलेश्वरी की पूजा अर्चना करने के बाद निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। इस संबंध में कौलेश्वरी मंदिर विकास समिति सदस्य कुरकुर सिंह ने बताया कि नववर्ष के मौके पर विश्व विख्यात मां कौलेश्वरी के दर्शन के लिए बहुत दूर - दूर से सैलानी यहां आते है। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है और सुरक्षा का भी पुख़्ता इंतजाम किया गया है । श्रद्धालुओं को किसी प्रकार के उपचार की आवश्यकता होगी तो तुरंत प्राथमिक इलाज किया जायेगा और बेहतर इलाज के लिए एम्बुलेंस भी उपलब्ध है। इसके साथ ही दवाइयां भी निःशुल्क दिया जा रहा है। मौके पर एनम ममता कुमारी, संचिता कुमारी, दानिश सह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# पतरातू डैम में सैलानियों की रही भीड़



आजाद सिपाही संवाददाता

**पतरातू।** नव वर्ष 2025 के स्वागत में बुधवार को लेक रिसॉर्ट और पतरातू डैम परिसर के आसपास नव वर्ष के पहले दिन पलानी झरना, दामोदर नदी पिठौरिया घाटी में भी झारखंड के विभिन्न जिले सहित दूसरे राज्य के पर्यटकों की भीड़ में कमी देखी गयी। पर्यटकों के भीड़ भाड़ और विधि व्यवस्था को लेकर रामगढ़ एसपी के दिशा निर्देश पर पतरातू पूलिस पतरातू डैम के आसपास तैनात रही। इस अवसर पर झारखंड के विभिन्न जिले सहित दूसरे राज्य के सैलानी पतरातू डैम पहुंचकर स्पीड बोट, नाव में वोटिंग करते आनंद उठाएं। इसके अलावा कई पर्यटक पिकनिक मनाते नजर आये। और कई प्रकार के व्यंजन बनाते नजर आये। नव वर्ष के मौके पर कई पर्यटक फिल्मी गानों की धुम में थिरकते नजर आये। ऐसा माना जा रहा है कि इसमें पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष पतरातू डैम पहुंचने वाले लोगों की संख्या में कमी देखी गयी।

### कोयलांचल के पिकनिक स्पॉट पर रही धूम



**कुजू (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल कुजू और आस-पास के क्षेत्रों में बुधवार को नववर्ष का स्वागत जोरदार तरीके से किया गया। इस दौरान लोगों ने मंगलवार की मध्य रात्रि से ही नये साल का स्वागत किया। लोगों ने आतिशबाजी कर नव वर्ष का स्वागत करते हुए एक दूसरे को बधाई दी। इधर, सुबह में क्षेत्र के पिकनिक स्पॉटों पर लोगों की भीड़ रही। वहीं, चौक-चौराहों में मिट-मुर्गे सहित सब्जी दुकानों में साम्रगी खरीदगी के लिए लिए लोग नजर आये। साथ ही, पिकनिक स्पॉटों पर लोगों ने जमकर डीजे धुन पर थिरके।

## सपरिवार नेपाल घूमने के लिए निकले, चोरों ने घर कर दी खाली

# लाखों रुपये के जेवरात और नगद की चोरी

**डेढ़ लाख नगद सहित सोने और चांदी के जेवरात की हुई चोरी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के रामानगर के एक बंद घर से चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दी है। जानकारी के अनुसार तुलसी अग्रवाल उर्फ पिंटू पिता स्व राम अवतार अग्रवाल अपने सपरिवार के साथ 24 दिसंबर नेपाल घूमने गये थे। अपने घर की देख भाल के लिए एक राम राजा सिंह रात को मेरे घर मे सोते थे। उन्होंने बताया कि मंगलवार को 8.40 बजे घर पर चोरी होने की सूचना राम राज सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि रात को मेन गेट ताला खोल कर जब वह अंदर प्रवेश किया तो चैनल गेट समेत अंदर के सभी दरवाजों का ताला टूटा हुआ था, मैं उसे वक्त गोरखपुर में था और सूचना मिलते ही, वहां से रामगढ़ के लिए निकला। दोपहर 12:30 के करीब घर पहुंचकर पर पाया कि अज्ञात चोरों ने मेरे घर पर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरी की सूचना उन्होंने रामगढ़ पुलिस को दी। सूचना पाकर रामगढ़ थाना के सब इंस्पेक्टर अरविंद सिंह और आशुतोष सिंह पहुंचकर मामले की जानकारी घर वालों से ली। साथ ही मामले की छानबीन में जुट गये।

**फिंगरप्रिंट टीम पहुंची घटना स्थल, जुटाये साक्ष्य:** घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने फिंगरप्रिंट टीम को इसकी जानकारी दी और घटनास्थल पहुंचकर साक्ष्य जुटाने में जुट गयी। इस दौरान सब इंस्पेक्टर बीरबल हेंब्रम ने कई स्थानों का फोटो खींचे।

**डेढ़ लाख नगद सहित सोने और चांदी के जेवरात की हुई चोरी:** पिंटू अग्रवाल ने बताया कि घर में रखे करीब डेढ़ लाख नकद, चांदी के पूजा के बर्तन एवं सिक्के जिसका वजन करीब 800 ग्राम, सोने की अगूंठी, कान का टॉप्स और नाक का नथ जिसका वजन 20 से 22 ग्राम, लैपटॉप, 5 पेन ड्राइव सहित अन्य सामानों की चोरी हुई है।

### जीतेंद्र यादव बने राजद रामगढ़ जिला उपाध्यक्ष



**कुजू (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय जनता दल रामगढ़ जिलाध्यक्ष मो गुलजार ने हथमारा दिगवार (कुजू) निवासी जीतेंद्र यादव पिता लतालू यादव को जिला उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। साथ ही, जितेंद्र यादव से ईमानदारी पूर्वक संगठन मजबूती प्रदान करने की बात कही है। इधर, जीतेंद्र यादव ने सुप्रीमो लालू प्रसाद, जिलाध्यक्ष मो गुलजार समेत प्रदेश पदाधिकारियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि पार्टी ने जिस उद्देश्य के साथ हमें यह जिम्मेवारी सौंपा है, उसे ईमानदारी पूर्वक निभाने का प्रयासरत रहूंगा। साथ ही, संगठन मजबूती में हमारा विशेष फोकस रहेगा। वहीं, जितेंद्र यादव जिला उपाध्यक्ष मनोनीत के बाद कार्यकर्ताओं ने जितेंद्र यादव को फूलमाला पहनाकर स्वागत करते हुए बधाई दी है।

### जगदीश ठाकुर के अंतिम संस्कार में शामिल हुए मुखिया प्रतिनिधि सुभान अंसारी



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** गाड़ीलौंग पंचायत क्षेत्र के चट्टी गाड़ीलौंग निवासी केदार ठाकुर के पिता 75 वर्षीय वृद्ध जगदीश ठाकुर को बीते दिन संध्या 6 :40 बजे आकस्मिक निधन हो गया। दिवंगत जगदीश ठाकुर लंबे समय से बीमार चल रहे थे। वह भरा पूरा परिवार को छोड़ गये। परिजनों को नूतन वर्ष में शोक उमड़ गया। बुधवार को टंडवा मुक्ति धाम में अग्नि संस्कार किया गया। इस कार्यक्रम में मुक्ति धाम पहुंच कर प्रखंड स्तर के समाज सेवी जन प्रतिनिधि शामिल होकर शोक प्रकट किया है। जिसमें पंचायत मुखिया प्रतिनिधि सुभान अंसारी, पंचायत समिति प्रतिनिधि मनीर अंसारी, रकीब अंसारी, नाई समाज समाज अध्यक्ष संजय शर्मा, सचिव रविंद्र नाथ ठाकुर, कोषाध्यक्ष बसंत कुमार, अशोक ठाकुर, दिवंगत पुत्र केदार ठाकुर, प्रकाश ठाकुर, राजेश ठाकुर, गणेश ठाकुर, नकुल ठाकुर, संजय शास्त्री, आदित्य गुप्ता, रंजन गुप्ता सहित दर्जनों लोग का नाम शामिल है।

### विभिन्न मंदिरों और पिकनिक स्थलों पर दिनभर लोगों की उमड़ी भीड़



**चतरा (आजाद सिपाही)।** नव वर्ष को लेकर जिले के विभिन्न मंदिरों और पिकनिक स्थलों पर दिनभर लोगों की काफी भीड़ लगी रही। काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने सुबह से ही मंदिरों में पूजा अर्चना कर अपने परिवार के सुख समृद्धि की कामना किया और पिकनिक स्थलों पर पिकनिक मनाया। इस दौरान छोटे*छोटे बच्चे भी मेले का खूब आनंद लिया। जिले के प्रसिद्ध मंदिर इटखोरी के भद्रकाली मंदिर, हंटरगंज के कौलेश्वरी मंदिर, पत्थलगड्डा स्थित लेम्बोइया मंदिर, कुंदा प्रखंड के महादेव मठ, टंडवा के चुंदरूधाम समेत जिले एवं शहर के भी अन्य मंदिरों में पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी थी। वहीं तमासीन जलप्रपात, खैवा -बनारु, डुमेर -सुमेर, गोवा, समेत अन्य पिकनिक स्थलों पर भी लोगों ने नव वर्ष के मौके पर जमकर जश्न मनाया। कुछ परिवारों ने पिकनिक स्थलों पर भोजन बनाया तो कई युवाओं की टोलियों ने बना बनाया नास्ता का पैकेट के सहारे अपना नववर्ष मनाया। इस दौरान युवाओं ने डीजे के साउंड पर जमकर थिरके। वहीं महिलाओं एवं बच्चों ने अपनी सेल्फी फोटो लेने में व्यस्त रहे।

### कौलेश्वरी के वन आरोग्य पार्क में नये साल पर उमड़ी सैलानियों की भीड़




**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** जिले के हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के विश्व विख्यात पर्यटन स्थल मां कौलेश्वरी मंदिर पहाड़ की तलहटी में स्थित हटवरिया गांव वन आरोग्य पार्क नए साल में सैलानियों की पहली पसंद बना रहा। कड़ाके की ठंड के बावजूद 2025 के पहले दिन को यादगार बनाने के लिए बिहार से काफी संख्या में सैलानी कौलेश्वरी वन आरोग्य पार्क पहुंचकर खूब आनंद उठाया। पार्क में कहीं युवा जोड़ी सेल्फी लेते नजर आये तो कहीं घास पर बच्चे खेलते दिखायी दिये। हालांकि दोपहर के बाद सूरज निकलते ही लोगों के चेहरे खिल गये वहीं बच्चे झूला झूलते हुए तस्वीर खींचवाने में मग्न दिखें। वन विभाग ने तालाब के बीचों-बीच भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित कर पार्क में आकर्षण का केंद्र बना दिया है। पार्क में सुरक्षा के लिए तकरीबन 20 पुलिसकर्मियों को लगाया गया है। यह पार्क 60 एकड़ क्षेत्र में फैला है। वन आरोग्य पार्क हंटरगंज प्रखंड मुख्यालय से करीब 10 किलोमीटर दूर प्रकृति की हसीन वादियों के बीच जंगल, पहाड़ और हरियाली से घिरा हुआ है।

### कुजू पुलिस ने कोयला लदा ट्रक को किया जब्त

**कुजू(आजाद सिपाही)।** कुजू पुलिस ने हेसागढ़ा फोरलेन सड़क के पास से अवैध कोयला लदा एक 16 चक्का ट्रक को पकड़ा। साथ ही, जब्त ट्रक को कुजू पुलिस ने मांडू पुलिस को सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार, रामगढ़ एसपी अजय कुमार को सूचना मिली कि 16 चक्का ट्रक संख्या जेएच 02 सीवाई 2266 अवैध कोयला लोडकर हजारीबाग की ओर जा रहा है। इसके बाद उन्होंने कुजू पुलिस को सूचना देते हुए ट्रक को पकड़ने का निर्देश दिया। पुलिस उक्त ट्रक को रोका। लेकिन ट्रक चालक गाड़ी छोड़ कर भाग गया। मामले में पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। ट्रक में करीब 30 टन कोयला लदा है।

**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

**ई:निविदा सूचना सं. एस.जी.664-25-संकेत-2024-25** भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु ई.निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

**क्रम सं० : 1. कार्य का नाम :** धनबाद मण्डल में लाइटनिंग एवं सर्ज प्रोटेक्शन सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग, मतारी और सिंगरौली स्टेशनों पर ईप्रतिष्ठानों के लिए आई. हेतु। **2. कार्य का आकलित मूल्य :** ₹ 80,83,857 (लगभग), **3. कार्य का अग्रधन राशि :** ₹1,61,700.00, **4. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 17.01.2025 (12:30 बजे)। 5. ऐसी ई:निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रुप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई.निविदा के ई.निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

**द्रष्टव्य :-** प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई.निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम दस दिन पहले वेबसाइट : http//www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

**वरीय मण्डल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता**
**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**
**पीआर/01817/डीएचएन/एस&टी/टी/24-25/40**

# लिखेंगे नयी कहानी

साल 2024 को अलविदा कहने के बाद 2025 की ओर देखते हुए हम इस बात पर राहत और सुकून महसूस कर सकते हैं कि आगे की राह चुनौतियों से खाली भले न हो, पर उम्मीद और विश्वास के दीप उसे रोशन कर रहे हैं।

**राजनीतिक स्थिरता :** 2024 में हुए लोकसभा चुनावों के नतीजे आने के बाद राजनीतिक अस्थिरता की, जो आशंका बनी थी, साल के अंत तक वह खत्म हो गयी। हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के नतीजों ने जाहिर कर दिया कि बीजेपी का दबदबा बना हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता बनी हुई है और इस बीच पार्टी ने कहा कि वह पीएम के तौर पर अपना तीसरा कार्यकाल भी पूरा करेंगे।

**विकास की निरंतरता :** जहां तक देश के आर्थिक विकास की रफ्तार का सवाल है, तो यह सही है कि हाल में इसमें थोड़ी कमी आयी है। साल 2024-25 की दूसरी तिमाही में यह 5.4 फीसदी पर आ गयी, जो पिछली सात तिमाहियों का सबसे निचला स्तर है, लेकिन गौर करने की बात है कि यह चुनावी साल था। लिहाजा सरकारी खर्च में कमी एक बड़ा फैक्टर रही। जानकार मानते हैं कि तीसरी और चौथी तिमाहियों में यह रफ्तार तेज होगी। वैसे भी रिजर्व बैंक का अनुमान है कि 2024-25 में देश की सालाना बढ़ोतरी दर 6.6 फीसदी रहेगी, जो दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे ज्यादा है। खास बात यह कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) के मुताबिक 2025 में भारत जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी इकॉनमी बन सकता है।

> **बांग्लादेश के हालात जरूर भारत के लिए कुछ चुनौती पेश कर रहे हैं, अमेरिका में डॉनल्ड ट्रंप की नीतियों को लेकर भी कुछ आशंकाएं हैं, फिर भी कुल मिला कर साल 2025 युद्ध के बजाय शांति की संभावनाओं को मजबूती देता दिख रहा है।**

**रोजगार, स्वास्थ्य की चुनौतियां :** विकास के बावजूद कई मोर्चों पर देश में चुनौतियां भी हैं। जॉबलेस ग्रोथ का आरोप भले पूरी तरह सच न हो, लेकिन युवाओं के लिए अच्छी नौकरी ढूंढना एक गंभीर समस्या है। आयुष्मान भारत स्कीम अच्छी योजना है, लेकिन उसके दुरुपयोग की खबरें भी आती रहती हैं। वहीं, इंश्योरेंस रेग्युलेटर आइआरडीएआइ की हाल में आयी रिपोर्ट बताती है कि साल 2023-24 के दौरान हेल्थ इंश्योरेंस के 71.3 फीसदी दावे ही सेटल किये गये। जाहिर है नियामक को इसे गंभीरता से लेना होगा।

**अंतरराष्ट्रीय संबंध :** एलएसी से जुड़ा विवाद सुलझा लिये जाने के बाद अब नये साल में चीन के साथ रिश्तों में बेहतरी की उम्मीद बढ़ गयी है। बांग्लादेश के हालात जरूर भारत के लिए कुछ चुनौती पेश कर रहे हैं, अमेरिका में डॉनल्ड ट्रंप की नीतियों को लेकर भी कुछ आशंकाएं हैं, फिर भी कुल मिला कर साल 2025 युद्ध के बजाय शांति की संभावनाओं को मजबूती देता दिख रहा है। सो, आइए खुले दिल से और पूरे यकीन से कहें- हैपी न्यू ईयर।

अभिमत
आजाद सिपाही

**राजनीतिक दृष्टि से वर्ष 2024 में एक विकृत, नयी निकृष्ट बात देखने को मिली। भाजपानीत राजग और कांग्रेस के बीच पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार और स्मारक को लेकर कुछ विवाद देखने को मिला। राहुल गांधी ने सरकार पर आरोप लगाया कि पूर्व प्रधानमंत्री का अंतिम संस्कार राजघाट पर करने की बजाय सार्वजनिक घाट पर करने से उनका अपमान किया गया है और उनके स्मारक के लिए भूमि नहीं दी गयी।**

# हमारे नेताओं को 2025 एक बेहतर वर्ष बनाना होगा

**पूनम आई. कौशिश**

वर्ष 2024 का विदाई उल्लेख किस तरह करें? नयी आशाओं और नये वचनों के साथ वर्ष 2025 का स्वागत करते हुए शैंपेन की बोतल खोलें या अगले 12 महीनों तक निरंतर पतन देखते रहें। स्पष्ट है कि वर्ष 2024 को इतिहास में एक उथल-पुथल भरे वर्ष के रूप में देखा जायेगा। राजनीतिक दृष्टि से वर्ष 2024 में एक विकृत, नयी निकृष्ट बात देखने को मिली। भाजपानीत राजग और कांग्रेस के बीच पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार और स्मारक को लेकर कुछ विवाद देखने को मिला। राहुल गांधी ने सरकार पर आरोप लगाया कि पूर्व प्रधानमंत्री का अंतिम संस्कार राजघाट पर करने की बजाय सार्वजनिक घाट पर करने से उनका अपमान किया गया है और उनके स्मारक के लिए भूमि नहीं दी गयी। भाजपा ने इसका प्रत्युत्तर कांग्रेस पर यह आरोप लगाते हुए दिया कि यह राजनीतिक लाभ के लिए छोटी मनगढ़ंत बातों से इस दुख की घड़ी का दोहन कर रही है।

कांग्रेस भूल गयी है कि उन्होंने अपने ही पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हाराव के अंतिम संस्कार के समय कैसा व्यवहार किया था और उनके लिए दिल्ली में स्मारक के लिए भूमि नहीं दी थी। उनके पार्थिव शरीर को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय में रखने नहीं दिया गया और राव परिवार से कहा गया कि वे उनका अंतिम संस्कार हैदराबाद में करें, स्मारक बनाना तो दूर की बात है। राव का स्मारक राष्ट्र एकता स्थल मोदी सरकार द्वारा बनवाया गया। उसके बाद भाजपा ने कांग्रेस के प्रथम परिवार सोनिया-राहुल पर अमेरिकी अरबपति जॉर्ज सोरोस के साथ संबंधों और उसके साथ मिल कर भारत को अस्थिर करने के लिए भारत विरोधी एजेंडा चलाने का शोर मचाया और यहां तक कि इस मुद्दे पर सपा और तृणमूल कांग्रेस ने स्वयं को कांग्रेस से अलग कर लिया। उसके बाद 'मेरा आंबेडकर बनाम तुम्हारा आंबेडकर' को लेकर विवाद देखने को मिला।

> **हमारे शासकों को इस बात पर ध्यान देना होगा कि वे वर्ष 2025 को किस तरह से एक बेहतर वर्ष बता सकते हैं।**



**देश 2025 में प्रवेश कर रहा है, हमारे नेतागणों को जिम्मेदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना होगा, अपने तौर-तरीकों को बदलना होगा तथा शासन के वास्तविक गंभीर मुद्दों का निराकरण करना होगा। उन्हें इस बात को समझना होगा कि भारत की लोकतांत्रिक शक्ति आम जनता की सहनशीलता और धैर्य में है।**

चुनावी दृष्टि से वर्ष 2024 के आम चुनावों में मोदी को नुकसान उठाना पड़ा और मोदी 3.0 में इस बार 400 पार की बजाय गठबंधन सरकार बनाने के लिए बाध्य होना पड़ा। निश्चित रूप से भाजपा को अकेली सबसे बड़ी पार्टी के रूप में 240 सीटें मिलीं और सहयोगी दलों के साथ 293, किंतु क्या मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में अपनी शर्तों के अनुसार कार्य कर पायेंगे? उसके बाद भाजपा महाराष्ट्र में अपने सहयोगी दलों के साथ भारी जीत दर्ज कर भूल सुधार करने में सफल रही। साथ ही हरियाणा में भाजपा ने भारी जीत दर्ज की, हालांकि लोकसभा चुनावों में इन दोनों राज्यों में भाजपा को नुकसान उठाना पड़ा था। कांग्रेस अपनी विफलता से कोई सबक नहीं ले रही। अब देखना यह है कि कांग्रेस इस स्थिति से कैसे उबरती है।

वर्तमान में इंडिया गठबंधन में तकरार चल रही है। तृणमूल कांग्रेस की ममता की तरह इस बार दिल्ली में केजरीवाल भी अकेले चुनाव लड़ने जा रहे हैं। साथ ही ममता बनर्जी ने अपने इरादे स्पष्ट कर दिए हैं कि वह इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं। इस राजनीतिक आक्रोश के बीच आम आदमी रोटी, कपड़ा और मकान के लिए संघर्ष कर रहा है तथा उसमें आक्रोश और असंतोष बढ़ रहा है। जनता अपनी समस्याओं का समाधान चाहती है और नये वर्ष में बदलाव की आशा रख रही है।

सामाजिक क्षेत्र में भी स्थिति अच्छी नहीं है। स्वतंत्रता के 70 वर्षों बाद भी शिक्षा, स्वास्थ्य और खाद्यान्न के क्षेत्र में अरबों-खरबों रुपये खर्च करने के बावजूद 70 प्रतिशत लोग अभी भी भूखे, अशिक्षित, अकुशल और बुनियादी चिकित्सा सुविधा से वंचित हैं। कहीं भी चले जाएं, स्थिति एक जैसी है जिसके चलते लोग कानून को अपने हाथ में ले रहे हैं और हिंसा करने पर उतारू हैं। देश की राजधानी दिल्ली में जघन्य हत्याएं देखने को मिल रही हैं और ऐसा लगता है कि सारा देश अंधेर नगरी में बदल रहा है। महिलाओं का यौन उत्पीड़न, उनके साथ छेड़छाड़ आदि की घटनाएं बढ़ रही हैं। देश में प्रत्येक मिनट में 7 बलात्कार होते हैं। निर्भया से लेकर हाथरस तक स्थिति में बदलाव नहीं हुआ। विदेशी मोर्च पर चीन के साथ भारत के संबंधों में विशेष सुधार नहीं हुआ। लंबी बातचीत के बाद मोदी चीन को इस बात से सहमत कराने में सफल हुए हैं कि पूर्वी लद्दाख, देपसांग और गलवान घाटी में शांति और स्थिरता बहाल की जाए, जहां पर जून 2020 में नियंत्रण रेखा पर चीन ने आक्रामक कार्रवाई की थी। चीन न्यू नार्मल बनाना चाहता है, किंतु भारत को बुद्धिमता, परिपक्वता और धैर्य के साथ रणनीति अपनानी होगी, ताकि वह भारत-चीन संबंधों को नियंत्रित कर सके।

देश 2025 में प्रवेश कर रहा है, हमारे नेतागणों को जिम्मेदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना होगा, अपने तौर-तरीकों को बदलना होगा तथा शासन के वास्तविक गंभीर मुद्दों का निराकरण करना होगा। उन्हें इस बात को समझना होगा कि भारत की लोकतांत्रिक शक्ति आम जनता की सहनशीलता और धैर्य में है। इसके अलावा सरकार व विपक्ष दोनों को अपने नेताओं के साथ मिलकर इस बात पर विचार करना होगा कि यदि दोनों पक्ष मिल कर कार्य करेंगे, तो एक बहुलवादी समाज का निर्माण होगा, जहां पर विभिन्न समुदायों के लोग मिल कर रहेंगे, जो एक राष्ट्र का निर्माण करते हैं। कुल मिला कर, हमारे शासकों को इस बात पर ध्यान देना होगा कि वे वर्ष 2025 को किस तरह से एक बेहतर वर्ष बता सकते हैं। उन्हें अपने बुनियादी कर्तव्यों पर ध्यान देना होगा और अधिक मानवीयता के साथ कार्य करने होंगे। उन्हें विश्व को आशा के एक नए लैंस से देखना होगा, जहां पर सम्यक प्राधिकार, सम्यक इरादे और सम्यक आशाएं हमारे प्रत्युत्तर का निर्धारण करें।

## देश-विदेश की खबरें

# लखनऊ के होटल में एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लखनऊ/ आगरा।** लखनऊ के होटल में बाप-बेटे ने अपने परिवार के 5 लोगों की हत्या कर दी। पत्नी और 4 बेटियों की हत्या के बाद पिता होटल से भाग गया। जबकि बेटा थाने गया। वहां पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो कमरे में 5 लोगों की लाश पड़ी थी।

डीसीपी रवीना त्यागी ने बताया- बेटे अरशद (24) के साथ पिता मो. बदर ने पत्नी आसमां, 4 बेटियों- आलिया (9), अक्सा (16), अल्शिफा (19) और राहीमीन (18) की हत्या कर दी। परिवार 30 दिसंबर को लखनऊ आया था। नाका इलाके के शरनजीत होटल में कमरा लिया। बेटे ने मर्डर करने के दौरान का वीडियो भी बनाया। इसमें पिता बच्ची का गला दबाते नजर आ रहा है। कमरे में लाशें पड़ी हुई हैं।




परिवार आगरा के इस्लाम नगर, टेढ़ी बगिया का रहने वाला था। शरनजीत होटल में कमरा नंबर-109 में ठहरा था। जांच के बाद पुलिस ने कमरा सील कर दिया।

**वीडियो में कहा-पड़ोसियों ने प्रताड़ित किया, योगी जी इंसाफ दिलवाइये**

अरशद ने हत्या के दौरान वीडियो बनाया। इसमें आगरा में पड़ोसियों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया। कहा- उन्होंने जीना हराम कर दिया। हमारे घर पर कब्जा करना चाहते हैं। हम 13 दिन से फुटपाथ पर सोने के लिए मजबूर हैं। आरोपी हमारी बहनों को बेचना चाहते थे।

**धर्म परिवर्तन करना चाहते थे**

आज ये बहुत तड़पी हैं। योगी जी हमारे जीते जी नहीं तो मरने के बाद ही इंसाफ दिलवाये। ऐसे मुसलमानों को मत छोड़ना। मकान के पेपर मेरे पास हैं। मकान को हम मंदिर के नाम करना चाहते थे। धर्म परिवर्तन करना चाहते थे। योगी जी से गुजारिश है कि इन जैसे मुसलमानों को मत छोड़ो।

**हत्या के बाद पिता को स्टेशन पर छोड़ा**

अरशद ने पूछताछ में बताया कि उसे डर था कि उसे कुछ हो गया तो मां और बहन का क्या होगा। इसलिए उनको मारने का फैसला किया। अरशद परिवार को पहले अजमेर लेकर गया। फिर लखनऊ लाकर सभी को होटल में रुकवाया। रात में शराब पिलाई। पिता के साथ मिलकर कुछ के मुंह में कपड़ा डालकर दुपट्टे से गला दबा दिया और कुछ की कलाई ब्लेड से काट दी। कमरे से सर्जिकल ब्लेड भी मिला है।

## यूक्रेन के रास्ते यूरोप को रूसी गैस की सप्लाइ बंद

**मॉस्को।** रूस की सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी गाजप्रोम और यूक्रेन के बीच पाइपलाइन के जरिए यूरोपीय देशों को गैस भेजने का समझौता अब टूट गया है। अलजजीरा के मुताबिक गाजप्रोम ने इसकी पुष्टि की है। इसके साथ ही रूस और यूक्रेन के बीच बचा हुआ आखिरी कारोबारी और राजनीतिक समझौता अब खत्म हो चुका है। समझौते के टूटने से अब यूरोप के कई देशों तक रूसी प्राकृतिक गैस का निर्यात रुक गया है। रूसी कंपनी गाजप्रोम ट्रांजिट एग्रीमेंट के तहत जंग के दौरान भी स्लोवाकिया, मोल्दोवा और हंगरी समेत कई देशों को प्राकृतिक गैस भेजती थी। यूक्रेन के ऊर्जा मंत्री जर्मन गैलुशेंको ने एक बयान में कहा कि हमने रूसी गैस के ट्रांजिट को रोक दिया है। यह एक ऐतिहासिक घटना है। रूस अपने बाजार खो रहा है, उसे वित्तीय नुकसान होगा। यूरोपीय देशों के गैस भेजने के लिए ट्रांजिट एग्रीमेंट की शुरूआत 2019 में हुई थी। इसे 31 दिसंबर 2024 को खत्म होना था।

## महाकुंभ में श्रीशंभू पंचायत अटल अखाड़े की पेशवाइ

# 500 से ज्यादा साधु-संत रथ-घोड़े पर सवार होकर निकले, फरसा लहराकर लाठी भांजी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**प्रयागराज।** महाकुंभ मेले के लिए सभी अखाड़ों से जुड़े साधु-संतों का प्रवेश अब मेला क्षेत्र में हो रहा है। आज 1 जनवरी को चौथे अखाड़े की पेशवाई (छावनी प्रवेश) हुई। श्रीशंभू पंचायती अटल अखाड़े की पेशवाई में सबसे आगे देवता के रूप में भगवान गणेश और धर्म ध्वजा निकाली गयी। इसके पीछे महामंडलेश्वर रथ और बग्घी पर सवार होकर निकले। इसके पीछे भस्म-भभूत लपेटे संतों ने लाठियां भांजी, फरसा लहराये और त्रिशूल लेकर चल रहे थे। अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी विश्वात्मा सरस्वती महाराज की अगुवाई में 500 से ज्यादा साधु-संत और 100 से ज्यादा नागा संत महाकुंभ में बने अपने शिविर में प्रवेश किये। 5 किमी की यह यात्रा करीब 2 घंटे में पूरी हुई।



**महाकुंभ में सुरक्षा-व्यवस्था कैसी होगी**

प्रयागराज महाकुंभ की औपचारिक शुरूआत 13 जनवरी 2025 से होगी। पूरा मेला 4 हजार हेक्टेयर (15,840 बीघा) में बसेगा। पहली बार 13 किलोमीटर लंबा रिवर फ्रंट बन रहा है। कुंभ के इस मेले में सुरक्षा पर विशेष फोकस किया गया है। पूरे मेले को 25 सेक्टर में बांटा गया है और इसी आधार पर कुल 56 थाने और 144 चौकियां बनायी जायेंगी।

इसमें नागरिक पुलिस की संख्या 18479 होगी। 1378 महिला पुलिसकर्मी तैनात रहेंगी। ट्रैफिक पुलिसवालों की संख्या 1405 होगी। सशस्त्र पुलिसकर्मियों की संख्या 1158 होगी। मेले में घुड़सवार पुलिस भी होगी। इनकी संख्या 146 तय की गयी है। परिवहन शाखा से जुड़े 230 पुलिसकर्मी होंगे। 340 जल पुलिस संगम व आसपास के घाट पर तैनात रहेंगे।

# दुनिया में 2025 का ग्रैंड वेलकम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** न्यूजीलैंड से लेकर अमेरिका तक नया साल दस्तक दे चुका है। पूरी दुनिया में साल 2025 का जश्न जोर शोर से मनाया गया है। देश-विदेश की प्रमुख जगहों पर आतिशबाजी के साथ नए साल का ग्रैंड वेलकम किया गया है। अमेरिका के टाइम्स स्क्वायर और कनाडा के नियाग्रा वॉटरफॉल पर जोरदार आतिशबाजी के साथ लाइटिंग शो भी हुए। यहां म्यूजिक कॉन्सर्ट भी किये गये। नए साल के आगमन पर टाइम्स स्क्वायर में लोगों ने एक दूसरे को हग और किस करते हुए बधाई दी। ब्राजील के कोपाकबाना बीच पर करीब 20 लाख लोग नये साल के जश्न में शामिल हुए। वहीं यूरोपीय देशों में भी जमकर नया साल मनाया गया। ब्रिटेन में भारी बारिश के बीच लोग छाता लेकर जश्न मनाने पहुंचे। दूसरी तरफ जंग में उलझे रूस और यूक्रेन में भी नये साल का स्वागत किया गया।





रियो में क्राइस्ट द रिडीमर स्टैच्यू के पास आतिशबाजी और लाइटिंग शो। थाइलैंड की राजधानी बैंकॉक में आतिशबाजी के साथ नये साल का वेलकम

# तमिलनाडु सरकार ने आडाणी एनर्जी का टेंडर कैंसिल किया

**महंगा चार्ज वसूलने का आरोप लगाया, केंद्र सरकार के स्कीम के तहत इलेक्ट्रिक मीटर लगाना था**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**तमिलनाडु।** तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉरपोरेशन ने अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड से स्मार्ट मीटर खरीदने के लिए जारी टेंडर कैंसिल कर दिया है। तमिलनाडु सरकार ने अडाणी की कंपनी पर महंगा चार्ज वसूलने का आरोप लगाया है। यह टेंडर 27 दिसंबर को रद्द किया गया था। केंद्र सरकार की रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के तहत स्मार्ट मीटर लगाने के लिए अगस्त 2023 में चार पैकेज में टेंडर जारी की गई थी। राज्य सरकार ने इन चारों को कैंसिल किया है। बताया जाता है कि बीएसइ में लिस्टेड एक फर्म ने चेन्नई सहित आठ जिलों को कवर करने वाले टेंडर के पैकेज-1 के लिए सबसे कम बोली लगाने वाली थी और इसमें 82 लाख से ज्यादा मीटर लगाने की बात शामिल थी।



**कंपनी पर अमेरिका में लगे हैं धोखाधड़ी के आरोप**

अमेरिका में उद्योगपति गौतम अडाणी समेत 8 लोगों पर अरबों रुपए की धोखाधड़ी के आरोप लगे थे। यूनाइटेड स्टेट्स अटॉर्नी ऑफिस का कहना है कि अडाणी ने भारत में सोलर एनर्जी से जुड़ा कांट्रैक्ट हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को 265 मिलियन डॉलर (करीब 2200 करोड़ रुपये) की रिश्वत दी या देने की योजना बना रहे थे। यह पूरा मामला अडाणी ग्रुप की कंपनी अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड और एक अन्य फर्म से जुड़ा हुआ है। 24 अक्टूबर 2024 को न्यूयॉर्क की फेडरल कोर्ट में यह केस दर्ज हुआ था। इसकी सुनवाई में गौतम अडाणी, उनके भतीजे सागर अडाणी, विनीत एस जैन, रंजीत गुप्ता, साइरिल कैबेनिस, सौरभ अग्रवाल, दीपक मल्होत्रा और रूपेश अग्रवाल को आरोपी बनाया गया था।

'कॉफी की एसडीएम' : ऑटो रिक्शा चालकों के साथ एसडीओ ने किया संवाद, कहा

# ऑटो चालकों के कल्याण के लिए उठाये जायेंगे आवश्यक कदम

**ऑटो चालकों की समस्याओं और सुझावों को सुना, अमल का आश्वासन दिया**

**ओवरलोडिंग, अवैध पड़ाव, रैश ड्राइविंग को लेकर दी गयी नसीहत**




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** बुधवार को पूर्व निर्धारित समयानुसार आयोजित 'कॉफी विद एसडीएम' में गढ़वा के ऑटो रिक्शा चालकों ने भाग लिया। एसडीओ संजय कुमार के आमंत्रण पर अनुमंडल कार्यालय स्थित सभागार में आहूत इस विशेष कार्यक्रम में पहुंचे चालकों ने गढ़वा क्षेत्र की स्थानीय परिवहन व्यवस्था और यातायात प्रबंधन को लेकर अपने कई सुझाव दिए साथ ही अपनी समस्याओं को भी एसडीओ के समक्ष रखा। लगभग डेढ़ घंटे की अनौपचारिक संवाद के दौरान सभी ने एक-एक कर अपनी बातों को रखा।

**सभी मार्गों पर टेंपो-टैक्सी स्टैंड बनाने का अनुरोध :** ऑटो चालकों ने अनुमंडल पदाधिकारी से कहा कि मेराल रोड, चिनिया रोड, मझिआंव रोड, रंका रोड और रेहला रोड में ऑटो रिक्शा चलते हैं किंतु इन मार्गों पर अलग-अलग टेंपो स्टैंड नहीं है। जिससे मजबूरी वश यत्र यत्र टेंपो खड़े करने पड़ते हैं, जिससे न केवल यातायात बाधित होता है बल्कि रोज रोज लड़ाई झगडे और विधि व्यवस्था की समस्या भी उत्पन्न होती है। उन्होंने बताया कि अभी सिर्फ दानरो नदी किनारे ही एक टैक्सी स्टैंड है जो कि पूरी तरह से व्यवस्थित भी नहीं है, टैक्सी चालकों ने एसडीओ से अनुरोध किया कि सभी मार्गों पर डेडीकेटेड टैक्सी स्टैंड बनाया जाए।

**अवैध उगाही को लेकर चालकों ने एसडीओ से बयां किया दर्द :** ऑटो रिक्शा चालकों ने संजय कुमार को बताया कि कुछ इलाकों में अलग-अलग तरीके से उन लोगों से अवैध वसूली की जाती है, जिससे वे लोग अनावश्यक परेशान होते हैं। अनुमंडल पदाधिकारी ने इस संबंध में चालकों से आवश्यक गोपनीय सूचनायें प्राप्त कर सभी को भरोसा दिलाया कि वे मामले की स्वयं जांच करेंगे, सत्यता प्रमाणित होने पर संबंधित लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

**ओवरलोडिंग पर होगी कार्रवाई:** एसडीओ ने चालकों से संवाद के दौरान कहा कि उनकी सभी शिकायतों और सुझावों का निराकरण और अमल किया जायेगा, किंतु ऑटो रिक्शा चालकों से भी उनकी अपेक्षाएं हैं कि वे ओवरलोडिंग व रैश ड्राइविंग नहीं करेंगे, समुचित दस्तावेजों के साथ ही वाहन को रोड पर चलायेंगे तथा अपने किसी नाबालिक परिजन को वाहन चलाने की अनुमति नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि आये दिन ओवरलोडेड वाहन सड़क पर दिखाई दे जाते हैं, अगर आगे से इसकी पुनरावृत्ति हुई तो वाहन चालकों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

उन्होंने कहा कि रंका और मेराल से आने वाली पिकअप वाहनों के छत के ऊपर सवारियां बैठाने की भी शिकायतें मिलती हैं, औचक जांच में जिस दिन भी ऐसे वाहन पकड़े गए, वाहनों को जब्त कर लिया जायेगा।

**रंका मोड़ पर वाहन पड़ाव न करें :** संजय कुमार ने सभी ऑटो रिक्शा चालकों से कहा कि रंका मोड़ चौराहे के चारों तरफ के स्थान को नो वेटिंग जोन के रूप में चिन्हित किया जा रहा है, यहां पर सवारियों के इंतजार करना या वाहनों को पार्क करने की अनुमति नहीं होगी।

**शहर में बनाये गये अस्थायी डिवाइडर के अनुरूप व्यवहार करें :** शहर में रस्सियों की सहायता से बनाए गए अस्थाई डिवाइडर के बारे में ऑटो रिक्शा चालकों से फीडबैक लेते हुए संजय कुमार ने कहा कि नयी व्यवस्था के अनुरूप वे लोग भी अपने व्यवहार में परिवर्तन लाएं, डिवाइडर का सही मायने में लाभ उसी स्थिति में मिल पायेगा, जब दोनों ओर अनावश्यक पार्किंग पर रोक लग जाये। इसलिए सवारियां उतारने और चढ़ाने के लिए जगह-जगह वाहन नहीं रोकें, इसके लिये कुछ कुछ दूरी पर जल्द ही ड्रॉपिंग जोन चिन्हित करने की योजना है।

**दुर्घटनाग्रस्त लोगों को अस्पताल पहुंचाने वाले होंगे सम्मानित :** एसडीओ ने कहा कि वाहन चालकों का कार्यक्षेत्र रोड ही है, ऐसे में कई बार सड़क दुर्घटना के हताहतों को वे तुरंत राहत पहुंचाने का कार्य कर सकते हैं। घायलों को अस्पताल तक पहुंचाने वाले चालकों को प्रशासन की ओर से सम्मानित किया जायेगा।

**चालकों को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने की होगी पहल :** एसडीओ ने वाहन चालकों से अपील की कि वे ऐसे सभी आटो चालकों का डेटाबेस तैयार करें जिन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड आदि की पात्रता के बावजूद किसी कारण से अब तक लाभ नहीं मिल सका है। ऐसे लोगों को लाभ दिलाने के लिए आवश्यक पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि आटो चालकों का समूह बीमा करवाने के लिए भी मदद की जायेगी।

इस दौरान रमेश कुमार दीपक, दिलीप चंद्रवंशी, महेंद्र तिवारी, उस्मान अंसारी, शंकर कुमार रवि, अवधेश चौधरी, छोटन चौधरी, अमीरा, अशोक कुमार, कामेश्वर चौधरी, भोला चौधरी, विकास कुमार, राजेश चौधरी, नुरुल हक अंसारी, लालू चौधरी, विजय पाल, कंचन चौधरी, विनय चौधरी आदि ने अपनी अपनी बात रखी।

## गढ़वा के सत्यम का जापान की यूनिवर्सिटी में बीटेक की पढ़ाई के लिए हुआ चयन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के साईं मुहल्ला निवासी राजेंद्र सिन्हा के पुत्र सत्यम सिन्हा का जापान के सर्वश्रेष्ठ यूनिवर्सिटी में रोबोटिक्स से बीटेक की पढ़ाई के लिए चयन हुआ है ।सत्यम ने जापान में रोबोटिक्स से बीटेक की पढ़ाई के लिए इसी वर्ष प्रवेश परीक्षा दी थी। जिसमें पूरे देश में इन्हें सर्वश्रेष्ठ स्थान हासिल हुआ है। जो गढ़वा के लिए गौरव की बात है। उनकी इस सफलता पर आरपी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के निदेशक डॉक्टर पातंजली केशरी ने सत्यम को मोमेंटो को देकर सम्मानित किया और उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि जापान की अच्छे यूनिवर्सिटी में इस पढ़ाई के लिए हमारे देश भारत के लिए कुल 12 सीट निर्धारित है। जिसमें आठ छात्र हमारे देश भारत से सफल घोषित किये गये हैं। इन आठ छात्रों में सत्यम का स्थान टॉपर है। यह बहुत खुशी की बात है। इससे अन्य छात्रों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए।

इस संबंध में जानकारी देते हुए सत्यम ने कहा कि देश के लिए बेहतर करने का सपना शुरू से ही रहा है। मैक्स्ट की ओर से प्रत्येक वर्ष प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है। जिसमें अच्छे अंकों के साथ सफलता मिली है। अगले वर्ष जापान के सर्वश्रेष्ठ यूनिवर्सिटी में रोबोटिक्स से बीटेक करने का अवसर मिला है। इस सफलता में मेरे माता-पिता और गुरु का विशेष योगदान रहा है। मौके पर अब्दुल मन्नान, डॉक्टर इशितयाक रजा, दामोदर राम, डॉक्टर आदित्य प्रकाश सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## एसडीओ संजय ने मुसहर बच्चों के साथ मनाया नया वर्ष, उपहार में दिया गर्म कपड़े



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने बुधवार को गढ़वा प्रखंड के जरगढ़ गांव के समीप अवस्थित मुसहर टोली पहुंचकर यहां छोटे बच्चों को उपहार स्वरूप गर्म कपड़े देकर उनके साथ अंग्रेजी नव वर्ष मनाया। दरअसल पिछले दिनों 'कॉफी विद एसडीएम' कार्यक्रम में पहुंचे स्थानीय व्यवसायियों से उन्होंने अपील की थी कि सभी लोग यथाशक्ति गर्म कपड़े जैसे स्वेटर, जैकेट, टोपी, मफलर, शाल आदि कपड़े इकट्ठा कर जरूरतमंदों के बीच में वितरित करवाने की सामूहिक मुहिम में स्वैच्छिक रूप से शामिल हों। उसी क्रम में गढ़वा के कुछ व्यापारियों की ओर से गर्म कपड़े उपलब्ध करवाने का सिलसिला आरंभ हो गया है। एसडीओ की ओर से आज इन मुसहर बच्चों के बीच जो गरम जैकेट, स्वेटर आदि बांटे गये हैं वे उसी मुहिम के तहत प्राप्त हुए थे। नव वर्ष के दिन गर्म कपड़े और अन्य उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस दौरान स्थानीय व्यवसायी कमलेश अग्रवाल और एसडीओ कार्यालय के कुछ कर्मचारी भी उनके साथ मौजूद थे। संजय कुमार ने समाज के सक्षम लोगों से पुनः अपील की कि वे अपनी सामर्थ्य अनुसार इस सर्दी के मौसम में जरूरतमंदों के बीच गर्म कपड़े बांटने के लिए अपने-अपने स्तर से अपने आस पास के क्षेत्रों में मुहिम चलायें।

## रंका में युवक की संदेहास्पद मौत, चार पर एफआइआर



आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका अनुमंडल प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत रंकाकला गांव निवासी डॉ भीम कुमार मेहता के पुत्र शिशिर कुमार उर्फ. चितरंजन कुमार उम्र - 22 वर्ष (लगभग) की मौत मंगलवार की रात्रि में संदेहास्पद स्थिति में हो गयी। शव कम ऊंचायी वाला घर में फांसी के रूप में गमछा के फंदे से लटका मिला। उस घर में जहां फांसी का गमछा था, वहां पर सटा हुआ बड़ा बक्सा भी है। युवक चाहता तो बच भी सकता था, जो संदेह के घेरे में है। युवक की मौत की खबर सुनकर सैकड़ों लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गयी। रंका थाना पुलिस शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु गढ़वा भेज दिया। मृतक लड़का के पिता ने रंका थाना में चार लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराया है। जिसकी जांच पड़ताल रंका पुलिस करने में जुट गयी है। शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। माता पिता का रो - रो कर बुरा हाल है। गांव घर टोले के लोगों में शोक व्याप्त है।

## बाइक की चपेट में आने से पांच वर्षीय बच्चे की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**लखेया गांव अपने घर के पास सड़क पार करते समय बाइक की चपेट में 5 वर्षीय रंजन कुमार का फटा माथा**

**इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाने के क्रम में हुई मौत, अस्पताल में चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** मेराल-डंडई मार्ग पर मंगलवार की शाम में एक बाइक दुर्घटना में 5 वर्षीय रंजन कुमार की मौत हो गयी। मृतक मेराल थाना क्षेत्र के लखेया गांव निवासी कृष्णा चौधरी का पुत्र था। परिजन के अनुसार रंजन खाना खाकर घर की छत से नीचे उतरा था और सड़क पार कर शौच के लिए गया था। लौटते समय घर के पास ही एक तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आ गया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। दुर्घटना के बाद तुरंत उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया जा रहा था कि रास्ते में ही रंजन ने दम तोड़ दिया। सदर अस्पताल में पहुंचने पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। रंजन के मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। रंजन परिवार का सबसे छोटा बच्चा था, उसके दो भाई व दो बहनें हैं। घर के सबसे दुलारा बच्चा के मौत से कोहराम मच गया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। खबर लिखे जाने तक शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका था।

## सेवानिवृत्त चौकीदार को दी गयी भावभीनी विदाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़गड़।** बड़गड़ थाना परिसर में मंगलवार को एक समारोह के तहत सेवानिवृत चौकीदार को भावभीनी विदाई दी गयी। इस मौके पर सर्वप्रथम नव सृजित बड़गड़ थाना के प्रथम प्रभारी दीपक कुमार मौर्य ने सेवा निवृत्त चौकीदार शिवनाथ भुईहर को माला पहनाकर कर तथा अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके सरकारी सेवा से मुक्त होने के बाद मंगलमय जीवन तथा उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इसके पश्चात स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और गणमान्य नागरिकों ने सेवानिवृत्त चौकीदार के नौकरी के दौरान किये बेहतर कार्यो की सराहना की तथा सभी ने विभिन्न प्रकार के भेंट प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि कभी इन्होंने किसी को परेशान नहीं किया, वे क्षेत्र के लोगों के हर विकट परिस्थिति में सहयोग के लिए खड़े रहते थे। विदाई समारोह के दौरान भंडरिया थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह ने भी सेवानिवृत्त चौकीदार को शुभकामनाओं के साथ विदाई दी। इस मौके पर मुख्य रूप से सअनि मुकेश कुमार, संतोष कुमार उपाध्याय, प्रभू प्रसाद मेहता, जैप - 8 के पदाधिकारी कृष्णा उरांव, पुअनि दिलीप कुमार रवि, विधायक प्रतिनिधी ओम प्रकाश, मंडल अध्यक्ष बजरंग प्रसाद, मुखिया जंगलपती लकड़ा, मुखिया बिन्को टोप्पो, बड़गड़ मुखिया पति दिनेश लकड़ा, मदगड़ी मुखिया पति सत्यानंद बाखला, अर्जुन मिंज, प्रेम सागर जयसवाल, सोमा टोप्पो, अमानत अंसारी, प्रकाश सोनी, दिनेश बाखला, सत्यानंद बाखला, जलील अंसारी, बरूण केसरी, सुबास प्रसाद, परशुराम सिंह, शौकत आदि उपस्थित थें।

## रंका प्रखंड आवास समन्वयक पंकज ने ग्रहण किया प्रभार



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड में आवास समन्वयक का प्रभार पंकज विश्वकर्मा ने सोमवार को ग्रहण किया। इसके पूर्व ये चिनियां प्रखंड में थे। इस अवसर पर उन्होंने आजाद सिपाही को बताया कि रंका प्रखंड में आवास लाभुकों का आवास संबंधी सभी प्रकार की समस्याओं को दूर करते हुए आवास निर्माण कार्य को गति प्रदान करने का कार्य करूंगा।

## घर के बाहर हाइवे पर खड़ी दो ट्रैक्टर से बैटरी की चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** पुराने साल की विदाई व नये साल के जश्न में लोग जहां मग्न थे वही मंगलवार की रात्रि में मेराल बस स्टैंड के समीप घर के सामने हाईवे पर खड़ी दो ट्रैक्टर से अज्ञात चोरों ने बैटरी की चोरी कर ली। ट्रैक्टर मालिक मानिक चंद यादव के अनुसार 1 जनवरी की सुबह जब गाड़ी धोने के लिए स्टार्ट करने लगे तो स्टार्ट नहीं हुआ। देखा की बैटरी के बक्सा का ताला टूटा हुआ है। उन्होंने बताया कि एक गाड़ी कुछ दिन पहले से खड़ी थी, दूसरी गाड़ी मंगलवार की देर शाम को घर के सामने खड़ा किये थे। इस बाबत मानिकचंद के द्वारा बैटरी चोरी की घटना की लिखित शिकायत मेराल थाना में की गयी है। लोगों ने बताया कि इधर कुछ दिनों से चोरी की घटनाओं में वृद्धि हुई है, इसके पूर्व भी हाई स्कूल के समीप गैरेज के सामने खड़ी गाड़ी से बैटरी चोरी की घटना हुई थी। अज्ञात चोर आये दिन गांव तथा अगल-बगल में छोटी-बड़ी घटना को अंजाम दे रहे हैं।

## नव वर्ष पर गुलजार रहा पनघटवा डैम, लोगों ने लजीज व्यंजनों का उठाया लुत्फ



जितेंद्र यादव

**डंडई (आजाद सिपाही)।** सीमावर्ती क्षेत्र स्थित पनघटवा डैम पर्यटन स्थल बुधवार को नववर्ष पर दिनभर गुलजार रहा। यहां गढ़वा जिला और विभिन्न प्रखंडों से आये हुए सैलानियों की खूब भीड़ उमड़ी। लोगों ने अपने सगे-संबंधी और दोस्तों के साथ पिकनिक का लुत्फ उठाया। साथ ही नौका विहार का खूब आनंद लिया। वहीं नव वर्ष के 15 दिन पहले से ही उक्त स्थल पर नववर्ष का जश्न प्रारंभ हो गया था। इधर बुधवार को कड़ाके कि ठंड व कुहासा के बीच पिकनिक मनाने वाले सुबह से ही पनघटवा डैम पर्यटन स्थल पर पूरी सामग्री के साथ पहुंचने लगे थे। खाने-पीने की चीजों के साथ लोग विभिन्न म्यूजिकल व वाद्य सामग्री लेकर पर्यटन स्थल पर पहुंचे थे। सबों ने जहां मिलकर लजीज व्यंजन बना साथ में खाया। तो वनभोज के उपरांत लोगों ने जमकर थिरकते रहे। वही लोगों के सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन दिनभर मुस्तैद रही। पर्यटन स्थलों पर जहां कई लोग मोटरसाइकिल से पहुंचे तो कई लोग चार पहिया वाहनों से आए हुए थे। पनघटवा डैम पर्यटन स्थल पर पहुंचे सैलानी तमन्ना परवीन, तैयबा खान, आकाशदीप भारती, दिनेश राम,पप्पू यादव, महेन्द्र यादव, अलीजा खान आदि ने बताया कि डंडई धुरकी सीमा पर स्थित पनघटवा डैम पिकनिक स्पॉट के लिए बेहतर पर्यटन स्थल है। पनघटवा डैम पर काफी दूर-दूर से हजारों लोग यहां पर आकर प्राकृतिक वादियों का दर्शन दिसंबर और जनवरी माह में करते हैं और प्रकृति का सुंदर दृश्य का आनंद उठाते हैं। उन्होंने कहा कि पनघटवा डैम पर्यटन स्थल को विकसित और सुंदरीकरण कर इसे और आकर्षक बनाया जा सकता है। साथ ही दूर दराज से आये लोगों को ठहरने के लिए भी सरकार को व्यवस्था करनी चाहिए। वहीं कांग्रेस नेता जफर इकबाल ने बताया कि यहां पर्यटकों के लिए और सुविधा दी जाये और इसका विकास हो जाये तो यह स्थल काफी प्रसिद्ध हो जायेगा। वहीं पप्पू यादव ने बताया कि यह स्थान काफी पुराना है। यहां लोग नये साल के अवसर पर हजारों की संख्या में पहुंचते हैं। यहां पर पर्यटकों के लिए बेहतर सुविधा मिले इसके लिए हम लोग विधायक अनंत प्रताप देव से पर्यटन स्थल के विकास के लिए बात रखेंगे।

## नये साल में पिकनिक स्पॉट पर लोगों ने जमकर की मस्ती



आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड क्षेत्र में नव वर्ष का स्वागत काफी धूमधाम एवं उत्साह के साथ किया गया। कहीं लोग पिकनिक मना कर स्वागत किया तो कहीं क्षेत्र के मंदिरों में पूजा अर्चना कर सुख, समृद्धि, संपन्नता, स्वास्थ्य, धन, यश, मान-सम्मान और उन्नति, प्रगति तथा विकास आदि के मन्नतें मांगे। टाउनशिप दुर्गा मंदिर, सीडी टाइप शिव मंदिर, अरसली दुर्गा मंदिर, देवी धाम, दुर्गा मंदिर बाजार, सूर्य मंदिर सहित सुबह से ही पूजा अर्चना भक्तो द्वारा किया गया। रात 12 बजने के साथ ही मोबाइल से हेलो हाय, एसएमएस, वाट्सएप, फेसबुक, मैंसेंजर एवं ई मेल के माध्यम से नववर्ष की बधाई देने में क्षेत्र के लोग दिन भर व्यस्त रहें। आतिशबाजी एवं हैपी न्यू ईयर की आवाज गूंजने लगी। भवनाथपुर प्रखंड के सेल डेम, टाउनशिप हेलीपेड,कड़िया डेम, फुलवार का गर्म कुंड,सहित छोटे बड़े जंगोलों में लोगों ने अपनी पसंदीदा स्थल नये साल पर पिकनिक मनाया। नया साल 2025का गर्मजोशी एवं काफी उत्साह के साथ स्वागत किया।

डीजे की धुन पर थिरकते नजर आए।वर्ष 2024का विदाई एवं नव वर्ष 2025के स्वागत को लेकर खासकर युवा वर्ग एवं बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। इस अवसर परथाना प्रभारी रजनी रंजन पिकनिक स्टॉक का निरीक्षण करते रहे वही पुलिस के जवान भी पिकनिक स्पॉट पर तैनात थे।

नये साल के स्वागत में युवाओं ने जमकर मनाया जश्न

## लोगों ने मंदिरों में पूजा-अर्चना कर नये साल की शुरुआत की



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों के लोग ने बुधवार को नये साल के प्रथम दिन हर्षोल्लास के साथ मनाया। कपकपाती ठंड के बावजूद भी लोगों ने नये साल की शुरूआत प्रातः स्नान ध्यान के बाद मंदिरों में माथा टेक कर तथा अपने अराध्या देव का पूजा अर्चना कर किया। वहीं युवाओं ने नये साल का शुरूआत जोश के साथ जश्न मना कर किया। थाना क्षेत्र के हड़ही पहाड़, यूरिया नदी, दानरो नदी, सुगिया नदी, लातदाग शिव पहाड़ी, बंका पहाड़, सहित दर्जनों स्थानों पर युवाओं ने नववर्ष पर पिकनिक का लुफ्त उठाया। कई जगह नवयुवक सुबह से हीं साउंड सिस्टम पर थिरकते देखे गए। पिकनिक में चारो ओर भोजपुरी गाना के धुन पर नवयुवक नाचते-गाते रहे। दिन-भर पिकनिक के जश्न में लोग डुबे रहे। वहीं अधिकांश लोगों ने अपने घरों में परिवार के साथ विशेष व्यंजन बनाकर नव वर्ष का जश्न मनाया।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 02 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in


# लोहरदगा और लातेहार में गर्मजोशी के साथ नववर्ष का स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** नया साल 2025 आ चुका है। रात 12 बजते ही देश भर में नए साल का जश्न मनाया गया। इस दौरान चारों ओर खुशी माहौल देखने को मिला। कहीं पर लोग संगीत की धुन पर झूम और गा रहे थे तो कहीं नये साल के आने पर अमन चैन की दुआएं मांगी गयी। लोहरदगा में लोगों ने एक-दूसरे को नववर्ष की बधाईयां दीं. महिलाओं और किशोरों सहित हजारों लोगों ने नाचते-गाते, खुशी मनाते और एक-दूसरे को बधाई देते हुए भव्य अंदाज में नए साल का स्वागत किया। पार्टी का सिलसिला आधी रात बाद भी जारी रहा। लोग 2024 को अलविदा कहने और नव वर्ष 2025 का स्वागत करने के लिए अपने शहर के प्रमुख स्थानों पर जमा हुए और 12 बजते ही नए साल का जश्न मनाना शुरू कर दिया. इस दौरान लोगों ने पटाखे भी फोड़े। जैसे ही घड़ी ने 12 बजाए कई क्षेत्रों में पटाखे फोड़े गए, जिससे रात में आसमान रोशनी से झिलमिला उठा. वहीं, रात में कई खुले क्षेत्रों, होटलों, रेस्तरां में कई बैंडों के रॉक संगीत ने धूम मचायी। वही प्रकृति की आंचल और पर्यटन स्थलों की सुंदरता के बीच नये साल का आगाज हुआ। लोहरदगा जिले के अलग-अलग पिकनिक व पर्यटन स्थलों में पूरे उल्लास, उत्साह और नई उमंगों के साथ साल 2025 का स्वागत हुआ। लोगों ने पूरे परिवार के साथ पिकनिक स्पॉट के साथ-साथ प्राकृतिक वातावरण से परिपूर्ण पर्यटन स्थलों में पहुंचकर नए साल का आगाज किया। जिले के सभी रमणीक स्थलों, प्राकृतिक स्थलों और धार्मिक स्थलों में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने दिन की शुरूआत धार्मिक स्थलों में पूजा-अर्चना के साथ की। ईश्वर से अपने परिवार के लिए सुख, शांति और समृद्धि की कामना करने के बाद लोगों ने पिकनिक स्पॉटों की ओर रूख किया। धरधरिया जलप्रपात, लावापानी जनप्रपात, केकरांग जलप्रपात, नंदिनी जलाशय, नंदगांव, कंडरा, शंख-कोयल नदी तट, बक्सीपतरा, चिरीपतरा, नामुदाग स्थित पुल नंबर 27 आदि प्राकृतिक और पर्यटन स्थलों में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी थी। लोगों ने खाना बनाकर खाया तो कुछ घर से ही खाना बनाकर ले गये थे।



## सेल्फी लेने को ले उत्सुक दिखे लोग

नववर्ष मनाने को लेकर जिले सहित कई स्थानों से पहुंचे सैलानी क्षेत्र के मनोरम दृश्य को देखते ही सेल्फी लेने को ले उत्सुक दिखे। नंदगांव, लावापानी , पुल नंबर 27, नंदिनी जलाशय, पझरी पहाड़, अखिलेश्वर धाम, हिरन कट्टा डैम, पांडे-बांध डैम की प्राकृतिक सुंदरता को देख सैलानी अपने-अपने परिवारों और दोस्तों के साथ सेल्फी ले रहे थे। लोगों की भीड़ इस कदर उमड़ी थी कि नंदिनी जलाशय से भंडरा तक पहुंचने में दो घंटे लग गये। कई बार जाम की स्थिति उत्पन्न हो गयी थी।

## नये साल पर सुरक्षा के थे पुख्ता इंतजाम


पुलिस ने नये साल के जश्न के मद्देनजर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किया। व्यवस्थित तरीके से नया साल मनाने के लिए बाजारों व शॉपिंग मॉल से लेकर रेस्तरां के आसपास के क्षेत्र में पुलिस की मजबूत उपस्थिति रही। पुलिस ने नशे में हुड़दंग व ड्राइविंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी। नये साल को लेकर पुलिस द्वारा भी पूरी सतर्कता बरती गयी थी।

## रोड खराब होने के कारण कई पर्यटक नहीं पहुंच सके सुरकई फॉल



**महुआडांड़ (आजाद सिपाही)।** सुरकई फॉल इन दिनों पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना है। इस जलप्रपात की खूबसूरती देखने के लिए दूर-दूर से लोग पहुंच रहे हैं। जंगलों के बीच बहता ये झरना प्रकृति के करिश्मे का एक अनूठा नमूना है। सुरकई फॉल तक पहुंचने वाली सड़क की जर्जर हालत पर्यटकों के लिए मुसीबत बन गयी है। खराब सड़क के कारण यात्रा काफी कठिन हो गयी है। रोड के अभाव में यहाँ पर्यटकों की संख्या बहुत ही कम देखने को मिला अगर यहां रोड की समुचित व्यवस्था हो जाये तो आने वाले दिनों में यह सुरकई फॉल के साथ साथ यहां रहने वालें ग्रामीणों के लिए अच्छा खासा रोजगार का साधन हो जाएगा स्थानीय पर्यटक जिला प्रशासन से रोड बनवाने की मांग की है वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मजिस्ट्रेट जोगेश्वर उरांव, एसआइ शमशेर खान सहित पुलिस जवान मौजूद थे

## अंजान शाह दाता के मजार पर लंगर खानी का किया गया एहतमाम



**महुआडांड़ (आजाद सिपाही)।** नव वर्ष के अवसर पर हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी उर्स कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद मुस्तकीम के द्वारा नगर प्रतापपुर स्थित अंजान शाह दाता के मजार पर लंगर खानी का एहतमाम किया गया।इससे पूर्व अंजान शाह दाता के मजार पर चादर पोशी व फातिहा खानी किया गया। साथ ही देश दुनिया राज्य में अमन शांति कायम रहे इसके लिए दुआ किया गया। लंगर खानी सुबह 11.00 बजे से प्रारंभ कर दिया गया था। लोग अंजान शाह दाता के मजार पर पहुंच कर लंगर का लुत्फ उठाया। मौके पर लातेहार झारखंड मुक्ति मोर्चा युवा ज़िला सचिव परवेज आलम, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा महुआडाड प्रखण्ड उपाध्यक्ष प्रवीण कुजूर,मो हमिद अहमद, मो नसीम अंसारी, मेंहदी हशन, रसीद हजाम, अरशद अली, राजू कुजूर सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

# देवदर्शन से लोगों ने की नववर्ष की शुरुआत, मांगी खुशहाली

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरा/ लोहरदगा।** 31 दिसंबर को युवा पीढ़ी ने उत्सव के साथ बीत रहे साल को विदा किया तो बुधवार को नये साल के पहले दिन लोगों ने अखिलेश्वर धाम सहित अन्य मंदिरो मे देवदर्शन कर दिन की शुरूआत की। भंडरा के अखिलेश्वर धाम मंदिर में बड़ी संख्या में लोग सुबह से ही भोलेनाथ के दर्शन के लिए पहुंचे। सुबह के समय पुजारियों ने मंदिर के पट खोल भगवान को नववर्ष की पहली पूजा और भोग अर्पण किया। जिन लोगों के घर के नजदीक कोई देव स्थान नहीं था। वें लोग निजी वाहनों या टैक्सी से अपने इष्टदेव के मंदिर अखिलेश्वर धाम पुहंचे। देवदर्शन का ये सिलसिला दोपहर तक चलता रहा। मंदिर पहुंचे लोगों ने देवदर्शन के साथ ही अपने, परिवार के और समाज के लोगों की खुशहाली-समृद्धि की मनोकामना की। मौसम पिछले दिनों की तरह ही ठंडा रहा। पूजा के बाद लोग अपने परिजनों के साथ नंदनी डैम पर पिकनिक मनाने भी पहुंचे। नंदनी डैम मे हजारों की संख्या मे सौलनी पिकनिक मानाने पहुचे.

**सोशल मीडिया में शुभकामनाओं का चला दौर**

31 दिसंबर की रात से ही सोशल मीडिया पर लोग नए साल का स्वागत और शुभकामनाओं के संदेश भेजने लगे। 1 जनवरी की सुबह से शुभकामना देने का सिलसिला फिर शुरू हुआ, जो देर रात तक चलता रहा। नया साल जीवन में नए अवसर, नयी प्रगति और खुशहाली लाये, ऐसी शुभकामनाएं लोग एक दूसरे को सोशल मीडिया पर भेजते रहे। नये साल पर नए नए तरीके और स्टाइल के संदेशों के जरिये शुभकामना संदेश लोग एक दूसरे को प्रेषित करते रहे। सोशल मीडिया के अलावा प्रत्यक्ष रुप से भी लोग एक दूसरे से मिलकर नए वर्ष की शुभकामना के संदेश देते रहे।

# सुबह से ही पिकनिक स्पॉट रहे गुलजार



आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** नव वर्ष का स्वागत को लेकर सुबह से ही लोगो में भारी उत्साह व उमंग था। रात से लोगों ने अपने परिजन व मित्रों को नव वर्ष का बधाई देना शुरू कर दिये थे। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पिकनिक स्पॉट में लोगो की काफी भीड़ देखने को मिली। दिन भर पिकनिक स्थल गुलजार रहा। वही पिकनिक मनाने वाला ने पिकनिक स्थल पर तरह तरह का पकवान बनाते नजर आये साथ ही लोग डीजे के धुन पर नाचते थिरकते नजर आये। बच्चे बूढ़े, महिला पुरुष सभी पिकनिक स्थल पर पहुंचकर विभिन्न प्रकार के भोजन बनाकर खाने का लुत्फ उठाते नजर आये। वही प्रखंड क्षेत्र के चितरी डांडू कोयल नदी तट, नन्दगांव फार्म, धरधरिया सहित अन्य पिकनिक स्थानों पर परिवार वालों और दोस्तों के साथ पिकनिक का लुत्फ उठाया। प्रखंड क्षेत्र के अलावे अन्य जगहों से भी लोग पिकनिक मनाने पहुंचे। लोग प्रखंड क्षेत्र के धरधरिया, नन्दगांव फार्म सहित अन्य रमणीक जगहों का दृश्य को देख भी प्रफुल्लित हुए।

# पर्यटन स्थल और पिकनिक स्पॉट पर प्रशासन की रही नजर





रवि कुमार गुप्ता

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** नववर्ष के अवसर पर बुधवार को केचकी, बेतला व आसपास के पर्यटन स्थलों पर सैलानियों की भीड़ उमड़ी। पलामू किला,केचकी संगम, मंडल डेम, कोयल नदी व कमलदह झील आसपास के अन्य पिकनिक स्पॉट लोगों से खचाखच भरा रहा। इस मौके पर लोगों ने अपने रिश्तेदारों और दोस्तों के साथ वनभोज का आनंद लिया। बेतला व केचकी जाने के लिए लोगों की होड़ रही। बड़ी संख्या में लोग अपने चार पहिया वाहन के साथ बेतला पहुंचे थे। उन्होंने बेतला पार्क का भ्रमण किया। बच्चों का उत्साह देखते बन रहा था। बच्चे पिकनिक मनाने को लेकर काफी उत्साहित थे। पलामू किला पर भी लोगों की भीड़ देखी गयी।बड़ी संख्या में लोग पलामू किला पहुंचे और राजा मेदनी राय के इस विरासत का अवलोकन किया। पलामू व लातेहार, गढ़वा, रांची पश्चिम बंगाल, हजारीबाग, चतरा के अलावा राज्य के अन्य जिलों से भी लोग बेतला पहुंचे।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थाना प्रभारी, सीओ अंचल निरीक्षक ने संभाला कमान**

नव वर्ष पर पिकनिक मनाने आनेवाले लोगों को कोई दिक्कत न हो, इसको लेकर थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार, अंचलाधिकारी मनोज कुमार अंचल निरीक्षक सुरेश राम व पुलिस प्रशासन की ओर से विशेष तैयारी की गयी थी. सभी पिकनिक स्पॉट पर पुलिस बल की तैनाती की गयी थी।

## कोल्हान की खबरें

# 24 जिले के दो हजार गृहरक्षकों को किया गया सेवानिवृत्त, विरोध में न्यायालय जाने की तैयारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झारखंड राज्य में पहली वार होमगार्ड मुख्यालय से डीजीपी के आदेश पर राज्य के 24 जिले में निवावली का हवाला देते हुए बाहाली की उम्र सीमा में (19 से 40 वर्ष) नामांकन वर्ष 1.1.1965 को मानते हुए लगभग 2000 गृहरक्षको को सेवानिवृत्ति कर दिया गया। नये साल के दिन 1984 बेच सभी जवानों को कार्यालय से सूचना पट्ट, वर्डसौप और अन्य संसाधनों के माध्यम से इसकी जानकारी दी गई। बुधवार को (नये साल) जानकारी मिलते ही गृहरक्षावाहिनी लोक सेवा संघ पूर्वी सिंहभूम जिला ओर केंद्रीय प्रतिनिधिगण चाय पर चर्चा करते हुए जवानों के लिए इस मामले को गंभीरता से लिया। उन्होंने कहा बिना जन्मतिथि के जांच किये एक साथ राज्य के दो हजार जवान को सेवानिवृत्ति करना दुःखद है। इसके लिए राज्यभर के प्रतिनिधियो द्वारा एक साथ विरोध शुरू करना होगा। उसके बाद गृहरक्षावाहिनी लोक सेवा संघ के एक प्रतिनिधि मंडल बुधवार को सेवानिवृत्ति गृहरक्षको के साथ जिला समादेष्टा हरिहर सिंह मुंडा से मुलाकात कर इस संबंध में अपने पक्ष रखा। जिला समादेष्टा ने मुख्यालय का आदेश का हवाला देते हुए उस आदेश का अनुपालन करने की बात कही। इसके पश्चात प्रतिनिधिमंडल ने जिले में डीसी के नाम एक मांग पत्र सौंपा। सौपे गये मांग पत्र के माध्यम से गृहरक्षको के जन्मतिथि का जांच कर बचे हुए सम अवधि पर सेवानिवृत्ति गृहरक्षको को कर्तव्य में प्रतिनियुक्ति करने का आग्रह किया। उधर नए साल के दिन सेवानिवृत्ति की सूचना मिलने पर गृहरक्षावाहिनी लोक सेवा संघ के प्रदेश प्रवक्ता कमल शर्मा ने कहा पूरे झारखण्ड में बीते कई वर्सो से गृहरक्षको के साथ शोषण,दोहन अत्याचार का मामला किसी से छिपा नही है। गृहरक्षकों को हर एक मामले को लेकर न्यायालय के शरण मे जाना पड़ता है। अब तो हद तब हो गयी जब होमगार्ड मुख्यालय से निवावली का हवाला देते हुए एक ही दिन के (1.1.1965) जन्मतिथि को मानते हुए लगभग 2000 गृहरक्षको को सेवानिवृत्ति कर दिया गया। जबकि सबका जन्मतिथि और बाहाली की तिथि अलग अलग है। लेकिन विभाग ने नये साल (01.01.25) को एक तारिक, एक समय और एक आदेश को मानते हुए झांरखण्ड के 24 जिले से लगभग दो हजार जवान को एक साथ सेवानिवृत्ति कर दिया। श्री शर्मा ने कहा जबकि झांरखण्ड उच्चन्यायालय में नियमावली के खिलाफ (डब्ल्यूपीएस 2371/23) मामला पेंडिंग पड़ा है।

# मानगो वसुंधरा एस्टेट में चल रहे सात दिवसीय शिवकथा महोत्सव का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के मानगो एनएच 33 स्थित वसुंधरा एस्टेट में चल रहे सात दिवसीय श्री त्रिशूल शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का विश्राम बुधवार 01 जनवरी को हवन, पूजन और भंडारा के साथ हुआ. सात दिनों तक चले शिवकथा महोत्सव ज्ञान यज्ञ में रोजाना काफी संख्या में श्रद्धालु जुटे। सातों दिन मुख्य यजमान किरण-उमा शंकर शर्मा सहित समस्त शर्मा परिवार थे। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारा (प्रसाद) ग्रहण किया। सातों दिन की कथा का मुख्य प्रसंग रहा कि महादेव को जल और बिल्वपत्र अर्पित करें, ताकि भगवान शंकर प्रसन्न हो और भक्तों के सभी कार्य सिद्ध हो। भगवान शिवजी की अनेक लीलाएं हैं। शिव महापुराण की कथा श्रवण करने से सभी प्रकार के भय दूर हो जाते हैं।

सातवें दिन बुधवार को व्यास पीठ से कथा वाचक स्वामी वृजनंदन शास्त्री महाराज ने अनेक भक्ति प्रसंगों पर प्रकाश डालते हुए त्रिपुर वघ, तारकासुर वध, त्रिपुरारी, त्रिशुल, त्रिपुंड एवं कार्तिकेय चरित्र कथा की महिमा का प्रसंग विस्तार से सुनाया। कहा कि भगवान शिवजी के एक बाण से तीनों त्रिपुरों का नाश होते ही सभी देवता भोलेनाथ की जय-जयकार करने लगे और उसी समय सभी देवी-देवताओं ने भोलेनाथ को त्रिपुर का अंत करने वाले त्रिपुरारी के नाम से पुकारा. मान्यता है तभी से भोलेनाथ को त्रिपुरारी कहा जाने लगा. भगवान शिवजी ने जिस दिन त्रिपुरासुर का वध किया वह दिन था कार्तिक पूर्णिमा। इस पूर्णिमा को ह्यत्रिपुरारी पूर्णिमाह्ण भी कहते है। इस दिन घर में, घर के बाहर और मंदिरों में दीयों की आरास बनाकर उनकी पूजा की जाती है और आनंदोत्सव मनाया जाता है।

महाराज ने कहा कि भगवान शिव की पूजा से मनुष्य जीवन के भवसागर को पार कर सकता है व मोक्ष पा सकता है. कालों के काल हैं महाकाल शिवशंकर भोलेनाथ जिनके पावन चरित्र की श्री शिव महापुराण की कथा श्रवण करने से सभी प्रकार के भय दूर हो जाते है। महाराज जी ने आगे कहा कि श्री शिवपुराण सत्संग द्वारा मनुष्य पापों से मुक्त होकर परमगति को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव को बेलपत्र और रूद्राक्ष अत्यंत प्रिय हैं। बेल पत्र में अखंड लक्ष्मी का वास होता है अगर धन होगा तो धर्म की ध्वजा धर्म की अविरल धारा होगी. भगवान शिव को बेल पत्र चढ़ाने और रुद्राक्ष धारण करने से मनुष्य को कई लाभ मिलते हैं। रुद्राक्ष मानसिक तनाव से मुक्ति देता है। यह शरीर, मन और आत्मा के लाभ के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होता है।

# घाटे के बावजूद चाइना स्टील उत्पादन करने वाले सारे देशों के लिए चुनौती : टीवी नरेंद्रन

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** टाटा स्टील के सीइओ सह एमडी टीवी नरेंद्रन ने नये साल के मौके पर केक काटकर शहरवासियों को बधाई दी है। इस मौके पर प्रेस कांफ्रेंस कर एमडी ने कहा कि स्टील बाजार में चाइना को घाटा होने के बावजूद उसका उत्पादन करना एक चिंता का विषय है. यह स्टील उत्पादन करने वाले सारे देशों के लिए एक चुनौती है।

टाटा स्टील के सीईओ ने कहा कि भारत में केंद्र सरकार को इस मामले में सहयोग करना होगा। जिससे की स्टील इंडस्ट्रीज सुरक्षित रहे। जमशेदपुर के बिस्टुपुर स्थित सेंटर फॉर एक्सीलेंस परिसर में टाटा स्टील के सीइओ सह एमडी टीवी नरेंद्रन ने नये साल पर केक काटकर बधाई दी है। मौके पर टाटा स्टील के वीपी सी एस चाणक्य चौधरी और कई प्रबुद्ध नागरिक मौजूद रहे।

नये साल पर केक काटने के बाद टाटा स्टील के एमडी टीवी नरेंद्रन ने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि वर्तमान में वर्ल्ड मार्केट में स्टील बाजार की स्थिति अच्छी नहीं है। चाइना स्टील मार्केट में बिना प्रॉफिट के कारोबार कर उत्पादन कर रहा है, जो अपने आप में एक चुनौती है। कई देश इस मामले में चिंतित हैं।

टाटा स्टील के एमडी ने बताया कि देश में स्टील इंपोर्ट से यहां के उत्पादन पर काफी असर पड़ा है। लेकिन हम हालात को अपने स्तर से कंट्रोल कर रहे हैं, जिससे उत्पादन पर कोई असर ना पड़े। उन्होंने कहा कि झारखंड की नई सरकार से काफी सहयोग मिल रहा है, कई मुद्दों पर चर्चा हुई है। जमशेदपुर में स्टील उत्पादन 11 मिलियन टन तक ही होगा। जिसको लेकर सेफ्टी पर भी कई कार्य किये जा रहे हैं।

# रघुवर दास ने दी बहन को अंतिम विदाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और ओडिशा के कार्यवाहक राज्यपाल रघुवर दास की बड़ी बहन प्रेमबती देवी का बुधवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया। 31 दिसंबर को जमशेदपुर स्थित टीएमएच में उनका निधन हो गया था। देवलोकगमन के पश्चात सनातनी तरीके से उनकी अंत्येष्टि हो गयी। जिसे जमशेदपुर के स्थानीय सीतारामडेरा गांधी श्मशान घाट पर जाकर संपन्न किया गया। परलोक गमन के पश्चात अपने व्यक्तिगत निवास स्थान से उनकी अंतिम यात्रा निकलकर रघुवर दास के आवास पर आयी, जहां परिवार से जुड़ी महिलाओं ने अपनी अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें अदृश्य यात्रा पर विदा किया। एग्रिको आवास से सीतारामडेरा गांधी श्मशान घाट तक अपनी बड़ी बहन की अंतिम यात्रा में रघुवर दास अपने पुत्र ललित दास के संग पैदल ही चल रहे थे।

# सड़क हादसे में दो की मौत

## बसिया में चार दिनों में सड़क हादसे में गयी छह लोगों की जान

आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** मुख्यालय के दक्षिणी कोयल नदी पुल के समीप सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत घटना स्थल पर हो गयी जबकि दूसरे युवक को गंभीर हालत में इलाज के लिए भेज गया। मगर इलाज के क्रम में उसकी भी मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी अनुसार मृतक युवक की पहचान बसिया तेतरा पखना टोली निवासी हेमंत लकड़ा के रूप में हुई। वही गंभीर रूप से घायल युवक अंकित पन्ना कुनकुरी जुमकेला छत्तीसगढ़ का बताया जा रहा है। जिसकी मौत भी इलाज के क्रम में हो गयी। जानकारी अनुसार दोनों युवक होंडा शाइन बाइक से घर से कहीं जा रहे थे तभी एक अज्ञात वाहन की चपेट में आ गये जिससे हेमंत लकड़ा की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि अंकित पन्ना गंभीर रूप से इलाज के लिए भेज गया था। घटना के तुरंत बाद गंभीर रूप से घायल युवक को बसिया



रेफरल अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद गुमला रेफर कर दिया गया था।

**चार दिनों में 5 युवकों समेत 6 लोगो की सड़क हादसे में मौत**

चार दिनों में सड़क हादसे में बसिया थाना अंतर्गत छह लोगों की जान चले जाने से पूरा बसिया प्रखंड सहम सा गया है।

**हेलमेट नही पहनना मौत का कारण**

विगत सड़क दुर्घटनाओं को देखे तो अधिकतर दुर्घटना के शिकार युवक बिना हेलमेट पहन, रेंस ड्राइविंग , शराब पीकर वाहन चलाना शामिल रहा है। वही दूसरी ओर दुर्घटना के शिकार अधिकतर 30 वर्ष से कम उम्र के युवक ही रहे है।

**थाना प्रभारी ने कहा**

इस संबंध में थाना प्रभारी युधिष्ठिर कुमार प्रजापति ने कहा कि दुर्घटना का सबसे बड़ा कारण लोगो मे अपनी सुरक्षा को लेकर जागरूक नहीं होना है।लोग बिना सुरक्षा के वाहन चलाते है। पुलिस द्वारा लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जायेगा और बिना कागजात ओर सुरक्षा नियमो का पालन किये बिना वाहन चलाने वाले चालको पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

**पुलिस द्वारा कार्रवाई करने पर पैरवी कारो के आ जाते है कॉल**

पुलिस द्वारा जब भी वाहन जांच की कारवाई की जाती है तो कई गण्यमान्य लोगो का पैरवी पुलिस के पास छुड़ाने के लिए कॉल आती है। जिससे वाहन चालकों के मनोबल बढ़ता है।

# जश्न में डूबा रहा नववर्ष का पहला दिन





### पिकनिक स्पॉट पर टूट पड़ी लोगों की भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** साल का पहला दिन गुमला वासियों ने वन भोज और सैर सपाटे के बीच गुजारा। गुमला के प्रमुख पिकनिक स्पॉट के अतिरिक्त एक दूसरे के घर पहुंच कर लोगों ने एक दुसरे को बधाई दी। लोगों ने विभिन्न तरीकों से खुशी का इजहार किया। विशेषकर कोयल नदी के नागफनी तट पर गुमला शहर के लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। कोयल नदी की कल कल करती धाराओं का लोगों ने खूब आनंद लिया। नदी के बीच छोटे छोटे चट्टानों में बैठ कर लोगों ने भोजन कर साल के पहले दिन को खूब इंजॉय किया।

वहीं शहर से सटे टकला टोंगरी में लोगों की भीड़ दिनभर देखी गयी। हजारों की संख्या में शहर के लोग टकला टोंगरी में दिन गुजारे। टकला टोंगरी में छोटे-छोटे खिलौने की दुकान, होटल और खोमचे लगाये गये थे। जिस के कारण टकला टोंगरी के आसपास मेले जैसा दृश्य उत्पन्न हो गया था। छोटे छोटे बच्चों से लेकर बड़े लोगों के लिए टकला टोंगरी आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। पास ही बरिसा पहाड़ में भी लोगों ने पिकनिक मनाया। लोग खाना लेकर बरिसा पहाड़ पहुंचे। और दोपहर का भोजन पहाड़ों पर किया। वही सारू पहाड़ पर भी लोगों ने पिकनिक का आनंद उठाया। मांझा टोली के शंख नदी के किनारे भी लोगों ने जमकर पिकनिक का आनंद उठाया। संध्या 4:00 बजे के बाद से गुमला शहर स्थित बिरसा एग्रो पार्क में जैसे जन सैलाब उमड़ पड़ा। भीड़ का यह आलम था कि पार्क के अंदर तिल धरने की जगह नहीं थी। लोगों ने जमकर साल के पहले दिन को इंजॉय किया और एक दूसरे को बधाई देते हुए वर्ष 2025 के मंगल में होने की कामना की। सुबह से ही मोबाइल पर व्हाट्सएप, फेसबुक , इंस्टाग्राम, आदि पर भी बधाइयों के आदान प्रदान का सिलसिला जारी रहा। लोगों ने रंग बिरंगे संदेश बना कर एक दुसरे को जम कर बधाई दी।

## कई समस्याओं से जूझ रहा है श्मशान घाट

# शिशिर गुप्ता ने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए समाधान की रखी मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** समाज सेवी शिशिर गुप्ता ने प्रशासन से श्मशान घाट में बुनियादी सुविधाएं बहाल करने की मांग की हैं। शिशिर गुप्ता ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि शमशान घाट में साफ-सफाई की व्यवस्था की जाये।



श्मशान घाट में गंदगी का अंबार और कूड़े-कचरे के ढेर लगा हुआ है। जिस से स्थिति दयनीय हो गयी है। नियमित साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। श्मशान घाट में पानी की भारी कमी है, जिससे अंतिम संस्कार के लिए आने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। पानी की उचित आपूर्ति और टंकियों की व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होनें शवदाह गृह को चालू करने की मांग रखते हुए कहा कि श्मशान घाट में शवदाह गृह की स्थिति खराब है और इसे जल्द से जल्द चालू किया जाना चाहिए ताकि अंतिम संस्कार में किसी प्रकार की असुविधा न हो। वहां पड़े मिट्टी के ढेर को हटाना भी अत्यंत जरूरी है। श्मशान घाट में मौजूद मिट्टी के ढेर न केवल जगह घेरते हैं, बल्कि आवागमन में भी बाधा डालते हैं। इन ढेरों को हटाने के लिए तत्काल कदम उठाये जाने चाहिए।

शिशिर गुप्ता ने आगे कहा कि नदी का अतिक्रमण मुक्त होना एवं नदी की सफाई भी जरूरी हो गई है। श्मशान घाट के समीप स्थित नदी पर अतिक्रमण और गंदगी का बढ़ता प्रभाव चिंता का विषय है। प्रशासन को नदी के पुनर्वास और उसकी सफाई के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए। शिशिर गुप्ता ने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि इन कमियों को सुधारा जाना आवश्यक है।

# भारी मात्रा में दवाइयों के साथ युवक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** सिसई पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर वाहन चेकिंग के दौरान एक अल्टो कार से भारी मात्रा में कफ सिरप, टैबलेट व कैप्सूल की खेप के साथ एक युवक को पकड़ा गया। इस बावत बुधवार को सिसई थानेदार संतोष कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को गुप्त सूचना मिली की एक व्यक्ति बरगांव से मुर्गू होते हुए गुमला की ओर अल्टो कार से भारी मात्रा में नशीली पदार्थ लेकर खरीद बिक्री करने जा रहा है। सूचना पर सन्हा दर्ज कर छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी दल म अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, गुमला, थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह, एसआइ अजय कुमार व सशस्त्र बल शामिल थे। सूचना के सत्यापन के दौरान छापेमारी दल द्वारा मुर्गू स्थित बरगांव मोड़ के समीप वाहन चेकिंग प्रारंभ किया गया। चेकिंग के दौरान बरगांव की ओर से आ रही एक सिल्वर कलर के अल्टो एलएक्स



कार रजिस्ट्रेशन संख्या- ओ आर 14 एल 0822 की जांच की गयी। कार में ओनेरेक्स कफ सिरप 100 एम एल की 228 बोतल, विंसपास्मो फोर्ट की 2016 पीस कैप्सूल और नाइट्रोसन-10 की 100 टैबलेट्स के साथ अल्टो चालक को पकड़ा गया। चालक से पुछे जाने पर उसने अपना नाम दिलशाद आलम (27) और पता बसिया रोड सिसई बताया। जब्त दवाओं के साथ आल्टो कार और चालक को सिसई थाना लाया गया और औषधि निरीक्षक गुमला पुनम तिर्की द्वारा जब्त दवाओं की जांच की गयी। जब्त सभी दवाएं शेड्यूल एच -1 केटेगरी की होने और दवा रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट की देखरेख में और रजिस्टर्ड मेडिकल स्टोर में बिक्री किए जाने का प्रावधान होने के उपरांत आरोपी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत कांड अंकित कर गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया।

# सांस्कृतिक विरासत को संरक्षण संवर्धन की जरूरत : मंगल सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला के बरगांव में बुधवार को पारंपरिक पूस मेला का आयोजन किया गया। परंपरा से चली आ रहे मेला में दैनिक उपयोग के सामग्री, साग सब्जी, मिठाई, खिलौने और सिंगार की दुकानें सजी थी वहीं वर्तमान परिवेश के अनुरूप बरगांव मेला में सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि भाजपा नेता मंगल सिंह और जिप उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर रंगारंग कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मेला को संबोधित करते हुए भाजपा नेता मंगल सिंह ने कहा कि यह क्षेत्र कृषि प्रधान है और जब अगहन में किसान कृषि कार्य से मुक्त होते हैं तब अपने रिश्तेदारों के गांव घर में मेहमानी के लिए यात्रा करते हैं, उसी यात्रा को जातरा और मेला के नाम से जानते हैं। जहां परिवार के कई रिश्तेदारों का मिलन होता है और परस्पर संवाद के साथ पुराने रिश्ते को प्रगाढ़ करते हैं नये रिश्तेदारों की नींव तैयार होता है। यह हमारी सांस्कृतिक विरासत हैं इसे सुरक्षित रखना है। गीत संगीत से रीझ रंग करना है और अपनी कला संस्कृति को अक्षुण्ण रखने का प्रयास करना है। जिप उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी ने आयोजन समिति और कलाकारों के नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर आयोजन समिति की ओर से जीतबाहन सिंह, भुवन सिंह आदि ने अतिथियों का अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। सुहाना देवी, विंदेवरी देवी, चंदन दास आदि ने एक से बढ़कर एक ठेठ नागपुरी गीत प्रस्तुत कर समा बांधने का काम किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप सिंह ने की।

# हाजड़ा मोड़ के पास दो बाइकों की टक्कर में छह लोग घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**कामडारा।** कामडारा थाना क्षेत्र के गांव हाजड़ा मोड़ के समीप बुधवार को शाम के लगभग साढ़े पांच बजे के आसपास दो बाईक के बीच सीधी भिडंत हुई। जिसमे गिरकर कुल 6 लोग गंभीर रुप से जख्मी हो गये हैं। जिसमे कुल तीन लोगो को रांची रिम्स रेफर किया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कामडारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव बोंगदा सड़क टोली निवासी क्रमशः सुनीत तोपनो उम्र 17 वर्ष, अंकित होरो उम्र 18 वर्ष और रेला केरकेट्टा एक बाइक में सवार होकर गांव बकसपुर मेला देखने के लिये जा रहे थे। वहीं दूसरी से ओर सुनील आईंद, ज्योतिष कुल्लू



और दुलारी बारला एक बाइक में सवार होकर बकसपुर मेला से वापस अपने घर गांव पिंम्पी की ओर जा रहे थे। उसी दौरान गांव हांजड़ा मोड़ के पास उक्त दोनों बाइक के बीच सीधी भिडंत हो गयी। वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन के सहयोग से उक्त सभी घायलों को सीएचसी कामडारा में प्राथमिक इलाज के उपरांत सुमित, अंकित और रेला की गंभीर स्थिति को देखते हुये तुरंत रांची रिम्स रेफर कर दिया।जबकि सुनील आईंद को बेहतर ईलाज के लिये गुमला रेफर किया गया दूसरी ओर दोनो घायलों का बसिया रेफरल अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं दूसरी ओर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव कामडारा बरटोली के समीप शाम लगभग 6 बजे के आसपास एक युवक बाईक गिरकर जख्मी हो गया है। जानकारी के मुताबिक उक्त बाइक चालक युवक का नाम आशिष तोपनो है। वह थाना क्षेत्र के गांव कोटबो निवासी है। बताया जा रहा है कि वह बकसपुर मेला देखने के बाद वापस अपने घर लौट रहा था। उसी दौरान उसका बाइक अनियंत्रित हो गया और गिर पड़ा। जिसके कारण वह जख्मी हो गया है। घटना के उपरांत स्थानीय लोगों ने सीएचसी कामडारा मे ले जाकर ईलाज के लिये भर्ती करा दिया है। फिर हांजड़ा मोड़ के आगे बाइक से गिरकर एक युवक हुआ जख्मी।यह घटना आज बुधवार की शाम लगभग सात बजे के आसपास की है। जानकारी के मुताबिक पंकज कुमार उम्र 20 वर्ष नामक एक युवक आज बुधवार को बकसपुर मेला देखने के बाद देर शाम को बाइक से अपने घर पोजे की ओर जा रहा था। उसी दौरान बकसपुर-सरिता पथ पर हांजड़ा मोड़ से आगे उसका बाइक अनियंत्रित हो गया । जिसके कारण वह गिरकर जख्मी हो गया है। जिसे स्थानीय लोगों ने उठाकर उसे इलाज के लिये सीएचसी कामडारा मे भर्ती करा दिया है।

# मोबाइल की बैटरी बलास्ट होने से किशोरी जख्मी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिले के घाघरा थाना क्षेत्र के दरदाग निवासी 16 वर्षीय राजकुमारी मोबाइल बैटरी फटने से गंभीर रूप से घायल हो गयी। जानकारी के अनुसार राजकुमारी अपने मोबाइल को सोलर से चार्ज कर रही थी। चार्ज नहीं लेने पर किशोरी ने मोबाइल से बैटरी निकल कर ऑलपिन से बैटरी को साफ करने लगी। इसी दौरान बैटरी ब्लास्ट कर गया। ब्लास्ट होने के कारण किशोरी के आंख व सिर में गंभीर चोट लग गयी। जिससे वह बेहोश हो गयी। परिजन आनन फानन में तत्काल सदर अस्पताल गुमला लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों द्वारा उपचार किया गया।

# बोलेरो और बाइक की टक्कर में तीन की मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**मनिका/ लातेहार।** थाना क्षेत्र में लातेहार से गुजरने वाली एनएच 39 पर मनिका के डिग्री कॉलेज के समीप बाइक और बोलेरो की टक्कर मे तीन बाइक बाइक सवार युवकों की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। खबर लिखे जाने तक मृतकों की पहचान नहीं हो पायी थी कि वह कहां के हैं। बताते चले की मनिका थाना क्षेत्र के डिग्री कॉलेज के पास बाइक सवार और बोलेरो की सीधी टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की बाइक के परखचे तक उड़ गये। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए इसकी सूचना तुरंत पुलिस को एवं घायल युवकों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने तीनों युवकों को मृत घोषित कर दिया गया। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया गया है एवं पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। घटना के बाद पुलिस ने बोलोरो और चालक को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गयी है।

### लातेहार में नहीं हो रहा सड़क सुरक्षा नियमों का पालन

गौरतलब हो कि इन दिनों लातेहार में सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन नहीं हो रहा है। हालांकि परिवहन विभाग और पुलिस विभाग के द्वारा सड़क सुरक्षा के नियमों को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन इसका असर नहीं दिख रहा है। वाहनों की गति भीड़भाड़ वाले इलाके में भी काफी तेज रहती है। जिस कारण अक्सर सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में चलने वाले अधिकांश बाइक सवार अभी भी हेलमेट का उपयोग नहीं करते हैं।

# मेले में रंगारंग नागपुरी आर्केस्ट्रा कार्यक्रम का लोगों ने लुत्फ उठाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**कामडारा।** कामडारा प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत गांव बकसपुर में बुधवार को नववर्ष के मौके पर आयोजित मेले पर लोगों ने रंगारंग नागपुरी ऑर्केस्ट्रा कार्यक्रम का लुत्फ जमकर उठाया। आयोजित इस नागपुरी कार्यक्रम का उद्घाटन कामडारा के जिप सदस्य दीपक कंडुलना और प्रखंड प्रमुख सुनील सुरीन ने संयुक्त रुप से विधिवत फीता काटकर की।वहीं जिप सदस्य श्री कंडुलना ने उपस्थित लोगों को नववर्ष की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देते हुये कहा कि मेले पर हमारे झारखंड की संस्कृति व परंपरा का झलक दिखता है। इसे बचाये रखने की जिम्मेवारी हम, आप सभी को है।



इसलिए नववर्ष के अवसर पर हम अपनी संस्कृति और परंपरा को बचाये रखने का संकल्प लें। इसी के साथ एक दुसरे के सुख-दुख मे सहयोग व भागीदारी निभाने का निर्णय लें। इससे आपसी प्रेम व भाइचारगी में और भी मिठास बढ़ेगी। इसके बाद नागपुरी गायिका चिंता देवी के द्वारा वंदना गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुरूआत की गयी। आयोजित इस नागपुरी ऑर्केस्ट्रा कार्यक्रम की प्रस्तुति लिटिल स्टार म्यूजिकल ग्रुप सिमडेगा के के कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक गीत व नृत्य प्रस्तुत की गयी। जबकि लोगों ने गायिका चिंता देवी और मांदर वादक हुलास महतो के गीत व नृत्य की जोड़ी को काफी सराहा। इस दौरान मेले पर बिक्री के लिये जगह-जगह पर खेल -खिलौने, मिठाई व श्रृंगार की दुकानै सजी हुई थी। वहीं बच्चों के मनोरंजन के लिये झूला -चकरी सहित अन्य चीजों की दुकानें लगी हुई थी। शाम के तीन बजे के बाद मेले पर जबरदस्त ढंग से लोगों की भीड़ उमड़ी। आयोजित इस मेले के सफल आयोजन मे मुकेश नाग उर्फ फगुवा, तुलराज कांशी, सुनील सुरीन, अशोक ओहदार सहित अन्य स्थानीय युवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# बरवाडीह में शौर्य दिवस का आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह के पुराना ब्लॉक प्रांगण में आज अम्बेडकर विचार मंच द्वारा भीमा कोरेगांव के 207वें शौर्य दिवस समारोह का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के मुख्य संरक्षक रविन्द्र राम, और संचालन राम ने किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बरवाडीह अनुमंडल पदाधिकारी भरत राम उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा एवं भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित करने से हुई। मुख्य अतिथि और मंच के अन्य पदाधिकारियों ने शहीदों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद, भीमा कोरेगांव के वीर शहीदों की याद में शौर्य स्तम्भ पर एक मिनट का मौन रखा गया और दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

# बजरंगी प्रजापति की प्रतिमा क्रांति के तलवार को तेज करेगा : अविनाश देव

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू का इतिहास कई मायने में देश भर में दिलचस्प रहा है। भूखा, सूखा, पलायन, आतंक, शोषण, जुल्म, सुदूर सनसनीखेज खबरों के लिए पलामू सुर्खियों में रहा। आज भी देश के आकांक्षी जिलों में पलामू सुमार है। शिक्षा, स्वास्थ्य व्यवस्था लचर है। केंद्रीय मंत्री रिपोर्ट लेकर गये। बंधुआ मजदूरी चर्चा में आया तो कैलाश सत्यार्थी जैसे पलामू आये और नोबेल पाये। छेयासठ का अकाल पड़ा तो गाड़ी गांव में प्रधानमंत्री मकई के घाठा खाए, आदमखोर मनातू मऊआर का आतंक बढ़ा तो नवादा से चल कर लालचंद साहू आये और लड़े। सामंती धाक चरम पर हुआ तो लेखिका महाश्वेता देवी पलामू पहुंची। जब पलामू जमींदारों के जुर्म से सुर्ख होने लगा तो उसके गर्भ से बजरंगी प्रजापति का जन्म हुआ। पलामू के पांकी जमींदारों का गढ़ मना जाता है जहां कभी लाल फरेरे इसके खिलाफ लड़े। आज भी पांकी में शोषण दमन कम नहीं हुआ है। बजरंगी प्रजापति नेपथ्य में रह कर सामंती शक्तियों से ताउम्र लड़े और समाज को आगे बढ़ाने में मरते दम तक महती भूमिका निभायें। सामाजिक संगठन से जुड़ कर समाज में हो रहे दमन को रोकने मुकाबले करने हर मोर्चे पर अपना जान जोखिम में डाले। अपने मित्र के बेटी चंदा की जब हत्या हुई तो प्रजापति संगठन के पलामू जिला अध्यक्ष से मिल कर सहयोग लिया और हत्यारे को सलाखों के पीछे डालने का काम किया, लड़ाई को निर्णायक मोड़ तक ले गये। ऐसी अनेकों घटनाएं है जिसको बजरंगी प्रजापति अपने नेतृत्व में मुखर होकर मुंहतोड़ जवाब दिया और जंग को जीते। एक सामान्य बीमारी लकवा उनको अपना ग्रास बनाया और 2022 के 31 दिसंबर को जाते साल के साथ ही अहले सुबह काल के गाल में चले गये। इस अपूरणीय क्षति से इलाके में शोक की लहर दौड़ गयी, समाज सकते में आ गया। इस अपूरणीय क्षति को कभी हम भरपाई नहीं कर सकते हैं। जनवितरण के दुकान से जिंदगी को शुरूआत करने वाला व्यक्ति आज महापुरुष बन गया। चाहने वालों के दिल और दिमाग पर बजरंगी प्रजापति के विचार ऐसे छाया की आज उनकी स्मारक बन कर तैयार है।

झारखंड कुम्हार समन्वय समिति पलामू द्वारा उनके प्रतिमा को लगाया गया। इसकी प्रखंड कमिटी पांकी भूमिका निभाया। प्रतिमा अनावरण समारोह में बतौर अनावरणकर्ता माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने आदमकद प्रतिमा व शिलापट्ट से पर्दे को खींच कर लोकार्पण किया। दिवंगत बजरंगी प्रजापति के पत्नी के साथ प्रतिमा पर माल्यार्पण पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किए गगनभेदी नारे लगाए। पांकी प्रखंड कमिटी के लोगों ने शानदार स्वागत किए शोक को शक्ति में बदले पुष्पगुच्छ अंगवस्त्र देकर स्वागत किए। कमिटी के वरिष्ठ साथी और उनके समकालीन सदस्य संविधान निमार्ता बाबा साहेब आंबेडकर के मूर्ति को देकर बजरंगी जी के विचारों को आगे बढ़ाने की अर्जी लगाए। श्रद्धांजलि सभा सह अनावरण समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हमने कहा बजरंगी प्रजापति के प्रतिमा क्रांति के तलवार के धार को तेज करेगा और समाज को आगे बढ़ने की निरंतर प्रेरणा देता रहेगा। हम सबों की नैतिक जवाबदेही है उनके विचारों को प्रसारित करें। विनम्र श्रद्धांजलि।

# सामाजिक कार्यकर्ताओं की पहल पर डायन बिसाही के मामले सुलझे



दो पक्षों के विवाद को सुलझाते सामाजिक कार्यकर्तागण।

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** डायन-बिसाही मामलों को रोकने के लिए सरकार कई जागरूकता अभियान चलाएं हैं। लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी विशेष असर नहीं पड़ रहा है। इसके खिलाफ सरकार ने कड़े कानून भी बनाये हैं, लेकिन जागरूकता की कमी और अंधविश्वास के कारण यह प्रयास पूरी तरह सफल नहीं हो पा रहा है। इसी तरह के पलामू जिले के हरिहरगंज प्रखंड अंतर्गत ग्राम तरवन खुर्द में अशिक्षा और अंधविश्वास के कारण सुरेश राम की पत्नी कलपतिया देवी को बीते कई सालों से डायन कह कर प्रताड़ित किया जा रहा था। आखिरकार वह पुलिस की सहयोग ली। वहीं समय रहते मामले में पुलिस ने हस्तक्षेप कर भगरतिया देवी, लालबंश राम, मंटू राम और पिंटू राम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। अब वे लोग समझौते पर सहमति जतायी है। इसमें पीड़ित के पुत्र डॉक्टर नरेंद्र प्रियदर्शी ने पहल की और सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की।

वहीं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बीते मंगलवार को बैठक कर समझाया और कहा कि डायन-बिसाही जैसे कुरीतियों से समाज का कल्याण नहीं हुआ है। इससे आपस में ही विवाद उत्पन्न होगा। साथ ही आर्थिक और आपसी विवाद बढ़ेंगे।

बैठक में सामाजिक कार्यकर्ता राजीव रंजन, संजय गुप्ता, सपा नेता कमलेश यादव, आरपी बौद्ध, सूरजमल रवि, श्याम सुंदर देहाती, अवधेश राम, जनेश्वर रवि, सरयू मेहता, बलराम मेहता, रंजीत पासवान, सुरेंद्र पासवान, रामप्रसाद राम, महेश राम, रामजी यादव, प्रमोद यादव, उमेश भुइयां, केदार कुमार रवि, लक्ष्मण राम, दिलकेश्वर राम, विनोद बैठा, रवि कुमार, बालचंद राम समेत कई लोग शामिल थे। जिसमें डॉ नरेंद्र प्रियदर्शी का भूमिका रहा।

# सहायक अध्यापक रामजी प्रसाद का निधन, लोगों ने दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता



रामजी प्रसाद की फाइल फोटो।

**छतरपुर(पलामू)।** छतरपुर प्रखंड के न्यू प्राथमिक विद्यालय कोकरो के सहायक अध्यापक सह सचिव रामजी प्रसाद 50 वर्ष का मंगलवार की रात निधन हो गया। रामजी प्रसाद कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। दुर्भाग्यवश, बीमारी के दौरान उनकी सेवाओं को अवैध घोषित कर दिया गया था, बीमारी के कारण उनकी आर्थिक स्थिति भी कमजोर हो चुकी थी। इलाज करवाने के लिए उनके पास पैसों का भारी अभाव हो चुका था। समाज के अन्य लोगों ने उनके इलाज के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान किया था। श्री प्रसाद का बीती रात लगभग 12 बजे उनका निधन हो गया।

उनकी मृत्यु की खबर से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गयी। रामजी प्रसाद अपने पीछे पत्नी और बच्चे सहित परिवार छोड़ गए हैं, जिनका रो-रोकर बुरा हाल है। यह घटना पूरे क्षेत्र के लिए बेहद दुखद है।

## दुगोला का हुआ आयोजन

**रंका (आजाद सिपाही)।** रांका अनुमंडल प्रखंड अंतर्गत ग्राम बाहाहारा के माटी के लाल स्वतंत्रता सेनानी फेतल सिंह के शहादत दिवस 31 दिसंबर की रात्रि में दुगोला संगीत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा नेता पूर्व जिला परिषद सदस्य मुरारी यादव, मनोज कुमार ठाकुर, रविंद्र शाह और फेतल सिंह के वंशज के लोगों ने फीता काटकर किया। इस दुगोला कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने लोगों का रात भर मनोरंजन किया। इस मौके पर मनोज ठाकुर ने बताया की स्वतंत्रता सेनानी जल, जंगल और जमीन के लड़ाई लड़ने वाले स्वतंत्रता सेनानी वीर फेतल सिंह के जीवनी पर भी प्रकाश डाला गया। इस मौके पर सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे

# चोरों ने की दो घरों में नगदी सहित लाखों रुपये की आभूषण चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत कुलहीया पंचायत के दो घरों में बीते मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने नगदी सहित लाखों रुपये मूल्य के सोने चांदी के कई आभूषण की चोरी कर ली। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि लादी वादी ग्राम निवासी द्वारिका रजक और फुलवरिया टोला निवासी रविन्द्र यादव के घर अज्ञात चोरों ने चोरी की है। इसकी जानकारी भुक्तभोगियों के द्वारा स्थानीय थाना पुलिस को दे दी गयी है। यह बताया गया कि द्वारिका रजक के घर से नगद और आभूषण सहित 47 हजार रुपये तथा रविंद्र यादव के घर से नगद और आभूषण सहित 3.10 लाख रुपये से अधिक की चोरी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद चोरों ने गांव के समीप आहार (खेत) में बक्सा और अन्य सामान फेंका हुआ पाया गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। उधर राजद के जिला महासचिव संजय कुमार यादव ने चोरी के मामले में जल्द उद्भेदन करने की मांग की है।

# नपं बनने से 13 जल सहिया बेरोजगारी का झेल रही हैं दंश

आजाद सिपाही संवाददाता


**हरिहरगंज/पलामू।** 2019-20 में हरिहरगंज शहर नगर पंचायत घोषित होने के बाद से ग्रामीण विकास विभाग में स्वच्छ भारत मिशन के तहत 2011 से काम कर रही 13 जल सहिया आज बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। उनके उपर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गई है। इस दौरान एक जल सहिया वीणा कुमारी हरिहरगंज नपं कार्यालय पहुंच कर महिला प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष कुशवाहा संगीता से विधायक संजय सिंह यादव के नाम आवेदन देकर समस्या से निदान की मांग की है। जल सहिया वीणा कुमारी ने बताया कि शौचालय निर्माण से जागरूकता अभियान तक पूरी ईमानदारी के साथ हम लोगों ने काम की है। नगर पंचायत बनने से बेरोजगार बन बैठे हैं। मानदेय एक हजार ही प्रति माह मिलता था पर हम लोगों के पास कुछ आधार था।




नपं कार्यालय के समक्ष जानकारी देती जल सहिया वीणा कुमारी।

# सांसद की पहल: नये साल में बहुरेंगे सिंचाई परियोजना का खंडहर बना निरीक्षण भवन

आजाद सिपाही संवाददाता



सांसद विष्णु दयाल राम।

**हैदरनगर।** पलामू जिले के मोहम्मदगंज स्थित उतर कोयल सिंचाई परिसर के पहाड़ पर सन 1972 में बने निरीक्षण भवन के दिन बहुरने के आसार बढ़े हैं। सांसद विष्णु दयाल राम की पहल के बाद खंडहर में तब्दील इस भवन का कायाकल्प बदलेगा। उन्होंने गत सप्ताह ही इन क्षेत्रों में केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन के साथ दौरा भी किया था। जिसमें उन्होंने अवलोकन के बाद बताया है कि भ्रमण और प्राकृतिक सौंदर्य स्थल के रुप में भौंराहा पर्वत मध्य में स्थित खंडहरनुमा पर्वतीय निरीक्षण भवन के दिन निश्चित बहुरेंगे। इसके संरक्षण के अभाव में खंडहर में परिवर्तित होने की जानकारी उन्होंने लेने के बाद गंभीरता से लिया गया है। सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि शीघ्र ही संबंधित विभागीय अभियंताओं की टीम इसका मुआयना कर इसके कायाकल्प को लेकर प्राक्कलन बनाकर काम करायेगी। इसमें पर्वतीय निरीक्षण भवन का पुनरुद्धार कार्य, निरीक्षण भवन तक जाने के सड़क का पुननिर्माण, सुलभ शौचालय, पेयजल की समुचित सुविधा, सुव्यवस्थित पार्क, कैंटीन, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं के साथ आकर्षक पर्यटक स्थल के रुप में विकसित करने की योजना है।

## अवैध घोषित पारा शिक्षकों में एक की बीमारी से मौत

**छतरपुर (आजाद सिपाही)।** पलामू जिले के छतरपुर प्रखंड में अवैध घोषित 512 शिक्षकों में एक 50 वर्षीय रामजी प्रसाद की मंगलवार मौत हो गयी। गत चार माह से जिंदगी के लिए मौत से लड़ रहे रामजी प्रसाद की मौत रांची के निजी अस्पताल में हुई। वे कोकरो गांव के न्यू प्राथमिक विद्यालय में बतौर सहायक शिक्षक सह सचिव के रूप में कार्यरत थे। बीमारी के कारण उनकी जमा पूंजी भी खत्म हो गई। पैसे के अभाव में तीन माह से घर पर इलाज करवा रहे थे। सहायक शिक्षक संघ ने सहयोग के लिए सोशल मीडिया अपील जारी किया। इसे बाद सहयोग से एक लाख से अधिक रुपये इकट्ठा हुए तब उन्हे रांची में भर्ती कराया गया। उनका लीवर डैमेज हो गया था। सहायक शिक्षक संघ ने शेष 511 अवैध घोषित पारा शिक्षकों की सेवा बहाल करने के लिए पुनर्विचार करने का आग्रह किया है।

## तापमान में उत्तरोत्तर गिरावट, कनकनी बढ़ी

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** तापमान में उत्तरोत्तर गिरावट के कारण कनकनी बढ़ती जा रही है। बुधवार को पिछले 24 घंटे के अंतराल में तापमान में दो डिग्री से अधिक गिरावट दर्ज की गयी। सोमवार सुबह पलामू का न्यूनतम तापमान 15.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मंगलवार सुबह तक तीन डिग्री से अधिक की गिरावट के साथ यह 11.8 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। जबकि बुधवार सुबह दो डिग्री लुढ़कर तापमान 9.8 डिग्री सेल्सियस रहा। तापमान में लगातार गिरावट व धुंध का नागरिकों की दिनचर्या पर व्यापक प्रतिकूल असर पड़ रहा है। ठंड का प्रकोप बढ़ जाने से मार्निंग वाक पर जाने वाले लोगों की संख्या में कमी दर्ज की गयी है। कनकनी बढ़ जाने के कारण विशेषकर बच्चों व बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर देखा जा रहा है। इससे शीतजनित बीमारियों का प्रकोप भी बढ़ गया है। चिकित्सकों ने ऐसे मौसम में लोगों को खानपान सहित रहन-सहन में विशेष सावधानी बरतने का परामर्श दिया है।

# नववर्ष पर दिखा उत्साह, पिकनिक स्थल रहे गुलजार

**लंगरकोट पहाड़ स्थित शिव मंदिर प्रांगण के अलावा महुडंड सहित हुसैनाबाद के पहाड़ी भाग में भी ग्रामीण क्षेत्र के लोग पिकनिक का आनंद लेते देखे गये**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** नववर्ष के मौके पर हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न पिकनिक स्पॉटों पर युवाओं की काफी भीड़ देखी गयी। साउंड पर जगह जगह युवा थिरकते नजर आये। सर्वाधिक देवरी सोननदी तट, दंगवार सूर्य मंदिर के समीप सोननदी तट, मोहम्मदगंज के भीम चुल्हा पर दिखी। देवरी स्थित सोन नदी के बीचों बीच डीला पर जपला शहर के सैकड़ों युवाओं ने अपनी अपनी टोली बनाकर नये वर्ष का आनंद लिया। युवक डीजे साउंड पर जमकर नाचते भी देखे गये। युवाओं ने बताया कि नये वर्ष के आगाज में सुबह से ही सोन नदी के बीचों बीच डीला पर नाव के सहारे पिकनिक मनाने के लिए पहुंच गये थे। देर शाम तक मुर्गा मसलम के साथ जमकर खुशी का इजहार किया गया। लंगरकोट पहाड़ स्थित शिव मंदिर प्रांगण के अलावा महुडंड सहित हुसैनाबाद के पहाड़ी भाग में भी ग्रामीण क्षेत्र के लोग पिकनिक का आनंद लेते देखे गये। वहीं महिला व बुजुर्ग अहले सुबह से ही विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना कर नये वर्श की शुरूआत की।


इस मौके पर मध्य रात से ही 2025 का आगाज के साथ एक दूसरे को लोग बधाइयां देते भी देखे गये। आईएएस सह एसडीओ कृष्णकांत कनवाड़िया के निर्देश पर सभी पिकनिक स्पॉट पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल के जवान मुस्तैद रहे। अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी और ओपी प्रभारी पेट्रौलिग करते दिखे। वहीं नववर्ष पर मोहम्मद गंज व हैदरनगर के विभिन्न पिकनिक स्पॉट पर भी युवाओं की काफी भीड़ देखी गयी। पिकनिक का आनंद लेते देखे गये।

# स्पोर्ट्स



बुमराह ने टेस्ट रैंकिंग में बनाया नया रिकॉर्ड, 907 रेटिंग पॉइंट्स के साथ नंबर-1, यशस्वी ने करियर की बेस्ट रैंकिंग हासिल की, यशस्वी ने करियर की बेस्ट रैंकिंग हासिल की।

# ऑस्ट्रेलिया में टीम इंडिया की परफॉर्मेंस से गंभीर नाराज, कहा- बहुत हुआ, अब मेरे प्लान से खेलना होगा, नहीं तो थैंक यू



**स्पोर्ट्स डेस्क।** मेलबर्न टेस्ट में हार के बाद भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने खिलाड़ियों की परफॉर्मेंस को लेकर नाराजगी जाहिर की है। इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार हार के बाद खिलाड़ियों के ड्रेसिंग रूम में लौटने के तुरंत बाद गंभीर ने पूरी टीम से कहा कि अब बहुत हो गया।

गंभीर ने खिलाड़ियों के गलत शॉट सिलेक्शन पर भी नाराजगी जतायी। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना न्यूट्रल गेम खेलने का बहाना बनाने वाले खिलाड़ियों को स्पष्ट संदेश दिया कि उनको सिचुएशन के हिसाब से खेलना होगा।

गंभीर ने कहा है कि खिलाड़ियों को अपने तरीके से खेलने के लिए 6 महीने का समय दिया था, लेकिन अब यह सब खत्म हो गया है। अब से जो भी खिलाड़ी टीम के लिए मेरे प्लान के अनुसार नहीं खेलेंगे, उन्हें थैंक यू कह दिया जायेगा।

**गंभीर टीम में पुजारा को चाहते थे :** गंभीर ने इस सीरीज में चेतेश्वर पुजारा की वापसी की मांग की थी। गंभीर चाहते थे कि पुजारा टेस्ट टीम में वापस आयें, लेकिन सिलेक्टर्स ने मना कर दिया। 36 साल के पुजारा ने पिछले दो ऑस्ट्रेलियाई दौरे में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी।

उन्होंने 2018 के दौरे में सात पारियों में सबसे ज्यादा 521 रन बनाए थे। उन्होंने 21 के दौरे में भी 271 रन बनाए थे। पुजारा को गाबा टेस्ट में उनकी अहम भूमिका के लिए याद किया जाता है, जहां उन्होंने भारत को जीत दिलाने के लिए 211 गेंदें खेली थीं।

पुजारा ने 2018 के दौरे में सात पारियों में सबसे ज्यादा 521 रन बनाए थे।

**मेलबर्न में आखिरी दिन हारा भारत :** भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का चौथा टेस्ट 184 रन से हार गयी। इस हार के बाद टीम 5 मैचों की सीरीज में 1-2 से पिछड़ गयी है। आखिरी मुकाबला सिडनी में 3 जनवरी से खेला जायेगा।

**WTC फाइनल की राह और कठिन :** इस हार के बाद भारत की वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने की राह और कठिन हो गई है। टीम 52.78% पॉइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर है। जबकि ऑस्ट्रेलिया 61.46% लेकर दूसरे स्थान पर है। साउथ अफ्रीका की टीम 66.67% पॉइंट्स के साथ फाइनल में पहुंच चुकी है।

# बुमराह ने टेस्ट रैंकिंग में बनाया नया रिकॉर्ड

## 907 रेटिंग पॉइंट्स के साथ नंबर-1, यशस्वी ने करियर की बेस्ट रैंकिंग हासिल की

**स्पोर्ट्स डेस्क।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ICC टेस्ट बॉलिंग रैंकिंग में 907 रेटिंग पॉइंट्स पाने वाले पहले भारतीय बन गये हैं। ICC ने बुधवार को रैंकिंग जारी की, जिसमें उन्होंने यह कारनामा किया। बुमराह ने पिछले सप्ताह 904 रेटिंग के साथ रविचंद्रन अश्विन के रिकॉर्ड की बराबरी की थी। अश्विन को दिसंबर 2016 में इतने रेटिंग पॉइंट्स मिले थे। उधर, आइसीसी मेंस टेस्ट बैटिंग रैंकिंग में यशस्वी जायसवाल ने एक स्थान ऊपर चढ़कर करियर की बेस्ट रैंकिंग हासिल की है। वे नंबर-4 पर पहुंच गये हैं।

**बॉलिंग रैंकिंग में रबाडा दूसरे नंबर पर :** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जारी सीरीज में अब तक बुमराह ही टॉप विकेट टेकर हैं। उन्होंने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के चार शुरूआती मैचों में 30 विकेट लिए हैं। उनका औसत भी 12.83 का रहा है। वे टेस्ट रैंकिंग में टॉप पर बरकरार है। ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड (843) इस समय दूसरे और पैट कमिंस (837) तीसरे स्थान पर हैं।

**यशस्वी जायसवाल को एक स्थान का फायदा :** मेलबर्न में दोनों पारियों में अर्धशतक लगाने वाले भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल 854 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड को पीछे छोड़ा। इंग्लैंड के जो रूट पहले स्थान पर बने हुए हैं। दूसरे नंबर पर इंग्लिश ऑलराउंडर हैरी ब्रुक हैं। न्यूजीलैंड के केन विलियम्सन तीसरे स्थान पर बरकरार हैं।

टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में रवींद्र जडेजा टॉप पर बरकरार हैं। दूसरे नंबर पर बांग्लादेश के मेहदी हसन हैं। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को चार स्थान का फायदा हुआ है। वे तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। साउथ अफ्रीका के मार्को यानसेन चौथे नंबर पर हैं।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 02 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in



# कोयलांचल में शव मिलने से थाने के पास टायर जलाकर किया विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** शहर के बैंक मोड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत विकास नगर में बुधवार की सुबह एक युवक का शव नाले के पास मिला। शव की पहचान विकास नगर निवासी रवि कुमार राय के रूप में हुइ। शव मिलने के बाद युवक की मां विभा देवी ने हत्या का आरोप लगाया है। शव बरामदगी के बाद मृत युवक के परिजन और स्थानीय लोग उग्र हो गये और बैंक मोड़ थाने के पास टायर जलाकर आगजनी करने लगे। जिसके बाद बैंक मोड़ पुलिस ने उन्हें समझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन मृतक युवक के परिजन प्रदर्शन करते रहे। जिसके बाद बैंक मोड़ पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। पुलिस ने लोगों को खदेड़-खदेड़ कर पीटा। घटना को लेकर पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है। लोग उसे सामने लाकर पूछताछ करने की मांग पर अड़े थे। हिरासत में लिए गये युवक को ले जाने के बाद बैंक मोड़ थाने के बाहर भारी संख्या में भीड़ जमा हो गयी और भीड़ ने हिंसक रूप लेते हुए आगजनी शुरू कर दी। जिसके बाद मामले को शांत करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। वही परिजनों ने यह भी बताया कि युवक रवि कुमार की पत्नी गर्भवती है। जबकि हत्या का आरोप आकाश नामक युवक पर है। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ कर रही है। गिरफ्तारी के बाद आकाश के परिजन बैंक मोड़ थाने पहुंचे और हंगामा करने लगे।

## गिरिडीह से लापता युवक की डैम में मिली लाश

गिरिडीह (आजाद सिपाही)। जिले के पचम्बा थाना क्षेत्र के खरियोडीह डैम में बुधवार को एक शख्स की लाश मिली है। मृत युवक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पपरवाटांड़ निवासी 35 वर्षीय पंकज दास ऊर्फ चंदन दास के रूप में की गयी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। शनिवार से लापता था युवक। जानकारी के अनुसार चंदन दास मजदूरी का काम करता था और शनिवार से लापता था। इसे लेकर पंकज की मां सीमा देवी ने थाना में लिखित शिकायत की थी।

## रक्तदान है महादान निष्प्राण को दे जीवन दान: सतपाल सिंह ब्रोका



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बड़ा गुरुद्वारा बैंक मोड़ धनबाद में माता गुजर कौर जी चार साहिबजादे की शहादत को नमन करते हुए और श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज जी के प्रकाश पर्व को समर्पित खून दान कैंप आयोजित किया गया। जिसमें 38 प्राणियों ने रक्त देने के लिए जांच कराया जिसमें से आठ लोग उपयुक्त नहीं पाये गये रक्त देने हेतु 30 पुरुष और महिलाओं ने रक्तदान किया। रक्त जरूरतमंदों के लिए एसएनएमएमसीएच को दिया गया। रक्तदान करने के उपरांत रक्तदाता समाजसेवी सतपाल सिंह ब्रोका ने 50 से ऊपर रक्तदान कर चुका हूं। बताया रक्तदान करने से गंभीर बीमारियां जैसे लीवर, पेट, फेफड़े, कोलन और गले के कैंसर का खतरा कम हो जाता है। जब हम रक्तदान करते हैं तो हमारा शरीर खून की कमी को पूरा करने के लिए काम करता है यह प्रक्रिया नहीं रक्त कोशिकाओं के उत्पादन को उत्तेजित करती है। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी है के खतरे को काम करता है, रक्तदान वजन घटाने और फिटनेस को इंप्रूव करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रक्तदान करना चाहिए यह एक प्रकार का सामाजिक कार्य भी है ऐसे में दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति के लिए और ब्लड की सख्त जरूरत वाले जीवन को भी बचाने में कारगर साबित होता है। शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के डॉक्टर प्रोफेसर अजय कुमार, डॉक्टर स्मृति कुमार, टेक्नीशियन संजीव कुमार, शिव प्रसाद महतो, नीलम कुमारी, मरियम खातून, राजू महतो और शंभू साहनी थे । रक्तदान करने वालों में जितेंद्र सिंह, कमलजीत सिंह, तेजपाल सिंह, बलजीत कौर, सर्बजीत कौर, हरविंदर कौर, शरणजीत कौर आदि थे।

## सात दिवसीय भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** धनसार मोड़ स्थित सिद्धिविनायक होटल में सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन धूमधाम से शुरू हो गया। कथा का शुभारंभ बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ, जो शक्ति मंदिर से निकाली गयी। इस यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और भक्ति के रंग में झूमते-नाचते नजर आये। कलश यात्रा के दौरान गाजे-बाजे की धुन पर राधा-कृष्ण के रथ पर सजीव झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाते हुए इस यात्रा को और पवित्र बना दिया। भागवत कथा के दौरान प्रसिद्ध कथावाचिका जया किशोरी अपनी अमृतमयी वाणी से भक्तों को कृष्ण की लीलाओं और धर्म का संदेश देंगी।

आयोजन स्थल को पूरी तरह से भक्ति मय वातावरण में सजाया गया है। कथा के दौरान भक्तों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। आयोजन समिति के अनुसार,तीन दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्तों के शामिल होने की उम्मीद है। पूरा धनबाद इन दिनों भक्ति की लहर में डूबा रहेगा। कलश यात्रा और कथा के इस आयोजन ने शहर में एक नयी ऊर्जा का संचार किया है। श्रद्धालुओं ने इसे एक अनोखा अवसर बताते हुए कहा कि जया किशोरी की कथा सुनना उनके जीवन का सौभाग्य है। धनबादवासियों के लिए यह आयोजन आध्यात्मिक ऊर्जा से भरने वाला है।

## झारखंड के खिलाड़ी राष्ट्रीय पिकलबॉल रैंकिंग टूर्नामेंट में दिखायेंगे दमखम



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** पिकल बाल झारखंड एसोसिएशन के उपाध्यक्ष बी सुधीर ने बताया कि भुवनेश्वर में तीन से पांच जनवरी तक आयोजित होने वाले आरवाईएफ राष्ट्रीय पिकलबॉल रैंकिंग टूर्नामेंट में झारखंड के 35 खिलाड़ी राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। झारखंड पिकलबॉल संघ के सचिव प्रभात कुमार के नेतृत्व में यह दल राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगा। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में झारखंड के अनुभवी खिलाड़ी और ऑल इंडिया पिकलबॉल के वरिष्ठ सदस्य गौरव कुमार भी मैदान पर उतरेंगे। उनके साथ मुंबई में संपन्न वर्ल्ड पिकलबॉल चैंपियनशिप के गोल्ड मेडलिस्ट सोनू कुमार विश्वकर्मा भी अपनी चुनौती पेश करेंगे। इसके अलावा रांची जिमखाना क्लब के खिलाड़ी दीपक अग्रवाल, सुचेता, प्रचेता, शशि कुमार, जैद, दीपक, जिगर, और अन्य खिलाड़ी भी टूनार्मेंट में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। झारखंड पिकलबॉल संघ ने खिलाड़ियों की तैयारी और रणनीति को लेकर व्यापक योजना तैयार की है। संघ के उपाध्यक्ष बी सुधीर ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें प्रेरित किया कि वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें और राज्य के लिए सम्मान अर्जित करें। झारखंड के खिलाड़ियों के इस प्रयास से न केवल खेल को बढ़ावा मिलेगा बल्कि राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान भी मिलेगी।

## खरसावां गोलीकांड के शहीद को दी गयी श्रद्धांजलि



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** शहर के सेक्टर 12 स्थित जयपाल नगर में आदिवासी समुदाय ने खरसावां गोलीकांड के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान शहीद स्मारक की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर याद किया। अध्यक्षता रेंगो बिरूआ ने किया। मौके पर योगो पूर्ती ने कहा कि एक जनवरी के दिन ही खरसावां हाट में 50 हजार से अधिक आदिवासियों की भीड़ पर ओड़िशा मिलिटरी पुलिस ने अंधाधुंध गोलीबारी की थी। जिसमें 25 से 30 हजार लोग शहीद हुए। इस सभा स्थल में संविधान सभा के सदस्य जयपाल सिंह मुंडा स्वतंत्रता अधिनियम के तहत आदिवासी क्षेत्रों के करार की जानकारी देने पहुंचने वाले ही थे, लेकिन पुलिस ने भीड़ को घेर कर बिना कोई चेतावनी दिये निहत्थे लोगों पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। आगे बताया कि खरसावां के इस ऐतिहासिक मैदान में एक कुआं था, भागने का कोई रास्ता भी नहीं था। कुछ लोग जान बचाने के लिए मैदान में मौजूद एकमात्र कुएं में कूद गये, पर देखते ही देखते वह कुआं लाशों से पट गया। आदिवासी समुदाय के लोग खरसावां को आड़िशा में विलय किये जाने का विरोध कर रहे थे और खरसावां को बिहार में शामिल करने की मांग करे रहे थे। वक्ताओं ने कहा कि आदिवासी समाज अपने इतिहास को जानने की कोशिश करें। साथ ही नये साल के त्योहार को त्याग करते हुए अपने वीर शहीदों को नमन और याद करें। मौके पर फुलजेंट एक्का, सोनाराम गोडसोरा, संजय कुमार, रानी गोडसोरा, दर्शन पूर्ती, नानिका पुर्ति, बासमती सोय, शंभु सोय, लक्ष्मी पुर्ति, दर्शन पुर्ति, संतोषी कालुडियां, प्रतिमा आल्डा आदि उपस्थित थे।

# सड़क निर्माण में ठेकेदार की लापरवाही से ग्रामीण परेशान, विभाग ने दी सख्त चेतावनी

- चार करोड़ 81 लाख 34 हजार रुपये की लागत से बनना था सड़क
- डस्ट और गिट्टी युक्त सड़क में गिरकर लोग हो रहे घायल
- अक्टूबर 2023 तक बनना था सड़क जो अब तक नहीं हुई पूरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**पेटरवार।** बोकारो जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित कोह पंचायत के ग्रामीण इन दिनों सड़क निर्माण कार्य में हुई लापरवाही से काफी परेशान हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत लगभग 10 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण 4 करोड़ 81 लाख रुपये की लागत से किया जाना था। यह सड़क ओसाम से खैराजारा होते हुए मेरुदारू और चिरूवा बेड़ा तक बनायी जानी थी। हालांकि, इस परियोजना के तहत कार्य में लापरवाही और अनियमितताओं के कारण ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास अक्टूबर 2022 में किया गया था, और इसे अक्टूबर 2023 तक पूरा किया जाना था, लेकिन निर्माण कार्य की धीमी गति और ठेकेदार की लापरवाही के कारण यह समय पर पूरा नहीं हो सका। संवेदक श्याम बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड को यह जिम्मेदारी सौंपी गयी थी। शुरूआत में गिट्टी और डस्ट की परत बिछाई गयी, लेकिन लंबे समय तक कार्य बंद पड़ा रहा। डेढ़ साल बाद जब सड़क का कालीकरण शुरू हुआ, तो उसकी गुणवत्ता इतनी खराब थी कि निर्माण के कुछ महीनों के भीतर ही सड़क जगह-जगह से उखड़ने लगी। ग्रामीणों ने बताया कि कई स्थानों पर अभी तक सड़क का निर्माण पूरा नहीं हुआ है। अधूरी और खराब सड़क के कारण दुर्घटनाओं की घटनाएं बढ़ गयी हैं। स्थानीय ग्रामीण जैसे दसरथ मुर्मू, शिवदयाल मरांडी, महावीर बेदिया, बिसनु देव बेदिया, बबलू बेदिया और मिसिरराम बेदिया, ने बताया कि अधूरी सड़क के कारण उन्हें आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यह सड़क कई गांवों को जोड़ने का मुख्य मार्ग है और पेटरवार जैसे बड़े बाजार तक जाने का एकमात्र विकल्प है। ग्रामीणों ने कहा कि पेटरवार जाने वाले छात्र-छात्राओं और सब्जी बेचने वाले ग्रामीणों को इस खराब सड़क के कारण बार-बार दुर्घटनाओं का शिकार होना पड़ रहा है। कई बार वाहन बड़े बड़े पत्थर में फस कर गिर जाते हैं। गिट्टी और डस्ट से भरे रास्तों पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार की लापरवाही और निर्माण कार्य में अनियमितता के कारण सड़क की यह स्थिति हुई है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और जिला प्रशासन से मांग की है कि दोषी ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई की जाए और जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य को पूरा किया जाये।

**मंत्री ने दिये सख्त कार्रवाई के निर्देश**

झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों से बात कर ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये। मंत्री ने कहा कि इस तरह की लापरवाही को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। सड़क नहीं बनने से लोगों को काफी कठिनाई हो रही है। सड़क निर्माण कार्य में गड़बड़ी करने वाले ठेकेदार पर कड़ी कार्रवाई होगी।जनता की समस्याओं को प्राथमिकता पर हल किया जायेगा, मंत्री ने कहा।

**ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने की तैयारी**

विभागीय सहायक अभियंता (एई) निहार रंजन ने बताया कि ठेकेदार श्याम बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड सड़क का निर्माण कार्य नहीं करती तो उसे ब्लैकलिस्टेड कर दी जायेगी । उन्होंने कहा कि ठेकेदार को पहले ही इस संबंध में चेतावनी दी जा चुकी है। फिर भी अगर सड़क का निर्माण नहीं करती तो ब्लैकलिस्टेड कर उसकी जमा पूंजी जप्त कर ली जायेगी।


**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
**(CIN No. U40108JH2013SGC001702)**
**ELECTRIC SUPPLY AREA, HAZARIBAG**
**JULU PARK, HAZARIBAG PIN - 825301**
e-mail id: general.manager12@gmail.com Phone/FAX : 06546-226949/ 272570

**e-Tender Notice**

Online tenders are invited from reputed manufacturers having adequate manufacturing capability & best testing facilities or their authorized dealers who are financially sound & from reputed & experienced suppliers/ firms authorized by such principal manufacturers for supply of the relevant materials confirming to standard specifications for the supply of under mentioned Electric Line Materials under **ADP** Head Approved Budget for F.Y. 2024-25.
All online tenders should be submitted online on www.jharkhandtenders.gov.in

**Group A:-** NIT no. 267/PR/JBVNL/2024-25

| Sl. No. | Particulars of Material | Unit Qty. | Total Qty. | EMD Amount in Rs. | Cost of BOQ (in Rs. including GST) | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 11 KV Pin Insulator 10 KN, OD 40 mm dia with Pin (Polymer Type) and nut & washer | Nos. | 7500 | | | |
| 2 | 11 KV B&S type Disc Insulator (Polymer Type) 70 KN with H/W fitting | Nos. | 2950 | | | |
| 3 | 33 KV Polymer Pin Insulators 10 KN with GI PIN | Nos. | 5000 | | | |
| 4 | Spike Earthing made of 20mm GI solid Rod | Each | 420 | | | |
| 5 | Rod type Earthing (25 mm Dia MS Rod 3 mtr long) | Set | 220 | | | |
| 6 | LT Pre insulated mid span joint suitable 50 mm2 Phases | Nos. | 55 | | | |
| 7 | LT Pre insulated mid span joint suitable 120 mm2 Phases | Nos. | 55 | | | |
| 8 | LT Pre insulated mid span joint suitable 70 mm2 Phases | Nos. | 55 | | | |
| 9 | Insulation piercing connector-Type-II (main 16-95 mm2 & tap 16-95 sq mm) | Nos. | 650 | | | |
| 10 | Insulation piercing connector branching suitable for T Joints | Nos. | 650 | | | |
| 11 | ACE CHEMROD ( Artificial Concept of Earthing by Chemical Rod ) :- ACE Chemrod Earthing Electrode (consisting mild steel galvanised pipe of size 2500 mm in length X 48 mm outer dia. X 2 mm thick, MS rod of size 2575 mm X 16 mm be welded with bottom. The epoxy insulator of not less than 100 mm length is to be fixed on top of mild steel galvanised pipe. A highly conductive substance is to be filled in residual gap between pipe and rod) with Highly conductive substances not less than 25 kg for soil treatment | Nos. | 85 | | | |
| 12 | 11 KV H.G. Fuse unit (polymer type) | Set | 200 | | | |
| 13 | GI stay set complete for D/s/s (1900x 20mm) with staywire 7/10 SWG and Guy insulator | Set | 400 | | | |
| 14 | Stay Set complete (1800x20mm) with stay wire 7/10 SWG & Guy Insulator (Galvanised) | Set | 400 | | | |
| 15 | 11 KV Stay Set Complete (1800x16 mm) with stay wire 7/10 SWG and guy insulator | Set | 400 | 2,40,000.00 | 11800.00 | Manufacturers/ Authorized Dealers/ Authorized Suppliers shall participate in this tender |
| 16 | Eye Hook | Nos. | 250 | | | |
| 17 | P G clamp for 150mm2 | Nos. | 500 | | | |
| 18 | P G clamp for 50mm2 | Nos. | 100 | | | |
| 19 | Aluminium binding wire | KG | 100 | | | |
| 20 | Anticlimbing Device(Barbed wire) 2x12 SWG | KG | 150 | | | |
| 21 | Suspension Clamp Suitable for 95 -150 Sqmm Bare Messenger (Including 1 No. Suspension Clamp with Bracket + 1.5 Mtr SS Strap + 2 Nos. SS buckle) | Set | 600 | | | |
| 22 | Suspension Clamp Suitable for 35 -95 Sqmm Bare Messenger (Including 1 No. Suspension Clamp with Bracket + 1.5 Mtr SS Strap + 2 Nos. SS buckle) | Nos. | 600 | | | |
| 23 | Suspension Clamp Suitable for 25 -70 Sqmm BareMessenger (Including 1 No. Suspension Clamp with Bracket + 1.5 Mtr SS Strap + 2 Nos. SS buckle) | Nos. | 600 | | | |
| 24 | Dead End Clamp Suitable for 95 -150 Sqmm Bare Messenger (Including 1 No. Dead End Bracket + 1 No. Dead End + 1.5 Mtr SS Strap + 2 Nos. SS buckle) | Set | 350 | | | |
| 25 | Dead End Clamp Suitable for 70 -95 Sqmm Bare Messenger (Including 1 No. Dead End Bracket + 1 No. Dead End + 1.5 Mtr SS Strap + 2 Nos. SS buckle) | Nos. | 350 | | | |
| 26 | Service main anchor clamp for proper support of service cable | Nos. | 350 | | | |
| 27 | Spring loaded CP multi conn bus-bar in insulated box Single Phase 1 in 9 out (Dist. Box for fixing on pole suitable for AB XLPE Cable) | Nos. | 375 | | | |
| 28 | Spring loaded CP multi conn bus-bar in insulated box Single Phase 1 in 6 out (Dist. Box for fixing on pole suitable for AB XLPE Cable) | Nos. | 375 | | | |

**Group B:-** NIT no. 268/PR/JBVNL/2024-25

| Sl. No. | Particulars of Material | Unit Qty. | Total Qty. | EMD Amount in Rs. | Cost of BOQ (in Rs. including GST) | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 33kv V Cross Arm for (100x50x6 mm)[GALVANIZED] (19.7 Kgs.) | Nos. | 200 | | | |
| 2 | 11kv V Cross Ar m (75x40x6 mm), [GALVANIZED] (14.6 Kgs.) | Nos. | 950 | | | |
| 3 | 11 KV Cross bracing for D P Structure[GALVANIZED] (51.7 Kgs.) | set | 100 | | | |
| 4 | 11kv D P Channel ( 75x40x6 mm) [GALVANIZED] (41.3 Kgs.) | Set(1set =2 no) | 100 | | | |
| 5 | 11kv Top Channel ( 75x40x6 mm) [GALVANIZ ED] (41.3 Kgs.) (1Set contains 2 Nos) | Set | 85 | | | |
| 6 | Transformer base Channel (100x50x6 mm)[GALVANIZED] (52.63 Kgs.)(1Set contains 2 Nos) | Set | 85 | | | |
| 7 | 11kv Channel for AB Switch( 75x40x6 mm) [GALVANIZED] (41.3 Kgs.) (1Set contains 2 Nos) | Set | 85 | | | |
| 8 | 11kv HG Fuse Channel ( 75x40x6 mm) [GALVANIZED] (41.3 Kgs.) (1Set contains 2 Nos) | Set | 85 | | | |
| 9 | MS Angle for LT Distribution bus (50x50x6 mm) [GALVANIZED] (1Pair contains 2 Nos) | Pair | 85 | | | |
| 10 | Transformer belting (50x50x6 mm) & belting support (40x40x6 mm)[GALVANIZED] (52.3 Kgs.) (1 Set contains 2 Nos) | Set | 85 | | | |
| 11 | 33 kv Pole Top Bracket 65x65x6 mm [GALVANIZED] (3.58 Kgs.) | Nos. | 600 | | | |
| 12 | 11kv Pole Top Bracket 50x8 mm [GALVANIZED] (2.2 Kgs.) | Nos. | 1100 | | | |
| 13 | Back clamp ( 50x6 mm) for V-cross arm [GALVANIZE D] (1.3 Kgs.) | Nos. | 600 | | | |
| 14 | Back clamp ( 50x6 mm) for Top Bracket [GALVANIZED] (1.3 Kgs.) | Nos. | 600 | | | |
| 15 | D P Channel Support Clamp ( 50x6 mm) feet ( 1 pair = 2no ) for 9 mtr 400kg PSC Pole[GALVANIZED] (1.5 Kgs. each) | Pair | 150 | 1,05,000.00 | 11800.00 | Manufacturers/ Authorized Dealers/ Authorized Suppliers shall participate in this tender |
| 16 | Clamp for Cross Bracing Set of 2 pair for 9 mtr 400kg PSC Pole[GALVANIZED] (1.3 Kgs.) | Set | 150 | | | |
| 17 | Support Clamp for V Cross Arm for 60kg Rail Pole[GALVANIZED] (1.6 Kgs. each) | set | 150 | | | |
| 18 | Support Clamp for V Cross Arm for 9 mtr 400kg PSC pole[GALVANIZED] (2.6 Kgs. each)(each set=2 no clamp) | set | 150 | | | |
| 19 | support clamp for AB switch(for pipe and handle) | set | 150 | | | |
| 20 | Support clamp for Cross Bracing for 9 mtr 400kg PSC Pole[GALVANIZED] (2.33 Kgs. each) | Pair | 150 | | | |
| 21 | Support Clamp for Top Channel 50x6 mm flat for 9 mtr 400kg PSC Pole[GALVANIZED] (3 Kgs.) | Pair | 150 | | | |
| 22 | Support Clamp for Transformer base Channel 50x6 mm flat for 9 mtr 400kg PSC Pole[GALVANIZED] (3 Kgs.) (1Set contains 2 Nos) | Pair | 150 | | | |
| 23 | Support Clamp for AB Switch Base Channel (50x6 mm) for 9 mtr 400kg PSC Pole[ GALVANIZED] (1Pair contains 2 Nos) | Pair | 160 | | | |
| 24 | Support clamp & channel for AB Switch handle (1 Set contains 2 Nos) | Set | 160 | | | |
| 25 | Clamp (50 x 6 mm) for Transformer base channel [GALVANIZED] (3.2 Kgs.) (1 Pair contains 2 Nos) | Pair | 160 | | | |
| 26 | GI Wire No. 8 | KG | 950 | | | |
| 27 | GI Wire No. 10 for earthing | KG | 950 | | | |
| 28 | GI Wire No. 8 for earthing | KG | 950 | | | |
| 29 | Pole clamp for I hook B type (0.8 Kgs. each) | Pair | 200 | | | |
| 30 | GI Base Plate for 33KV (500x500x10 mm) Avg weight 19.6kg/plate | Nos. | 50 | | | |
| 31 | Earth clamp for earthwire (50 x 6 mm)[GALVANIZED] (1.8 Kgs.) | Pair | 220 | | | |

**IMPORTANT SCHEDULE OF DATES FOR ABOVE NIT's**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | **Availability of tender document on website** | | **From 04.01.2025 to 24.01.2025 up to 18.00 Hrs.** |
| 2 | Date and time for submitting e-tender | | **From 04.01.2025 to 24.01.2025 up to 18.00 Hrs.** |
| 3 | Last date and time of submission of original DD or hard copy of SSI/NSIC Reg. Certificate towards Cost of BOQ & EMD etc. | | **25.01.2025 up to 17:00 Hrs.** |
| 4 | Date and time of opening of t ender (Techno - Commercial Cover) i.e. Cover-I | | **27.01.2025 at 14:00 Hrs.** |

1. Guidelines for online submission of bids can be downloaded from the website http://jharkhandtenders.gov.in
2. Interested bidders can download the bid from the website http://jharkhandtenders.gov.in
3. Bidders have to submit their bids online in electronic format with digital Signature. Bids without digital signature will not be accepted. No proposal (bid) will be accepted in physical form.
4. Bidders must ensure that scanned copies of all necessary documents including copies of cost of BOQ & EMD have been attached with bid.
5. Bidders have to produce the original Demand Draft or SSI/NSIC registration certificate for relevant items towards **tender fee & EMD** as mentioned in NIT to the Accounts Officer, Electric Supply Area, Hazaribag **before the cutoff date & time as mentioned in the NIT failing which bid will not be accepted.** The details of cost of documents, EMD specified in the tender documents should be the same as submitted online (scanned copies) otherwise tender will summarily be rejected.
   1. Tender Notice is also available on our website : www.juvnl.in
   2. For any clarification please contact : 06546 226949 & **9431135700**


स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager (Tech)
ESA, Hazaribag

PR 343371 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd) 24-25 (D)

# हरि बाबू कंभमपति कल लेंगे राज्यपाल के रूप में शपथ

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के नये राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति 3 जनवरी 2025 को शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह ओड़िशा के भुवनेश्वर में राजभवन के अभिषेक हॉल में होगा। रिपोर्टों के अनुसार, नये राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति को 3 जनवरी को उड़ीसा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश शपथ दिलायेंगे। हरि बाबू कंभमपति ओड़िशा के नये राज्यपाल नियुक्त किये गये हैं। उन्होंने रघुवर दास की जगह ली है, जिन्होंने ओड़िशा के राज्यपाल पद से इस्तीफा दे दिया था। इस नियुक्ति से पहले, कंभमपति जुलाई 2021 से दिसंबर 2024 तक मिजोरम के राज्यपाल के रूप में कार्यरत थे। 15 जून 1953 को आंध्र प्रदेश के प्रकाशम जिले में जन्मे कंभमपति की शैक्षिक पृष्ठभूमि काफी अच्छी है, उन्होंने आंध्र विश्वविद्यालय से बी टेक और एम टेक और पीएचडी की पढ़ाई पूरी की है।

## बलांगीर में नये साल पर तलवार से हमला, दो की हालत गंभीर



बलांगीर(आजाद सिपाही)। ओड़िशा के बलांगीर में तलवार से हमला होने से दो लोगों की हालत गंभीर हो गयी है। वारदात शहर के तुलसी नगर पाड़ा में हुई। पीड़ितों की पहचान मधुसूदन बागर्ती और अग्नि कुमार बिशी के रूप में हुई है। हमलावर मौके से भाग गए, जबकि पुलिस उनकी तलाश कर रही है। नये साल के स्वागत के लिए चल रहे कार्यक्रम के दौरान दो बदमाश बाइक पर आये और हंगामा मचाया। बाद में उन्होंने तलवारों से हमला कर दिया। हमले के बाद घायल हुए दोनों युवकों को इलाज के लिए बलांगीर के भीमा भोई मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गंजम जिले में ऐसी ही एक अन्य घटना में, जो गंजम जिले के रंभा पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत सबुलिया ओडीआरपी कॉलोनी में जीरो नाइट समारोह के दौरान हुई, गोली चलाई गयी और चाकू से हमला किया गया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि प्रेम प्रसंग के चलते गोली मारकर हत्या की गयी है। हमले में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी को अब ब्रह्मपुर एमकेसीजी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार चार युवकों ने गोली और चाकू से हमला किया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। इस मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# ओड़िशा पर्यटन का केंद्र बनेगा: उपमुख्यमंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा पर्यटन का केंद्र बनेगा। 2029 तक पर्यटन के मामले में ओड़िशा देश का तीसरा राज्य होगा। फिलहाल पर्यटन के मामले में ओडिशा 17वें नंबर पर है। 2025 तक इसकी रैंकिंग 17 से बढ़कर 7वें नंबर पर पहुंच जायेगी और 2029 तक ओडिशा तीसरे नंबर पर होगा, ऐसा बुधवार को उपमुख्यमंत्री प्रवती परिदा ने कहा। रिपोर्टों के अनुसार, उपमुख्यमंत्री पार्वती परिदा ने कहा कि वर्ष 2029 तक ओडिशा की रैंकिंग पर्यटन के मामले में अखिल भारतीय स्तर पर तीसरे स्थान पर पहुंच जायेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ओड़िशा के सबसे गुप्त रहस्य को उजागर किया जायेगा। एकल खिड़की के माध्यम से ओड़िशा आने वाले निवेशक ओड़िशा के विभिन्न हिस्सों को देख पायेंगे। हम कोरापुट और कालाहांडी जैसे क्षेत्रों की समृद्धि को दुनिया को दिखाने में सफल होंगे। उन्होंने कहा कि हम आतिथ्य की संस्कृति के साथ सभी का स्वागत करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि विकसित ओड़िशा का मूल आधार सुभद्रा योजना होगी। 2025 सुभद्रा (योजना) का वर्ष होगा। इस वर्ष लाभार्थियों को तीन बार सुभद्रा राशि मिलेगी। हमारे सामने कोई चुनौती नहीं है। सरकार आने वाली हर समस्या का समाधान करने के लिए तैयार है। लोगों की समस्या सरकार की समस्या है। हम सभी समस्याओं के समाधान का रास्ता खोजने के लिए सरकार के पास आये हैं। हमारी सरकार वादा नहीं, प्रतिबद्धता है। ओड़िशा में उत्कृष्टता की नींव 2025 में रखी जायेगी। अंग्रेजी नववर्ष का पहला महीना बहुत ही घटनापूर्ण होगा। हम इसे शब्दों से नहीं, बल्कि काम से दिखायेंगे, ऐसा उपमुख्यमंत्री ने कहा।

# नये साल के मौके पर भारी भीड़ के बीच पुरी में श्रद्धालुओं ने बैरिकेड तोड़कर श्रीमंदिर में प्रवेश किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**पुरी।** ओड़िशा के पुरी में नए साल के मौके पर भारी भीड़ के बीच श्रद्धालुओं ने श्रीमंदिर में प्रवेश करने के लिए बैरिकेड तोड़ दिए। घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है, हालांकि पुलिस को भीड़ को नियंत्रित करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि लाखों श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ के दर्शन के साथ अपना नया साल शुरू करने के लिए पुरी आए हैं। रिपोर्टों के अनुसार, आज 1 जनवरी को नववर्ष 2025 के दिन पवित्र शहर पुरी में प्रसिद्ध भगवान जगन्नाथ मंदिर, श्रीमंदिर के अन्य देवताओं के साथ भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा के दर्शन पाने के लिए पुरी में भारी भीड़ देखी गई है। कल रात 2 बजे से ही भक्तों ने दर्शन करना शुरू कर दिया था, जबकि लाखों की संख्या में भक्त मंदिर में दर्शन के लिए कतार में खड़े थे। लोगों को मंदिर में प्रवेश पाने के लिए काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। शायद इसी वजह से कुछ लोगों ने जल्दबाजी में मंदिर में प्रवेश करने की कोशिश की और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड को तोड़ दिया। सौभाग्य से, किसी व्यक्ति को चोट नहीं आई और भगदड़ जैसी स्थिति नहीं बनी। उल्लेखनीय है कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मंदिर में 60 प्लाटून पुलिस तैनात की गई है।

# ओड़िशा में नये साल का जश्न मनाने के लिए चिकन लेने जा रहे व्यक्ति की बेरहमी से हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**ढेंकनाल।** ओड़िशा के ढेंकनाल जिले के परजांग थाना क्षेत्र के बसोई गांव में एक परिवार का नववर्ष का जश्न उस समय दुखद घटना में बदल गया, जब परिवार के एक सदस्य को जानवरों की तरह दौड़ा-दौड़ा कर बेरहमी से मार डाला गया और शव को टुकड़ों में काट दिया गया। यह जघन्य अपराध उस समय हुआ जब गांव का राकेश सेठी अपने परिवार के साथ नये साल का जश्न मनाने के लिए बाजार से चिकन लेने जा रहा था, लेकिन गांव के ही मकू बिस्वाल नामक युवक ने उसका जानवरों की तरह पीछा किया और किसी अज्ञात कारण से उसे मौत के घाट उतार दिया। सूचना मिलने पर सेठी के बेटे और पत्नी उसे बचाने के लिए मौके पर पहुंचे, लेकिन मकू ने उन्हें धारदार हथियार से आतंकित कर दिया और कथित तौर पर उन पर हमला करने की कोशिश की, जिसके बाद वे अपनी जान बचाने के लिए भाग गये। सेठी के शरीर के कई टुकड़े कर दिये और उन्हें गांव की सड़क के बीच में फेंक दिया और मौके से भाग गया। बाद में, परजांग पुलिस स्टेशन से पुलिस की एक टीम मामले की जांच करने के लिए गांव पहुंची। उन्होंने सेठी के सिर, हाथ, पैर और शरीर के अन्य हिस्सों को जब्त कर लिया, जो उसकी हत्या के बाद बिखरे पड़े थे। वे मामले में कुछ सुराग पाने के लिए कुछ ग्रामीणों और सेठी के परिवार के सदस्यों से भी पूछताछ कर रहे हैं। इसके अलावा, हत्यारे मकू का पता लगाने और उसे पकड़ने के लिए एक अभियान भी शुरू किया गया है। अपने पति की हत्या के बारे में पत्रकारों को बताते हुए सेठी की पत्नी ने बताया कि वह ड्राइवर का काम करता था, लेकिन एक दुखद दुर्घटना में घायल होने के बाद पिछले दो महीनों से घर में ही रह रहा था। वह ठीक से चल नहीं सकता था, क्योंकि दुर्घटना के बाद ऑपरेशन के दौरान उसके पैरों में लोहे की छड़ें लगा दी गयी थीं। उसने दावा किया कि उसे अभी तक अपने पति की हत्या के पीछे का कारण पता नहीं है। इस बीच, स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि मकू बिस्वाल उन्हें डराता था और बिना किसी कारण के जान से मारने की धमकी देता था। उन्होंने उसकी तत्काल गिरफ्तारी और उसे मृत्युदंड देने की भी मांग की। बसोई ग्राम पंचायत के सरपंच जुगल किशोर साहू ने मांग की, गांव में जो भयानक अपराध हुआ, वह मेरी जानकारी के अनुसार ओड़िशा में कहीं और नहीं हुआ है। वह स्थानीय लोगों को धमकाता था और उसके जैसे लोग समाज में रहने के लायक नहीं हैं। उसे फांसी पर लटका देना चाहिए।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-
ई-निविदा सं.: C-710-RCGT-A-GCT.
1. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : रिचुघुटा-A (RCGT) स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) का पूरी तरह से रेलवे भूमि पर पैंतीस वर्ष (35 वर्ष) अर्थात 420 महीने की अवधि के लिए विकास। 2. रिचुघुटा स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) के विकास का लगभग लागत : ₹29,22,58,073/-. 3. ब्याने की राशि : ₹2,92,25,900/-. 4. निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय : ई-निविदा बंद होने की तारीख 22.01.2025 को 15:00 बजे। ई-निविदा खुलने की तारीख 22.01.2025 को 15:30 बजे से। 5. वेबसाइट का विवरण : http://www.ireps.gov.in. ई-निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।
रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/
पूमरे/धनबाद
पीआर/01825/डीएचएन/वा./टी/24-25/36



नव वर्ष 2025 के प्रथम दिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं देते मंत्री संजय सेठ।

## कटक में छह साल की बच्ची को हाइवा ट्रक ने कुचला हुई मौत



कटक (आजाद सिपाही)। नये साल 2025 की पहली सुबह ओड़िशा के कटक में एक दुखद घटना ने लोगों को झकझोर कर रख दिया। एक छोटी बच्ची की हाइवा ट्रक ने कुचलकर हत्या कर दी, जबकि उसके चाचा की हालत गंभीर है और उन्हें एससीबी मेडिकल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा जोबरा बैराज के पास हुआ। रिपोर्ट के अनुसार, एक छोटी लड़की अपने चाचा (मौसा) के साथ बाइक पर नये साल का जश्न मनाने जा रही थी, तभी कटक में जोबरा बैराज के पास एक हाइवा ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। ट्रक ने उन्हें बाइक से टक्कर मार दी, जिससे छोटी लड़की बाइक से गिर गयी और हाइवा ट्रक ने उसे कुचल दिया। चाचा को भी गंभीर चोटें आयी और उन्हें इलाज के लिए कटक के एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल ले जाया गया। घटना के बाद मालगोदाम पुलिस मौके पर पहुंची और घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है। मामले की आगे की जांच जारी है।

## ओड़िशा के बालासोर जिले में नये साल के दिन सड़क दुर्घटना में छह लोग घायल




जलेश्वर (आजाद सिपाही)। नये साल 2025 के आगमन पर लोग दूसरों को 'हैप्पी न्यू ईयर' की शुभकामनाएं दे रहे हैं, लेकिन कुछ लोग सड़क दुर्घटना का शिकार हो गये। यह दुर्घटना राज्य राजमार्ग संख्या 57 पर बेनुदा चौक के पास हुई। एक दुखद घटना में, एक जनवरी को नये साल के दिन ओड़िशा के बालासोर जिले में एक सड़क दुर्घटना में छह लोगों की हालत गंभीर हो गयी। रिपोर्ट के अनुसार, कुछ लोग पिकनिक मनाने जा रहे थे, तभी उनकी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। बोलेरो और महिंद्रा के आमने-सामने की टक्कर हो गयी। दोनों वाहन तेज गति से जा रहे थे, तभी आज सुबह बेनुदा चौक के पास उनकी आमने-सामने टक्कर हो गयी। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालत गंभीर होने पर चार लोगों को बालासोर जिला मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया। दुर्घटना के बाद एक वाहन का चालक फरार हो गया है।

## आइएमडी ने ओड़िशा में घने और हल्के से मध्यम कोहरे की चेतावनी जारी की

आजाद सिपाही संवाददाता


**भुवनेश्वर।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) ने ओड़िशा के विभिन्न जिलों के लिए घने और हल्के से मध्यम कोहरे की चेतावनी जारी की, जिसके बाद विशेष राहत आयुक्त (एसआरसी) के कार्यालय ने भी संबंधित अधिकारियों के लिए एहतियाती चेतावनी जारी की। विभाग ने कहा कि कल सुबह साढ़े आठ बजे तक अंगुल और कंधमाल जिले में एक या दो स्थानों पर घना कोहरा छाने की संभावना है। विभाग ने कहा कि राज्य के इन दो जिलों के लिए पीली चेतावनी जारी की गयी है। आइएमडी ने पूर्वानुमान लगाया है कि इस दौरान क्योंझर, मयूरभंज, ढेंकनाल, जाजपुर, खुर्दा, गंजम, गजपति, कालाहांडी और नयागढ़ जिलों में एक या दो स्थानों पर हल्का से मध्यम कोहरा छाने की भी संभावना है। उसने आगे कहा कि दो जनवरी की सुबह 8.30 बजे तक ओड़िशा के जिलों में शुष्क मौसम रहने की संभावना है। इसी तरह, दो जनवरी की सुबह 8.30 बजे से तीन जनवरी की सुबह 8.30 बजे तक क्योंझर, मयूरभंज, ढेंकनाल, जाजपुर, खुर्दा, गंजम, गजपति, कालाहांडी और नयागढ़ जिले में एक या दो स्थानों पर हल्के से मध्यम कोहरा छाने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक ने तापमान के बारे में बताया कि अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 26 डिग्री सेल्सियस और 15 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। एसआरसी ने कहा कि संबंधित जिले के पुलिस और परिवहन अधिकारी घने कोहरे के दौरान राजमार्गों पर वाहनों के नियंत्रित संचालन के लिए आवश्यक कदम उठा सकते हैं, ताकि किसी भी सड़क दुर्घटना से बचा जा सके।










# जनजातीय सलाहकार परिषद ने जनजातीय संपत्ति के हस्तांतरण को रोकने के प्रस्ताव को मंजूरी दी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा सरकार द्वारा राज्य में अनुसूचित जनजातियों के कल्याण और उन्नति से संबंधित मामलों पर सलाह देने के लिए गठित जनजातीय सलाहकार परिषद (टीएसी) ने आज जनजातीय संपत्ति के हस्तांतरण को रोकने के लिए अपनी मंजूरी दे दी। जनजातीय सलाहकार परिषद ने आज मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी की अध्यक्षता में आयोजित अपनी पहली बैठक के दौरान यह मंजूरी दी। इस बैठक में माझी ने सभी क्षेत्रों में आदिवासियों के लिए न्याय और अधिकार सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहरायी। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार, बैठक के दौरान अचल संपत्ति (अनुसूचित जनजातियों द्वारा) हस्तांतरण विनियमन, 1956 के विनियमन-2 में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। यहां यह ध्यान देने वाली बात है कि यह प्रस्ताव सबसे पहले 11 जुलाई 2023 को आदिवासी सलाहकार परिषद की बैठक में पेश किया गया था और बाद में 14 नवंबर 2023 को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इसे मंजूरी दी गयी थी। हालांकि, 29 जनवरी 2024 को हुई कैबिनेट की बैठक में इसे फिर से मंजूरी दी गयी। आदिवासी सलाहकार परिषद ने भी इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी, जिससे आदिवासी संपत्ति के हस्तांतरण पर प्रभावी रोक लग गयी। आने वाले दिनों में आदिवासी लोगों के जरूरी कामों जैसे शादी, उच्च शिक्षा या व्यवसाय के लिए ऋण की सुविधा के लिए वैकल्पिक प्रस्तावों पर चर्चा की जायेगी, और उन पर निर्णय लिया जायेगा। बैठक में मुंडारी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। इसके अलावा, अन्य आदिवासी भाषाओं को भी आठवीं अनुसूची में शामिल करने पर चर्चा हुई। ओड़िशा पेसा नियमों के मसौदे पर चर्चा की गयी, लेकिन आगे की चर्चा और निर्णय लेना आवश्यक समझा गया। विभिन्न स्तरों से आदिवासी प्रतिनिधियों को शामिल करते हुए एक राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गयी, और मुख्यमंत्री ने इन नियमों पर विस्तृत चर्चा करने की सलाह दी। उल्लेखनीय है कि ओड़िशा सरकार ने दो वर्षों के लिए जनजातीय सलाहकार परिषद का गठन किया है और उम्मीद है कि इस अवधि के दौरान परिषद कई महत्वपूर्ण निर्णय लेगी।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**